www.epaper.azadsipahi.in

04 नवंबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 11, अंक 16

'भारत के हम परिंदे, आसमां है हद हमारी'



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### सीजीएल पेपर लीक मामले में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल)-2023 के तहत 21 और 22 सितंबर को ली गयी परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआइ जांच को लेकर दायर प्रकाश कुमार एवं अन्य की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

## घाटशिला उपचुनाव : मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार, भाजपा पर साधा निशाना

# व्यापारी पहले पैर पकड़ेंगे फिर गर्दन : हेमंत सोरेन

- झामुमो गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों और मूलवासियों की पार्टी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सोमवार को झामुमो उम्मीदवार और स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जोरदार चुनावी सभा की। दोपहर करीब 2:20 बजे वे हेलीकॉप्टर से मुसाबनी स्थित कुईलीसुता मार्शल मैदान पहुंचे, जहां पहले से ही हजारों की भीड़ मौजूद थी। मंच पर पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद लोगों को संबोधित किया। हेमंत ने कहा कि एक ओर व्यापारियों की जमात है। दूसरी ओर झामुमो, जो गरीबों, मजदूरों, आदिवासियों और मूलवासियों की पार्टी है। व्यापारी लोग सिर्फ लेते हैं, देते नहीं हैं। अगर उन्हें जरूरत जरूरत पड़े, तो वह आपका पैर पकड़ लेंगे और काम निकल गया तो गर्दन पकड़ लेंगे। इसलिए जनता को तय करना है कि व्यापारी वर्ग के साथ जाना है या झामुमो के साथ। यह लड़ाई सिर्फ झारखंड की नहीं, बल्कि पूरे देश में आदिवासी और मूलवासी अस्तित्व की लड़ाई है।

सभा में परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, सांसद जोबा माझी, झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन, उनकी मां सूरजमनी सोरेन, विधायक संजीव सरदार सहित महागठबंधन के कई मंत्री, सांसद और प्रमुख नेता मौजूद थे।




### शिक्षा, रोजगार और अच्छी स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपचुनाव व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि आदिवासी-मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों और प्राथमिकताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आदिवासी और मूलवासियों के हितों को सर्वोपरि रखकर काम कर रही है। हमारी सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ अच्छी स्वास्थ्य सेवा भी दे रही है। आदिवासी-मूलवासियों की सरकार होने के नाते हमारा लक्ष्य है कि राज्य का हर वर्ग सशक्त हो।

### बंद पड़ी माइंस को फिर से चालू करेंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि घाटशिला के हर घर-परिवार और इलाके के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। यहां बंद पड़े माइंस को फिर से चालू करने की दिशा में भी सरकार गंभीरता से काम कर रही है। घाटशिला की जनता के दिलों में बसने वाले स्व. रामदास सोरेन के निधन के बाद यह उपचुनाव सामने आया है। उन्होंने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि स्व. रामदास दा हमेशा घाटशिला के विकास और रोजगार के लिए समर्पित रहे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे आगामी 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में झामुमो (गठबंधन) प्रत्याशी और स्व. रामदास दा के बड़े बेटे सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनायें।

## सीएम के प्रयास से 48 प्रवासी कामगारों की आज से वापसी



- ट्यूनीशिया में फंसे कामगार 4, 5 और 6 नवंबर को भारत के लिए रवाना होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की स्वदेश वापसी सुनिश्चित हो गयी है। साथ ही, सभी कामगारों के पारिश्रमिक का भुगतान भी प्रारंभ हो गया है। लार्सेन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा अब तक 30 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। कंपनी ने इन कामगारों की वापसी के लिए सभी हवाई टिकटों की व्यवस्था भी कर दी है। 4, 5 और 6 नवंबर को यह सभी कामगार ट्यूनीशिया से भारत के लिए रवाना होंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री को झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों के अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे होने की जानकारी ट्विटर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को भेजा था। जानकारी के अनुसार, ये सभी कामगार हजारीबाग (19), गिरिडीह (14) और बोकारो (15) जिलों के निवासी हैं। इन्हें पीसीएल प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड नामक कंपनी में काम करने के लिए भेजा गया था। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण ये कामगार आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया और ट्यूनीशिया में फंसे सभी कामगारों से संपर्क स्थापित किया। तत्पश्चात भारत सरकार और संबंधित कंपनी के सहयोग से उनकी वापसी और बकाया भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायी गयी। यह पहल सरकार की संवेदनशीलता और प्रवासी कामगारों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## दिल्ली हाइकोर्ट का फैसला : कानून के विद्यार्थियों को उपस्थिति के कारण परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जायेगा

- अदालत ने बार काउंसिल से शैक्षणिक तनाव और मानसिक आघात को रोकने के लिए कड़े मानदंडों में सुधार करने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि देश भर में कानून के किसी भी विद्यार्थी को उपस्थिति की कमी के कारण परीक्षाओं में बैठने या शैक्षणिक रूप से आगे बढ़ने से नहीं रोका जाना चाहिए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षणिक नियम इतने कठोर नहीं होने चाहिए कि वे भावनात्मक कष्ट या जीवन की हानि का कारण बनें। फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने कहा कि इस न्यायालय का दृढ़ मत है कि सामान्य रूप से शिक्षा और विशेष रूप से विधि शिक्षा के मानदंडों को इतना कठोर नहीं बनाया जा सकता कि इससे किसी विद्यार्थी को मानसिक आघात पहुंचे, मृत्यु की तो बात ही छोड़ दें। यह फैसला एमिटी लॉ के छात्र सुशांत रोहिल्ला की 2016 में हुई दुखद मौत से जुड़े एक स्वतः संज्ञान मामले का निपटारा करते हुए आया। सुशांत रोहिल्ला ने कथित तौर पर आवश्यक उपस्थिति के अभाव में सेमेस्टर परीक्षा देने की अनुमति नहीं मिलने पर आत्महत्या कर ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2016 में इस मामले की शुरुआत की थी, जिसे बाद में 2017 में हाइकोर्ट को स्थानांतरित कर दिया गया था। हाइकोर्ट ने अधिक संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) को विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित प्रमुख हितधारकों से परामर्श करने के बाद अपनी उपस्थिति नीति की समीक्षा और संशोधन करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन या मानसिक स्वास्थ्य को खतरे में डालने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए इस कदम को तत्काल उठाया जाना चाहिए। इन सुधारों के लंबित रहने तक हाइकोर्ट ने अंतरिम निर्देश जारी किये कि किसी भी मान्यता प्राप्त विधि विश्वविद्यालय या कॉलेज में नामांकित किसी भी विद्यार्थी को केवल उपस्थिति की कमी के कारण परीक्षा देने या शैक्षणिक प्रगति जारी रखने से नहीं रोका जायेगा। इसके अलावा संस्थान बीसीआइ द्वारा निर्धारित उपस्थिति मानदंडों से अधिक कठोर मानदंड लागू नहीं कर सकते।

## सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को जमीन के निबंधन और रजिस्ट्रेशन शुल्क से छूट

- कैबिनेट ने दी मंजूरी, मुफ्त में जमीन देने के बाद शुल्क में दी छूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के विकास, जनकल्याण, खेल और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त में जमीन मुहैया कारने के बाद अब निबंधन और रजिस्ट्रेशन शुल्क से छूट देने की मंजूरी दे दी है। बताते चलें कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को झारखंड आवास बोर्ड द्वारा निःशुल्क भूखंड आवंटित किया गया था। अब उनके निबंधन में स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस से पूर्ण छूट देने की स्वीकृति दी गयी।




**किसानों के लिए बड़ी राहत :** बैठक में रांची जिले के मांडर और चान्हो प्रखंडों में भूमिगत पाइपलाइन से जल आपूर्ति कर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को मंजूरी दी गयी। इस योजना के लिए 236.20 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

**घाटशिला उपचुनाव के लिए राशि स्वीकृति :** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के संचालन के लिए 7.84 करोड़ रुपये की राशि झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति दी। इससे उपचुनाव की सभी व्यवस्थाएं और प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सकेंगी।

**वीवीआइपी हेलिकॉप्टर सेवा को छह माह का विस्तार :** राज्य के वीआइपी और वीवीआइपी उड़ान कार्यक्रमों के संचालन के लिए उपयोग में लाए जा रहे हेलिकटप्टर की सेवा को अगले छह महीने के लिए समान शर्तों पर बढ़ाने की मंजूरी गयी। यह हेलिकॉप्टर मुख्यमंत्री सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की आधिकारिक यात्राओं में उपयोग होता है।

**स्वास्थ्य, प्रशासन और शिक्षा क्षेत्र में भी अहम फैसले :** बैठक में डॉ. रंजीत प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, इटकी आरोग्यशाला के अपील अभ्यावेदन पर निर्णय की स्वीकृति दी गई। राज्य में झारखंड स्टेट एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल रूल 2025 के गठन को भी मंजूरी दी गयी। जिससे पैरामेडिकल और हेल्थकेयर सेवाओं में सुधार की दिशा में कदम बढ़ेगा।

**सड़क निर्माण और ग्रामीण कनेक्टिविटी पर ध्यान :** दुमका जिले में दो प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्यों को मंजूरी दी गयी। वहीं, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत अब आइएपी क्षेत्र में 1.30 लाख रुपये और गैर आइएपी क्षेत्र में 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दी गयी है। इससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अपने घर बनाने में आर्थिक सहायता मिलेगी। साथ ही झारखंड राज्य बहुद्देशीय कर्मी संवर्ग नियमावली, 2025 को मंजूरी दी गयी।

# बिहार चुनाव : प्रचार अभियान चरम पर, बड़े नेताओं का लगा जमावड़ा

**पटना (आजाद सिपाही)। बिहार में चुनाव प्रचार चरम पर है। भाजपा, कांग्रेस, राजद समेत सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टियों के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजद प्रमुख लालू यादव समेत तमाम बड़े नेता जनता के बीच वोट मांगते नजर आ रहे हैं। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए रोड-शो और सभा कर रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए वादे किये जा रहे, तो एक-दूसरे पर दोषारोपण जारी है। नेताओं के बीच वाकयुद्ध चरम पर है। सोमवार को भी कई नेताओं ने सभा की और एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा किया।**

## उन्हें पिता का नाम बोलने में शर्म आ रही : नरेंद्र मोदी



- प्रधानमंत्री ने कटिहार में चुनावी सभा को किया संबोधित

**कटिहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कटिहार में सभा की। उन्होंने कहा कि आप राजद-कांग्रेस के पोस्टर देखिये। इनकी पार्टी के पुराने नेताओं की तस्वीरें पोस्टर से गायब हैं। अपने पिता का नाम बोलने में इन्हें शर्म आ रही है। वो कौन सा पाप है, जिसे राजद वालों को बिहार के नौजवानों से छिपाना पड़ रहा है। इन लोगों के पोस्टर से कांग्रेस लगभग गायब है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नामदार ने छठ महापर्व को इसलिए भी ड्रामा बताया, ताकि बिहार के लोग राजद पर गुस्सा निकालें और राजद को पराजित करें। कांग्रेस के बड़े नेताओं के बयान आपने सुनें होंगे। अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के नेताओं से बिहार के लोगों के लिए अपमानजनक बातें कही जा रही हैं। कांग्रेस जानती है कि इस बार भी राजद हार गयी, तो उसकी राजनीति खत्म हो जायेगी। राजद के वोट बैंक पर कांग्रेस कब्जा कर लेगी। मोदी ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार का बहुत बड़ा फायदा है कि दिल्ली और पटना से निकला एक-एक रुपया सीधे आपके खाते तक पहुंचता है।

## मोदी की सरकार 'अपमान मंत्रालय' बना ले : प्रियंका



- कांग्रेस सांसद ने समस्तीपुर में रोड शो किया

**समस्तीपुर/सहरसा।** समस्तीपुर में सोमवार को कांग्रेस सांसद और महासचिव प्रियंका गांधी ने दो किमी तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व डीजीपी ब्रजकिशोर रवि के पक्ष में वोट की अपील की। प्रियंका गांधी के साथ पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी रोड शो में मौजूद रहे। इससे पहले प्रियंका गांधी ने सहरसा में महागठबंधन के पक्ष में सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल में इन लोगों ने एसआइआर करवाकर 65 लाख वोट काट दिये। इसके कटने का मतलब क्या है। आपके अधिकार कट रहे हैं। आपको कमजोर किया जा रहा है। इससे आपको सरकारी फायदे नहीं मिलेंगे। आपका वोट कटना मतलब नागरिकता खत्म कर देना। ये बड़ी साजिश है। देश में कुछ भी होता है तो ये लोग हमारे ऊपर ठीकरा फोड़ते हैं। प्रियंका ने कहा कि इन लोगों को अपमान मंत्रालय बना देना चाहिये। प्रधानमंत्री का समय बहुत कीमती होता है, इसलिए इन लोगों को अलग से अपमान मंत्रालय खोल लेना चाहिए।

## महागठबंधन के तीन बंदर पप्पू, टप्पू और अप्पू : योगी



- यूपी के मुख्यमंत्री ने मुज्जफरपुर में सभा को किया संबोधित

**मुजफ्फरपुर/दरभंगा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुजफ्फरपुर में सभा की। उन्होंने कहा कि हमने तो यूपी में माफिया का उपचार किया है। हमने बुलडोजर से माफिया को चांप-चांपकर के हांफने पर मजबूर कर दिया है। यूपी में आज दंगा नहीं है, वहां सब चंगा है। यूपी वाला बुलडोजर बिहार में भी चलेगा। एनडीए की सरकार बनवाइये, फिर देखिये इनका क्या हाल करते हैं। अपराधियों को मार-मार कर राज्यों से बाहर करेंगे। उनकी घर पर बुलडोजर चलाकर गरीबों के पक्के घर बनाने का काम करेंगे। आप हमें लाइये अपराधी पानी मांगेंगे। कांग्रेस-राजद बिहार के विकास के लिए ग्रहण हैं। इससे पहले उन्होंने दरभंगा में कहा कि हमें घुसपैठियों को आने से रोकना है। हमने जैसे 370 हटाकर घुसपैठियों को बाहर किया है, वैसे ही यहां से भी बाहर करेंगे। योगी ने कहा कि कांग्रेस और राजद वाले अपराधियों के साथ खड़े रहते हैं। यही अंतर है राजद-कांग्रेस और एनडीए में। हम विकास और सुशासन की बात करते हैं। ये लोग अपहरण को उद्योग बनाते हैं। माफिया को शागिर्द बनाते हैं। इसलिए हम इनकी छाती में बुलडोजर चलाते हैं। योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन में तीन बंदर हैं। एक नाम पप्पू दूसरे का टप्पू और तीसरे का नाम अप्पू है। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू सच देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। राजद-कांग्रेस का एक पार्टनर सपा यूपी में है।

## बिहार चुनाव में लालू यादव की एंट्री



- जेल में बंद रीतलाल के लिए रोड शो किया

**दानापुर/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के समर में सोमवार को पहली बार राजद सुप्रीमो लालू यादव चुनाव प्रचार के लिए निकले हैं। लालू यादव दानापुर से राजद कैंडिडेट रीतलाल यादव के लिए रोड शो किया। रीतलाल यादव 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में बंद हैं। लालू का रोड शो दीघा से शुरू हुआ है, जो 15 किलोमीटर दूर खगौल तक गया। लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती भी उनके साथ थीं। लालू के रोड शो में शामिल एक कार्यकर्ता ने कहा कि ये परिवर्तन की भीड़ है। आज भी दुनिया लालू यादव के प्यार में पागल है। आशिकी बनी हुई है। लालू यादव ने गाड़ी से हाथ हिला-हिला कर लोगों का अभिवादन किया।

# गुमला के प्रखंडों में ध्वस्त हो गयी है सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था

## ■ कहीं शौचालय की व्यवस्था नहीं, तो कहीं इस्तेमाल करने की हालत में भी नहीं

## ■ प्रखंड कार्यालयों, बस पड़ावों जैसी जगहों पर पहुंचनेवालों को होती है दिक्कत

## ■ कहीं टूटे-फूटे हैं शौचालय, तो कहीं शौचालयों में लटका हुआ है ताला

**आजाद सिपाही विशेष**

भारतीय संविधान की एक ऐसी विशेषता है लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा, जो दुनिया में किसी भी दूसरे देश के संविधान में नहीं है। भारत में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के तहत ही सार्वजनिक जीवन में इस्तेमाल होनेवाली जन सुविधाओं की व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकारी सिस्टम की होती है। इसी अवधारणा को ध्यान में रख कर 2014 में पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया था, जिसमें हर घर शौचालय निर्माण का अभियान चलाया गया। इसके तहत देश में तीन करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण सरकार ने कराया। गांवों को खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया गया। लेकिन इस बड़े अभियान की हकीकत झारखंड के जनजातीय बहुल गुमला जिले के प्रखंडों में पूरी तरह अलग दिखाई दे रही हैं। इन प्रखंडों में घरों में शौचालय तो हैं, लेकिन सार्वजनिक इस्तेमाल के शौचालयों को सिस्टम के मकड़जाल ने ध्वस्त कर दिया है। गुमला के प्रखंडों में प्रखंड कार्यालय, हाट-बाजार और बस स्टैंड जैसी जगहों पर सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो चुकी है। सरकारी खर्च पर बनाये गये सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति यह है कि वे इस्तेमाल के लायक नहीं रह गये हैं। कई प्रखंडों में तो सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है। प्रशासन की तरफ से कई बार शौचालय निर्माण की घोषणा की गयी, लेकिन इन घोषणाओं को जमीन पर नहीं उतारा जा सका। गुमला जिले के प्रखंडों में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था का लेखा-जोखा पेश कर रहे हैं **आजाद सिपाही के गुमला जिला ब्यूरो प्रमुख आफताब अंजुम।**


रायडीह का अधूरा शौचालय


बसिया का अधूरा पड़ा शौचालय


आफताब अंजुम
गुमला जिला ब्यूरो प्रमुख

*इस शहर से उस शहर को जाना ही पड़ेगा...*
*हर शख्स जमाने में मुसाफिर की तरह है....*

एक कवि की ये पंक्तियां बिल्कुल पत्थर की लकीर की तरह सच्ची हैं। जब दुनिया का हर व्यक्ति मुसाफिर है, तो इस दौर में यातायात के भी कई साधन हैं और उन साधनों में फिलहाल यात्री बसों को यातायात का सबसे उत्तम साधन माना जाता है। इस पर सच्चाई तो यह भी है कि जहां से बसें चलती हैं, वहां पर बसें रुकती भी हैं। जहां बसें रुकती हैं, वह गांव हो या शहर, वहां पर स्थायी या अस्थायी बस पड़ाव होता ही है। अब जिस स्थान पर बसें रुक रही हैं, वहां पर दिन भर में सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। और जब यात्रियों का आगमन होगा, तो निश्चित रूप से वहां पुरुष यात्री भी होंगे और महिलाएं भी। जहां पर यात्रियों का आना-जाना, उतरना-चढ़ना होता है, वहां पर सबसे आवश्यक सुविधाओं में से एक सुविधा शौचालय का होना अनिवार्य है। जिला मुख्यालय की बात हम बाद में करेंगे। शहरी क्षेत्र को छोड़कर हम पहले चलते हैं प्रखंड मुख्यालयों की ओर। शौचालय के मामले में गुमला जिले के प्रखंड मुख्यालयों की स्थिति बद से बदतर है। जिले के कई प्रखंडों में शौचालय हैं ही नहीं, तो कई प्रखंडों में पुराने शौचालय बेकार पड़े हैं। लेकिन कई प्रखंडों में ऐसी स्थिति है कि लाखों खर्च करके नये शौचालय बन कर तैयार पड़े हैं, लेकिन उन्हें देखने वाला कोई नहीं और उन शौचालयों में ताले लटके हुए हैं। हम नजर डालेंगे जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में शौचालयों की स्थिति का।

### पालकोट: 22 लाख की लागत से बने शौचालय में लटका है ताला

पालकोट प्रखंड मुख्यालय में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय बना है। पालकोट बस स्टैंड के पास वर्ष 2018-19 में 22 लाख की लागत से बना है यह शौचालय। इसे विधायक मद से बनाया गया है। वर्ष 2018 में सोमारी कंस्ट्रक्शन द्वारा शौचालय का निर्माण किया गया, मगर निर्माण के बाद से ही शौचालय उपयोग में नहीं आया। अब इसके अलावा कोई शौचालय आसपास में नहीं है। अब इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि राहगीर महिलाएं अपने नित्य क्रिया के लिए कैसी-कैसी समस्याओं का सामना कर रही होंगी।

### भरनो: न शौचालय न शौच त्यागने का स्थान

भरनो में बसें जहां पर रुकती हैं, वहां अभी तक कोई शौचालय नहीं है। भरनो एक ऐसा गांव है, जो उत्तरी छोर से लोहरदगा जिले और पूर्वी छोर से सूबे की राजधानी रांची का सीमा क्षेत्र है। यहां यात्रियों का आवागमन काफी है, लेकिन शौचालय का नहीं होना यहां यात्रियों के लिए बड़ी समस्याएं खड़ी करता है। कुछ दिनों पूर्व तक लोग प्रखंड मुख्यालय की चहारदीवारी के अंदर के हिस्से का इस्तेमाल नित्य क्रिया के लिए करते थे, लेकिन नयी चहारदीवारी बनने के कारण अब लोग उधर जाने से कतराते हैं। स्थिति ऐसी है कि जिन्हें शौच आदि जाना होता है, वे बस पड़ाव से हट कर कहीं दूर झाड़ियां में जाते हैं और अपनी जरूरत पूरी करते हैं।

### बिशुनपुर: इतना गंदा शौचालय कि घुसते ही आती हैं उबकाई

बिशुनपुर बस स्टैंड के समीप एक सार्वजनिक शौचालय है। अगर गलती से आप इस शौचालय में चले जायें, तो शायद दो मिनट भी नहीं रुक सकें। गंदगी का अंबार, बर्बाद होता पानी, गंदा बेसिन अगर आप देख लेंगे, तो शायद फिर खाना हलक से नीचे नहीं उतरेगा। साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्री लोग शौचालय में जाना पसंद नहीं करते हैं। जरूरतमंद यात्रियों के लिए बस पड़ाव के नजदीक झाड़ियां सबसे सुरक्षित ठिकाने हैं।


चैनपुर का शौचालय

### चैनपुर: एक बेकार-एक नया है शौचालय, पर उपयोग में नहीं

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय अब केवल प्रखंड मुख्यालय नहीं, अनुमंडल मुख्यालय भी है। यहां एक बस पड़ाव है, जिसमें दो शौचालय हैं। एक शौचालय की स्थिति तो काफी जर्जर है। यहां किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं दूसरा शौचालय बीते महीने बना है। अभी अधिकांश महिलाएं और यात्री अगर-बगल झाड़ियों या घरों के पीछे छुप कर शौच करने को मजबूर हैं।

### रायडीह: वर्षों से अधूरा बना पड़ा है शौचालय

रायडीह प्रखंड मुख्यालय के गेट के पास बना है सामुदायिक शौचालय, जो वर्षों से अधूरा बना पड़ा है। न इस निर्माण को पूरा करने की जरूरत समझी गयी, न ही दूसरे शौचालय के निर्माण की। प्रतिदिन प्रखंड आनेवाले सैकड़ों लोग शौच के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं, जो जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक उदासीनता का परिचायक है।

### सिसई: गली और झाड़ियों में शौच करते हैं यात्री

सिसई प्रखंड मुख्यालय के बस पड़ाव में सार्वजनिक शौचालय है ही नहीं। हैरान करने वाली बात यह है कि आज तक स्थानीय प्रशासन ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने। आये दिन गली और झाड़ियों में शौच करने के लिए यात्री विवश हैं।

### बसिया: नहीं है सार्वजनिक शौचालय

बसिया प्रखंड मुख्यालय में मुख्यतः चार बस पड़ाव हैं। इनमें बसिया देवी गुड़ी चौक, बस स्टैंड, थाना चौक, कोनबीर भागीडेरा मोड़ ओर कोनबीर ऊपर चौक शामिल हैं। बसिया देवी गुड़ी चौक, कोनबीर ऊपर चौक और थाना चौक में कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है और अधिकांश महिलाएं और यात्री अगल-बगल झाड़ियों या घरों के पीछे छुपकर शौच करने को मजबूर हैं। बसिया देवी गुड़ी चौक में पूर्व में शौचालय था, परंतु रख-रखाव के अभाव में वह अब खंडहर बन गया है। कोनबीर भागीडेरा मोड़ पर एक शौचालय है, परंतु वहां तक पहुंचने का रास्ता, पानी और अव्यवस्था के कारण यात्री एनएचपीसी मैदान में झाड़ियों के पीछे शौच करने को विवश होते हैं। शौचालय में गंदगी और झाड़ियों ने डेरा डाल रखा है। बनने के बाद इसे कभी उपयोग में नहीं लाया गया है।

### कामडारा: कामडारा में कहीं भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है

कामडारा में कहीं भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। इस कारण पोकला के यात्री रेलवे फाटक के बगल में अपनी नित्य क्रिया को पूरी करते हैं। ब्लॉक चौक पर उतरने वाले यात्री स्टेडियम के बगल में, बस्ती चौक के यात्री एक टूटे मकान के अंदर, मिशन चौक के यात्री टूटे-फूटे शेड के पीछे अपनी नित्य जरूरतों को पूरी करते दिखाई देते हैं।

### डुमरी : लाखों रुपये की लागत से बना शौचालय है वर्षों से बंद

डुमरी में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। इस कारण प्रतिदिन स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बसों से आने-जाने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पुरुष तो किसी तरह खुले में शौच कर लेते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए स्थिति बेहद दयनीय रहती है। अक्सर महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर असुविधा और असुरक्षा के कारण घंटों तक शौच के लिए प्रतीक्षा करने को मजबूर होती हैं।

### घाघरा: बेहतर स्थिति में है सार्वजनिक शौचालय

जिले में एक प्रखंड है घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति काफी बेहतर है। घाघरा के राहगीरों के लिए उक्त शौचालय का उपयोग निरंतर हो रहा है। इसकी साफ-सफाई पर भी काफी ध्यान दिया जाता है। जिन प्रखंड मुख्यालयों में शौचालय हैं, उनके रख-रखाव के लिए उन्हें घाघरा प्रखंड मुख्यालय के शौचालय के केयरटेकर से सीख लेने की जरूरत है।

---

# मुजफ्फरपुर में योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिए मंगवाये गये बुलडोजर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सोमवार को जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर के क्लब मैदान में आयोजित जनसभा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। योगी आदित्यनाथ के संबोधन के दौरान भीड़ में उत्साह का आलम ऐसा था कि कई लोग उनके प्रतीक बन चुके बुलडोजर पर चढ़कर सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाने लगे। सभा स्थल पर मौजूद लोगों ने नारे लगाये, 'योगी हैं तो अपराधी खौफ में हैं'। लोगों ने कहा कि यूपी की तरह बिहार में भी अपराधियों और माफियाओं पर बुलडोजर चलना चाहिए। सभा में मौजूद लोगों ने कहा कि देश में दो नेताओं की सभाएं ऐतिहासिक मानी जाती हैं। एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। लोगों का कहना था कि योगी आदित्यनाथ ने अपराध और माफिया पर जिस तरह नकेल कसी है, वही कारण है कि उन्हें आज 'बुलडोजर बाबा' कहा जाता है।



# विकास की राजनीति करती है भाजपा: ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को जादूगोड़ा मंडल के तेरेंगा पंचायत में भाजपा द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, आसनसोल विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व विधायक मेनका सरदार एवं जादुगोड़ा मंडल के चुनाव प्रभारी सुरेश साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल संयोजक गुरुचरण रजवार ने किया। सांसद ने कहा कि घाटशिला में परिवर्तन की लहर चल रही है। जनता अब ठान चुकी है कि झूठे वादों और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहिए। भाजपा ही वह पार्टी है जो जनता की भावनाओं के अनुरूप विकास की राजनीति करती है। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि राज्य की महिलाओं को इस सरकार ने धोखा दिया है, इसका जवाब महिलाएं अपने वोट से देने के लिए तैयार हैं। घाटशिला की जनता ने इस बार मन बना लिया है कि अब बदलाव जरूरी है। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन एक ईमानदार, जमीनी और जनता से जुड़े हुए नेता हैं। आपके सहयोग से हम एक विकसित, सशक्त और सुरक्षित घाटशिला का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में सपना नारायण देव, तन्नुश्री दत्ता, विप्लव नारायण, केदार नाथ मिश्रा, दशमाथ मुर्मू, कुणुराम सोरेन, सानतुन रजवार, विक्रम सिंह, उज्ज्वल गुप्ता, बोडो सिंह, पंचानन दास, हेमंत रजवार सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**राज्य सरकार ने झारखंड की महिलाओं को दिया धोखा: अग्निमित्रा पॉल**



# कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का समस्तीपुर में रोड शो

आजाद सिपाही संवाददाता

**समस्तीपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को समस्तीपुर जिले के रोसड़ा विधानसभा क्षेत्र में करीब दो किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी बीके रवि के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। रोड शो में प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस प्रत्याशी बीके रवि और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी शामिल रहे। प्रियंका गांधी का रोड शो रोसड़ा के नंद चौक से शुरू होकर अनुमंडल कार्यालय के समीप स्थित गांधी स्मारक तक पहुंचा। पूरे मार्ग में सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग उमड़े और प्रियंका गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने भी रोड शो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**उमड़ा जन सैलाब, पप्पू यादव भी रहे साथ**







**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 18.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.55 बजे |



# एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की सीबीआइ जांच हो: बाबूलाल

**दोषी अधिकारी और कर्मचारियों को सजा दिलायी जाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता को जिंदगी नहीं, मौत परोस रही है। गरीब लोग सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने जाते हैं, लेकिन यह सरकार जिंदगी नहीं, मौत देकर इलाज का नाटक कर रही है।

बाबूलाल ने कहा कि लापरवाही का आलम यह है कि केंद्र सरकार ने 13 जनवरी 2021 को ही राज्य में ब्लड बैंकों की स्थिति पर सरकार को पत्र लिखकर जांच कराने का आग्रह किया था। केंद्र सरकार ने कहा था कि राज्य के बल्ड बैंक अवैध चल रहे हैं। खून का व्यापार हो रहा है। कई ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे। ऐसे में इसकी गंभीरता से जांच हो और दोषियों पर कारवाई करते हुए व्यवस्था को सुधारा जाये। जांच के नाम पर राज्य सरकार ने केवल खाना पूर्ति की। चार वर्षों तक सरकार सोई रही। उसी का परिमाण है कि आज थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाकर मौत परोस दी गयी। बाबूलाल ने राज्य भर के ब्लड बैंकों में हुई भयावह धांधली की सीबीआइ जांच अथवा उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की। श्री मरांडी ने दोषी पदाधिकारियों को जेल भेजकर कड़ी सजा दिलाने तथा भ्रष्ट और निकम्मे स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांगा की।



## घाटशिला का आदिवासी समाज भाजपा के साथ : बाबूलाल मरांडी

**घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धालभूमगढ़ मंडल के रावताड़ा और पाणिनीय पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता अब पूरी तरह परिवर्तन के मूड में है। झामुमो सरकार की आदिवासी विरोधी और जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है। इस बार घाटशिला का आदिवासी समाज वोट के जरिए इस सरकार को करारा जवाब देगी।**

# जनता को गुमराह कर रही है भाजपा : विनोद पांडेय

**भाजपा को बच्चों की नहीं, सत्ता की चिंता सता रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने चाइबासा सदर अस्पताल से जुड़ी घटना पर भाजपा द्वारा राज्यव्यापी धरना देने को निर्लज्ज राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा बच्चों की सेहत से जुड़े मामले पर भी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है।

श्री पांडेय ने कहा कि जैसे ही थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना सामने आयी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को जांच का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राज्य सरकार किसी को भी बख्शने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा यह भूल रही है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों ने की थी। वर्षों तक अव्यवस्था और भ्रष्टाचार पनपने दिया गया, अब जब मौजूदा सरकार सुधार के प्रयास कर रही है, तो भाजपा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। श्री पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी इस त्रासदी को भी राजनीतिक मंच बना रहे हैं। उन्होंने पूछा, क्या मरांडी जी को इतनी चिंता तब नहीं हुई थी जब भाजपा के शासन में दर्जनों ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे थे? उन्होंने स्पष्ट किया कि झामुमो सरकार ने ब्लड बैंकों की सख्त मॉनिटरिंग शुरू कर दी है और दोषियों को जेल भेजने में कोई ढिलाई नहीं बरती जायेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मामले में कुछ पदाधिकारियों को सस्पेंड भी किया जा चुका है। पांडेय ने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को भड़काना रह गया है। जनता समझ चुकी है कि भाजपा को बच्चों की नहीं, सत्ता की चिंता सता रही है। राज्य सरकार पारदर्शी जांच करायेगी और सच्चाई जनता के सामने आयेगी। बहुत जल्द पूरा सच जनता के सामने आयेगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**


- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## सिडनी में इंडस्ट्रियल ग्लोबल यूनियन का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# अनुपमा सिंह ने उठायी मजदूरों की समस्या झरिया की आग का भी किया जिक्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया/जोड़ापोखर।** इंडस्ट्रियल ग्लोबल यूनियन द्वारा सिडनी में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन भारत का प्रतिनिधित्व कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि धनबाद के कोयला क्षेत्र की आउटसोर्सिंग कंपनियों में मजदूरों के साथ हो रहे शोषण, असमानता और अधिकारों के हनन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। मजदूरों को न तो उचित वेतन मिल पा रहा है, न ही सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के बुनियादी अधिकार। उन्होंने बताया कि उन्होंने झरिया क्षेत्र की महिलाओं को संगठित कर क्षेत्रीय सचिव और सह-सचिव के रूप में आगे लाने की पहल की है, ताकि वे स्वयं अपने अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ सकें। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे झरिया-धनबाद के कोयला क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का संज्ञान लें और मजदूरों के न्याय, सुरक्षा और सम्मानजनक श्रम परिस्थितियों के लिए सहयोग करें। अनुपमा सिंह ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को धनबाद आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि आपकी सलाह और सहयोग से हम वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय महिला प्रतिनिधियों के कार्य, समर्पण और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मेलन विश्व भर की महिलाओं की एकजुटता और सशक्त उपस्थिति का प्रतीक है। श्रीमती सिंह ने कहा कि यह औद्योगिक वैश्विक संघ केवल एक सभा नहीं है, यह एक संस्था है, जहां से हम सीख रहे हैं। केवल महिलाएं ही महिलाओं को समझ सकती हैं। हम वो शक्ति हैं, जिन्होंने दुनिया बनायी है। उन्होंने कहा, मैंने एक ऐसी सीट से संसदीय चुनाव लड़ा है, जिसे भारत की कोयला राजधानी कहा जाता है। वहां झरिया नामक एक जगह है, जो 100 सालों से जल रहा है। हजारों लोग इस जगह के पास रहते हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है। इस बारे में बनायी गयी कार्य योजनाएं बहुत बढ़िया हैं। हमें बस उन्हें लागू करना है।






# एचआइवी रक्त चढ़ाने का मामला: भाजपा ने धरना दिया

## जिलों में उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मामले की सीबीआइ जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने चाइबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मुद्दे पर राज्यव्यापी धरना दिया। इसके बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त के हवाले से ज्ञापन भी सौंपा। सभी जिलों में हजारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए घटना की सीबीआइ जांच और दोषी पदाधिकारियों को जेल भेजकर कठोर सजा दिलाने की मांग की।

भाजपा ने ज्ञापन में कहा है कि झारखंड राज्य की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आये दिन राज्य के सरकारी अस्पतालों में हृदय विदारक घटनाएं घट रही। डॉक्टर, दवाई, बेड, एंबुलेंस के अभाव से त्रस्त गरीब जनता को अब सरकारी अस्पतालों में मौत परोसे जा रहे। विगत दिनों चाइबासा सदर अस्पताल में जिस प्रकार से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाये गये, उससे राज्य के स्वास्थ्य विभाग की अक्षम्य लापरवाही उजागर हुई है। स्थिति इतनी भयावह है कि अब गरीब जनता सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने केलिए 100 बार सोचने को विवश है। राज्य में चल रहे ब्लड बैंकों की स्थिति में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे लेकिन राज्य सरकार ने इसे बहुत हल्के में लिया। सघन जांच पड़ताल की जगह केवल इसे खाना पूर्ति और औपचारिकता मात्र समझा। आज इसी लापरवाही का भयावह दुष्परिणाम राज्य की जनता को भुगतने केलिए विवश होना पड़ रहा रहा। सभी मामले की उच्चतम स्तर पर विस्तृत जांच की आवश्यकता है। यह सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इसे लीपापोती करने में पूरी तरह जुटी हुई है। भाजपा ने मामले की पूरे प्रदेश में चल रहे ब्लड बैंक की और इस प्रकार उजागर हो रहे घटनाओं की राज्य के उच्च न्यायालय के सिटिंग जज अथवा सीबीआइ से उच्च स्तरीय जांच कराने की अनुशंसा की जाये।

# लुगुबाबा की जयघोष से गूंजा धोरोमगढ़

## दस हजार से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ पर पहुंचे दर्शन को

**पारंपरिक तरीके से लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ राजकीय महोत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** प्रकृति की गोद में बसे जिले के गोमिया प्रखंड के ललपनिया के पवित्र स्थल लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ में सोमवार की सुबह को राजकीय महोत्सव 2025 का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। पूरे क्षेत्र में जय लुगुबाबा के जयघोष और मांदर की थापों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, नायके बाबा और आयोजन समिति अध्यक्ष बबली सोरेन व अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत की। महोत्सव के पहले ही दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ पर चढ़कर लुगुबाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।

सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गीत-संगीत गाते आस्था की राह पर आगे बढ़ते दिखाई दिये। भक्तों ने कहा कि लुगुबाबा हमारे पुरखों की आत्मा हैं, हमारी धरती और हमारे धर्म के रक्षक। यहां आकर मन को शांति और आत्मा को शक्ति मिलती है। लुगुबुरू महोत्सव केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह झारखंड की आदिवासी अस्मिता, लोक संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत उत्सव है। यहां संताली और अन्य जनजातीय समाजों के लोग अपने पारंपरिक परिधानों में नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। इस महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन और आयोजन समिति ने भी श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत तैयारियां की हैं। जिसमें टेंट सिटी में आवास और विश्राम की सुविधा, बोकारो स्टील सिटी व गोमिया रेलवे स्टेशन से निःशुल्क बस सेवा, खिचड़ी सेवा, साफ-सुथरा पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साज-सज्जा, निरंतर सक्रिय सूचना व सहायता केंद्र, स्वास्थ्य शिविर और स्वच्छता टीम आदि शामिल हैं। डीसी अजय नाथ झा ने पूजा-अर्चना कर महोत्सव की सफलता और जिले की सांस्कृतिक एकता, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लुगुबुरू महोत्सव हमारी मिट्टी की खुशबू, हमारी संस्कृति की आत्मा और हमारी परंपरा की पहचान है। यह पर्व झारखंड की लोकआस्था को विश्व पटल पर स्थापित करता है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पूरे परिसर में पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन व सीसीटीवी निगरानी, और नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं।

# जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है: चंपाई सोरेन

## भाजपा ही झारखंड के असली हित की बात करती है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने झामुमो पर बड़ा हमला बोला है। आरोप लगाया है कि झामुमो ने आदिवासियों को सिर्फ ठगा है, और झूठे वादों के सहारे सत्ता हथियाई है। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में सोमवार को मुसाबनी प्रखंड के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत काशीडीह फुटबॉल ग्राउंड में बड़ी जनसभा हुई। जहां पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि झामुमो ने आदिवासियों की जमीन छीनी और फिर दावा किया कि वही आदिवासियों की हितैषी है। ये जनता को धोखा देना बंद करें। भाजपा ही झारखंड के असली हित की बात करती है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि ओलचिकी भाषा को आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने का श्रेय भी भाजपा सरकार को ही जाता है। चंपाई ने कहा कि झामुमो सरकार ने ना तो रोजगार दिया, ना विकास। राज्य की सड़कों से लेकर अस्पतालों तक बदहाली का आलम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास और जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाबूलाल सोरेन क्षेत्र के सच्चे सपूत हैं और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।



## निगम की आठ कट्ठा जमीन पर है अतिक्रमण, संचालित होता था अवैध बूचड़खाना

# आजाद बस्ती में वेंडिंग जोन विकसित करने की लोगों ने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के आजाद बस्ती इलाके में नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन स्थापित करने का सुझाव स्थानीय नागरिकों ने दिया है। यह वेंडिंग जोन नगर निगम की जमीन पर स्थापित किया जा सकता है। इस इलाके में निगम की करीब आठ कट्ठा जमीन अभी अतिक्रमित है और इस पर अवैध बूचड़खाना संचालित हो रहा था।

### क्या है पूरा मामला

रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने 31 अक्टूबर को एक आम सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि शहर के सभी वेंडरों, फल-सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथ दुकानदारों के लिए सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किये जाने की योजना रांची नगर निगम द्वारा प्रारंभ की गयी है। रांची नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वार्ड या क्षेत्र में वेंडिंग जोन के लिए सुझाव दें, ताकि वेंडरों को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित किया जा सके और शहर को अतिक्रमण मुक्त और जाम मुक्त रखा जा सके।



### क्या कहा है स्थानीय लोगों ने

नगर निगम की इस सूचना के उत्तर में स्थानीय लोगों ने कहा है कि लोअर बाजार थाना से तीन सौ मीटर की दूरी पर आजाद बस्ती में नगर निगम की आठ कट्ठा जमीन है। 30 अक्टूबर को एसएसपी के निर्देश पर छापेमारी की गयी थी, जिसमें छह चक्का ट्रक, टाटा मैजिक सहित कुल चार वाहनों में प्रतिबंधित मांस, चमड़े आदि जब्त किये गये और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिस जगह पर छापेमारी हुई, वहां पर अवैध बूचड़खाना संचालित हो रहा था। यहां 2017 में पूर्व एसपी अमन और दिल्ली की जीव जंतु कल्याण विभाग ने छापेमारी की थी। इस अवैध बूचड़खाने को नगर निगम और मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया था। फिर कुछ महीने बाद यहां अवैध बूचड़खाना फिर से संचालित होने लगा। 30 अक्टूबर 2025 को एसएसपी के निर्देश पर छापेमारी हुई और 25 क्विंटल प्रतिबंधित मांस जब्त किया गया। लोगों का कहना है कि नगर निगम इस जमीन को अपने कब्जे में लेकर फुटपाथ दुकानदारों के लिए व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित कर सकता है। इससे निगम को अपनी जमीन मिल जायेगी और राजस्व भी आने लगेगा। वहां का बूचड़खाना बंद हो जायेगा और बहुत से लोगों को रोजगार मिल जायेगा।

# आज ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी घाटशिला में करेंगे चुनावी सभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरे जोश और उत्साह के साथ चुनावी अभियान में जुटी हुई है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता दिन-रात लगकर एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क और प्रचार अभियान चला रहे हैं।

इसी क्रम में ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी का घाटशिला विधानसभा आगमन होने जा रहा है। वे पूर्वाह्न 10 बजे घाटशिला ब्लॉक के गंधानीयाहाट मैदान और अपराह्न 12:05 बजे गुड़ाबांधा ब्लॉक के बलियापोश फुटबॉल मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और क्षेत्र की जनता भी उनके स्वागत के लिए उत्सुक है। निश्चित रूप से उनके संबोधन से चुनावी माहौल और अधिक ऊर्जा और दिशा प्राप्त करेगा।

## लाइसेंस रद्द होने के कारण कोडरमा सदर अस्पताल का ब्लड बैंक हुआ बंद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल स्थित कोडरमा ज़िले का एकमात्र ब्लड बैंक लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के कारण बंद कर दिया गया है। इससे तत्काल रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए गंभीर संकट पैदा हो गया है। यह बंद चाईबासा में हाल ही में हुई एक त्रासदी के बाद हुआ है, जहां थैलेसीमिया से संक्रमित कुछ बच्चों को कथित तौर पर एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया था, जिसके बाद अपंजीकृत ब्लड बैंकों पर कड़ी कार्रवाई की गयी। कोडरमा स्थित इस ब्लड बैंक का पंजीकरण नवीनीकरण 2017 से लंबित था, और इसके बंद होने से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को जीवन रक्षक दवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बंद होने का प्रभाव तत्काल और गंभीर है, खासकर नियमित मरीजों के लिए। सदर अस्पताल आमतौर पर थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों, डायलिसिस कराने वाले मरीजों और विभिन्न ऑपरेशनों के लिए रक्त की आवश्यकता वाले लोगों को प्रतिदिन औसतन बीस यूनिट रक्त उपलब्ध कराता है। सोमवार को, कई हताश मरीज अब बंद हो चुके काउंटर पर रक्त की मांग करते देखे गए। उनमें से एक 68 वर्षीय चिंता देवी थीं, जो एक कैंसर रोगी थीं, जिनके रक्त का स्तर खतरनाक रूप से घटकर 4.4 ग्राम रह गया था। मरकच्चो के बालेश्वर यादव और सपही से आए मनोज कुमार भी उन लोगों में थे जिन्हें स्वयं या अपने सम्बन्धियों के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। नियमित रक्त की जरूरत के लिए सदर अस्पताल पर निर्भर 50 से अधिक थैलेसीमिया संक्रमित रोगियों को अब जिले के बाहर से रक्त की व्यवस्था करने का बोझ उठाना पड़ रहा है। संकट को और बढ़ाते हुए, सोमवार को ब्लड बैंक के 108 यूनिट रक्त के मौजूदा स्टॉक को नष्ट होने से बचाने के लिए हजारीबाग के मदर ब्लड बैंक में भेज दिया गया था। चूंकि रक्त को अधिकतम 35 दिनों तक ही जमा रखा जा सकता है, इसलिए यहां पड़े रक्त को स्थानांतरित करना पड़ा। कोडरमा में रक्त की मांग लगातार होती है, कोडरमा घाटी में अक्सर सड़क हादसे भी होते हैं। रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने कहा कि ब्लड बैंक का सुचारू संचालन फिर से शुरू करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, रक्त प्राप्त करने का अभी सबसे नजदीक हजारीबाग है, जो लगभग 60 किलोमीटर दूर है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति में रक्त प्राप्त करना संभव नहीं है। इधर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने आश्वासन दिया कि वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने घोषणा की कि तत्काल जरूरतों के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में एक–दो दिन में ब्लड स्टोरेज यूनिट (बीएसयू) चालू कर दी जायेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि अभी हजारीबाग स्थित मदर ब्लड बैंक से रक्त की व्यवस्था की जायेगी। पर बहुत जल्द यहां ब्लड बैंक चालू हो जायेगा। इधर ड्रग इंस्पेक्टर राजीव एक्का ने बताया कि कोडरमा में ब्लड बैंक के लिए नया लाइसेंस प्रक्रियाधीन है और सभी औपचारिकता पूरी होने के बाद इसे जल्द जारी कर दिया जायेगा।

## चंदौल पंचायत में नशा विरोधी आंदोलन शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायत में बड़कागांव पुलिस व पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अशेश्वर राम के नेतृत्व में ब्राउन शुगर और शराब विरोधी आंदोलन शुरू की गयी। आंदोलन शुरू करने के लिए चंदौल पंचायत में सर्व दलीय कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रविदास महाशय के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुख्य प्रतिनिधि असेश्वर राम ने किया। जबकि संचालन बड़कागांव थाना के ग्रामीण पुलिस अभय कुमार दास और नंदकिशोर राम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि ब्राउन शुगर और शराब के नशा के कारण किशोर और युवकों की जिंदगी की अस्तित्व खतरे में हैं। ब्राउन शुगर और शराब पीने को लेकर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गयी है। ग्रामीणों ने कहा कि किशोर और कुछ युवक ब्राउन शुगर लेने के लिए गांव में चोरी की घटना का अंजाम दे रहे हैं। इससे गांव के लोग भी परेशान हैं। साथ ही जिन परिवारों के घरों में युवक और किशोर नशाखोरी करते हैं, उनके घरों में पारिवारिक लोग परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि नशा के कारण घर परिवार तबाह हो रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए नशा विरोधी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक करने के बाद कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों ने पूरे गांव में भ्रमण क कर नशा करने वाले और ब्राउन शुगर बेचने वाले को हिदायत दी गयी है कि नशा करने वाले या ब्राउन शुगर और शराब बेचने वालों पर सामाजिक दंड दी जायेगी। इसके बाद भी अगर नहीं माना तो पुलिस के हवाले कर दी जायेगी। मौके पर सचिव कांशी रजवार, उपाध्यक्ष नरेश रजवार, संरक्षक रघुवीर राम, अशोक राम, सूरज दास, लालू रजवार, मनोज रजवार, टिंकू भुइंया, अनिल राम, दिलचंद राम, सुरेश राम, तारकेश्वर राम, प्रदीप रजवार, मार्शल, बादल, आनंद समेत अन्य उपस्थित थे।

## मेहता कुशवाहा विकास मंच की हुई बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के आर्स कन्या गुरुकुल के प्रांगण में मेहता कुशवाहा विकास मंच का जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। जिसमें इचाक, पदमा, सदर, कटकमसांडी, बरही, टाटीझरिया, दारू समेत कई प्रखंडों के लोग उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता दरिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कुशलवंद मेहता और संचालन संजय कुमार मेहता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गठित मेहता कुशवाहा विकास मंच की कमेटी पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि एक शिष्ट मंडल कमेटी बनाकर जो लोग बिना नियम के जो कमेटी बनाने का काम किया है उससे बातचीत कर पुनः आम सभा आयोजित कर नये सिरे से मेहता कुशवाहा विकास मंच की कमेटी बनाई जाये, जो सशक्त हो। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी संगठन और संस्था बहुमत के आधार पर चलती है और जिस प्रकार से कमेटी का गठन किया है वह गलत है जो सारे नियमों को ताख पर रख कर किया गया है। कमेटी के सदस्यों से किसी प्रकार की कोई सहमति नहीं जतायी गयी और नई कमेटी का निर्माण कर दिया जो गलत है। बातचीत करने के लिए 45 सदस्य कमेटी बनाई गयी है। बैठक में पदमा जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, मेहता विकास मंच के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण प्रसाद मेहता, आजसू नेता प्रदीप मेहता, सीपीआई नेता कृष्ण कुमार मेहता, बिंदेश्वरी प्रसाद मेहता, वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रसाद मेहता, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, संजय कुमार मेहता, भाजपा नेता मुखलाल मेहता, युवा नेता गौतम कुमार, समाजसेवी नागेश्वर प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, धर्म नाथ मेहता, प्रयाग प्रसाद मेहता, वीरेंद्र प्रसाद मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, भीम प्रसाद मेहता, पूर्व मुखिया डेगनारायण मेहता, संतोष प्रसाद मेहता, सदन मेहता, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, राधेश्याम मेहता, अशोक प्रसाद मेहता, अजय मेहता, कमल मेहता, पूर्व शिक्षक इंद्रदेव प्रसाद मेहता, किशोर मेहता, प्रदीप कुमार मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, धनुषधारी मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता, राजू मेहता, हेमंत मेहता, जेपी मेहता, मुकेश कुमार, गणेश प्रसाद मेहता, विजय कुमार मेहता, ईश्वरी प्रसाद मेहता, शंकर मेहता, मेघवाल मेहता, महेंद्र प्रसाद मेहता, प्रदीप मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## डेली मार्केट में फिर लगी आग, कई दुकानें जली

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग का डेली मार्केट एक बार फिर आग की लपटों में घिर गया। सब्जी मंडी स्थित 4 दुकानों में देर रात भीषण आग लग गयी, जिसमें देखते ही देखते दुकानें राख में तब्दील हो गयीं। घटना सोमवार की रात करीब तीन बजे की बतायी जा रही है। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गयी। सूत्रों के अनुसार, आग लगने के वक्त पूरा इलाका सन्नाटा था। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की, तब तक लाखों का सामान जल चुका था।

# बड़कागांव प्रखंड में चलाये जा रहे दर्जनों अवैध नर्सिंग होम

**कार्रवाई के नाम पर दौड़ाये जाते हैं सिर्फ कागजी घोड़े**

**पिछले सप्ताह हजारीबग सीएस की ने की थी कार्रवाई**

पिन्टू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में दर्जनों फर्जी नर्सिंग होमों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। कुछ नर्सिंग होम में अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड का भी संचालन किया जा रहा है। इन अवैध कारोबार को न कोई रोकने वाला है और न ही कोई टोकने वाला। लिहाजा लापरवाही की वजह से ऐसे नर्सिंग होम में आये दिन जच्चा बच्चा की मौत होती रहती है। ज्ञात हो कि बड़कागांव अस्पताल के आसपास और अन्य जगहों में संचालित अवैध नर्सिंग होम की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों को भी है। लेकिन वे नजरअंदाज करके चल रहे हैं। इस संबंध में कभी कभी सिर्फ कागजी घोड़े ही दौड़ाये जाते हैं। इन संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से विभागीय अधिकारियों पर साठगांठ के आरोप भी लगाये जाने लगे हैं। ज्ञात होगी पिछले सप्ताह हजारीबाग के सीएस डॉ अशोक कुमार के द्वारा बड़कागांव के कुछ नर्सिंग होम में औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें शांति नर्सिंग होम में सभी प्रकार की कागजात सहित अन्य समान सही पाया गया था इसके अलावा बड़कागांव प्रखंड के कई नर्सिंग होम के संचालक अपने नर्सिंग होम को बंद कर फरार हो गये थे। वजूद इसके हजारीबाग सीएस के द्वारा रुक्मणी भवन में संचालित बंधन नर्सिंग होम में ताला खुलवाने का कई उपाय लगाया गया था परंतु नहीं खुल पाया था। इसके बाद हजारीबाग की ने बड़ागांव के सभी अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड संचालकों को दो दिन के अंदर अपने सभी कागजात सौंपने की बात कही गयी थी इसके साथ-साथ सभी अवैध संचालक को सभी सुविधा उपलब्ध और कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद चालू करने की बात कही गयी थी परंतु हजारीबाग के की अशोक कुमार के बड़कागांव से जाते हैं कुछ ही मिनट में सभी अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्र खुल गया था।




### मरीज और परिजनों के साथ की जाती है मनमानी

नर्सिंग होम के संचालक मरीजों और उनके परिजनों के साथ मनमानी करते हैं। इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के बाद भी उन्हें समुचित उपचार मुहैया नहीं कराया जाता है। जिला भर में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन अभी तक कार्रवाई किसी संचालक पर नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि जो क्लीनिक और नर्सिंग होम नियमों और शर्तों की पूर्ति नहीं करते हैं, निरीक्षण करने के दौरान संबंधित टीम सख्त रुख अख्तियार तो करती है लेकिन सिर्फ दिखावे के लिये। बाद में पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। बड़कागांव के कई नर्सिंग होम में इलाज के दौरान जच्चा बच्चा और मरीजों की मौत हो जाती है। पीड़ित व्यक्ति के रिश्तेदारों पर राजनीतिक प्रभाव का भी इस्तेमाल करते है और केस मुकदमा नहीं हो इसके प्रयास में जुट जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ऐसे फर्जी संचालकों पर कब तक कार्रवाई करती है यह देखना होगा।

### क्या कहना है हजारीबाग के सीएस का

इस संबंध में हजारीबाग सीएस अशोक कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमने चार सदस्य टीम गठित कर दिया है वह टीम सभी नर्सिंग होम के कागजात और व्यवस्था को चेक करेंगे। जो भी नर्सिंग होम में अनियमित पाया जायेगा उसे पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

**कार्रवाई से पहले कैसे मिल जाती है सूचना बना चर्चा का विषय :** बड़कागांव प्रखंड में कई बार स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों के द्वारा अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए औचक निरीक्षण किया जाता है परंतु निरीक्षण से पहले ही अवैध नर्सिंग होम संचालकों को आला अधिकारियों की आने की सूचना कैसे प्राप्त हो जाती है यह बड़कागांव के चौक चौराहा में चर्चा का विषय बना हुआ है चुकी हर बार यह देखा जाता है कि जब भी अधिकारी बड़कागांव कार्रवाई के लिए पहुंचते हैं उससे पहले ही सभी अवैध नर्सिंग होम संचालक अपने नर्सिंग होम को बंद कर फरार हो जाते हैं। और अधिकारी को बैरंग वापस लौटना पड़ता है।

# 400 साल पुराना है नृसिंह स्थान मंदिर

**कार्तिक पूर्णिमा के दिन लगेगा ऐतिहासिक मेला जुटेंगे हजारों श्रद्धालु**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के खपरियावां पंचायत स्थित प्रसिद्ध नृसिंह स्थान मंदिर में इस वर्ष भी पारम्परिक कार्तिक पूर्णिमा सह नृसिंह मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा इस बार भी जिले और आसपास के क्षेत्रों में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी बनेगी। मंदिर प्रबंधन समिति और स्थानीय प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश, यातायात और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

**कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक उत्सव का उल्लास :** प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री नृसिंह स्थान मंदिर में भव्य मेला लगता है, जिसमें झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूर्णिमा से पूर्व एकादशी की संध्या में 1001 दीपों से मंदिर परिसर को सजाया गया था। पुर्णिमा के दिन प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। नृसिंह भगवान के दर्शन के साथ-साथ भक्तजन यहां स्नान, दान-पुण्य, मुंडन, जनेऊ, विवाह और वाहन-पूजन जैसे मांगलिक कार्य भी संपन्न करते हैं। इतिहास के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना सन 1632 में पंडित दामोदर मिश्र (दामोदर दास) द्वारा की गयी थी। दामोदर दास मिश्र तंत्र मंत्र ज्योतिष आयुर्वेद के लब्धप्रतिष्ठित ज्ञाता के साथ-साथ महामाया और श्रीविष्णु के अनन्य भक्त थे, जिन्होंने अपने कठीन तपस्या कर अपने तपोबल से श्रीहरि को प्रसन्न किया। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु के शांति स्वरूप में श्रीनृसिंह की लगभग पांच फुट ऊंची ग्रेफाइट पत्थर की प्रतिमा स्थापित है। विशेष बात यह है कि मंदिर के गर्भगृह में, शिवलिंग भी विराजमान है, जो लगभग तीन फुट नीचे स्थित है। यही कारण है कि यह स्थल वैष्णव और शैव दोनों परंपराओं का संगम स्थल माना जाता है।

**मेले में सांस्कृतिक और व्यापारिक रौनक :** मेले के दौरान मंदिर परिसर के चारों ओर सैकड़ों दुकानें सजती हैं। झूले, खिलौने, मिठाइयां, ग्रामीण हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के बाजार लगते हैं मेले की विशेष पहचान ईख (कतारी) और गेंदा के फूलों से हैं।

**आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का संगम :** नृसिंह स्थान का यह पारंपरिक मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की लोकसंस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में जब हजारों दीप जलते हैं और जय नृसिंह भगवान२ के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता है, तब यह स्थान सचमुच आस्था का केंद्र बन जाता है।

## एतवारी छठ पूजा को लेकर भंडारा का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह1 पंचायत के ग्राम नावाडीह महतो टोला में इस वर्ष भी एतवारी छठ पूजा महापर्व के अवसर पर आदर्श बाल मंडली के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन सोमवार को किया गया। भंडारा का शुभारंभ 11 कन्या को कॉपी कलम, पेंसिल और भोजन कराके किया गया। भंडारे में पूरे गांव के लिए खिचड़ी की व्यवस्था की गयी थी। आदर्श बाल मंडली समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें स्थानीय व्यवसायी और ग्रामीणों का सहयोग रहता है। पूरे साल लोग अपने व्यवसाय और अन्य कामों में लगे रहते हैं परन्तु समाज के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। इसी बहाने लोगों को एक साथ भोजन करने का अवसर मिलता है और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हैं।

# कोडरमा में स्वास्थ्य व्यवस्था और चाईबासा घटना को लेकर भाजपा ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को राज्यभर के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसी क्रम में कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भाजपा जिला इकाई के द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की और संचालन जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण और मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। धरना के माध्यम से भाजपा ने झारखंड की ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्था तथा चाईबासा में मासूम बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने की भयावह घटना पर कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह राज्य सरकार की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता का प्रतीक है। पार्टी ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने और पीड़ित बच्चों को न्याय और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जनता इलाज के लिए भटक रही है और सरकार सोई हुई है। कोडरमा में दो वर्षों से अल्ट्रासाउंड बंद है और अपने आदमी को लाभान्वित करने के लिए बाजार से अल्ट्रासाउण्ड कराया जाता है। कोडरमा अस्पताल में दवा भी उपलब्ध नहीं है। कोडरमा अस्पताल में भी एक बच्चे को जांच के दौरान एचआइवी पॉज़िटिव पीड़ित बताया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश चंद्रवंशी ने कहा कि चाईबासा की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के रहते जनता का जीवन असुरक्षित है, भाजपा जनहित में आंदोलन जारी रखेगी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र सिंह ने कहा कि यह सरकार केवल भ्रष्टाचार में लिप्त है, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा की स्थिति दयनीय है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम ने कहा कि अब जनता इस सरकार से जवाब मांगेगी, भाजपा जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतरी है। धरना प्रदर्शन में भाजपा के जिला महामंत्री विजय यादव, राजेश सिंह, जूही दास गुप्ता, देवनारायण मोदी, दिनेश सिंह, शशि भूषण प्रसाद, अनिता देवी, सुधीर यादव, अरसद खान, प्रभाकर लाल रावत, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, नरेंद्र पाल, द्वारिका राणा, महेश वर्मा, विनोद कुमार सिंहा, सुरेंद्र नारायण सिंह, उत्तम कुमार, शंकर कुमार सिंह, राजू कुमार, कैफ अली खान, अजीत कुमार, मनोज सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, महेंद्र ठाकुर, संजय कुमार पासवान, पवन कुमार सिंह, नंदकिशोर भारती, अनिल शर्मा, विनोद सिंह, राजेश कुमार सिंह राजू भैया, विक्रम सिंह, भगवान दास साहू प्रेमांशु कुमार राजू विश्वकर्मा, बाबू सिंहा, नरेश प्रसाद, अशोक पांडे, महेंद्र ठाकुर, अनिल शर्मा, सूरज कुमार, बलराम भारती आदि उपस्थित रहे।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार राज्य की सीमा से सटे इलाके गोरमोरवा और मूर्तिया के जंगलों और नदी किनारों में छापेमारी की गयी। यह अभियान चोरदाहा चेक पोस्ट में पदस्थापित उत्पाद कर्मियों और बिहार मद्य निषेध विभाग, गया की टीम के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया। इस दौरान ड्रोन कैमरे की सहायता से घने जंगलों में संचालित अवैध महुआ शराब की 6 भट्ठियों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 3800 किलोग्राम किन्वित जावा महुआ, शराब बनाने की सामग्री तथा उपकरणों को नष्ट किया गया और करीब 230 लीटर तैयार महुआ चुलाई शराब को जब्त किया गया। संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक, उत्पाद सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक, मद्य निषेध विभाग गया अभय कुमार, तकनीकी टीम से उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह, सशस्त्र गृहरक्षा वाहिनी के जवान मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानदारों को कमीशन नहीं मिलने पर बैठक कर दिया अल्टीमेटम



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पीडीएस दुकानदार बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को कोरोना काल से कमीशन की बकाया राशि नहीं मिलने पर सरकार के खिलाफ बैठक की गयी। दुकानदारों ने बताया कि नवंबर माह के अंत तक उन्हें यदि कमीशन की राशि नहीं दी जायेगी तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अध्यक्ष ने बताया कि 2022 के कोरोना काल का कमीशन, 2023 का तीन माह का कमीशन, 2024 का 5 माह का कमीशन और 2025 का 10 माह का कमीशन बकाया है। बताया कि डीलर के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पैसे के अभाव में डीलर अपना इलाज भी नहीं करवा पा रहें हैं। ईलाज के अभाव में झरपो के डीलर राधेश्याम कुशवाहा, भराजो का रामप्रकाश पासवान और होलंग के डीलर ठाकुर महतो की मृत्यु हो चुकी है। वे पैसे के अभाव में पूर्ण ईलाज नहीं करा पाये। डीलर संघ ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि नवम्बर माह के अंत तक उन्हें कमीशन दिया जाये, अन्यथा वे आंदोलन को बाध्य होंगे। बैठक में जगदेव प्रसाद, अशोक गुप्ता, अरुण राम, विजय प्रकाश मेहता, गणेश गोप, उगन यादव, झमन राम, दशरथ महतो, मोहन प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, भुवनेश्वर साव, कामेश्वर महतो, रोहित पासवान, खेमलाल राम, नारायण राम, चूरामन महतो, राधा गोविंद महतो, सहदेव राणा, मो फरीद, सुरेश प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## झुमरीतिलैया में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत सोमवार को झुमरीतिलैया नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के झंडा चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय सेठ ने की जबकि मौके पर मुख्य रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, वरिष्ठ कांग्रेसी अरविंद सेठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला सचिव सहूद खान, जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष सोनू वारसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री सेठ ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांग्रेस जनों और सम्मानित जनता से पच्चीस लाख के लगभग हस्ताक्षर संग्रहित करा कर अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय में जमा किया जाना है। कोडरमा जिला और झुमरीतिलैया नगर से दस हजार से अधिक हस्ताक्षर जमा हो चुके हैं जबकि आगामी 4 नवंबर को अधिक से अधिक हस्ताक्षर प्रदेश कार्यालय में जमा करने का लक्ष्य है। वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक अवस्थी, सुबोध कुमार, प्रदीप सिंह, हृदयनंद मिश्रा, रानी खातून, सोनू केसरी, सतीश कुमार, विजय साहू, मुस्ताक आलम, जहांगीर खान, राजेश शर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित जिला और नगर के कांग्रेसजन उपस्थित हुए।

## जन सवालों को लेकर 11 को धरना प्रदर्शन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड भाकपा माले प्रखंड सचिव मुन्ना यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि जनता के जन सवालों को लेकर 11 नवंबर को 11 बजे दिन से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष विभिन्न सवालों को लेकर धरना दिया जायेगा। ज्ञात हो कि दिनांक 18 मार्च 2025 को पार्टी की ओर से धरना दिया गया था जिस पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुआ। जयनगर में बाइपास रोड का निर्माण, मंईयां सम्मान के लाभ से वंचितों को शीघ्र लाभ दिया जाये। वृद्धा पेंशन, विधवा, दिव्यांग पेंशन के वंचितों को शीघ्र लाभ देने। पेंशन की राशि तीन हजार प्रति माह करने, नया राशन कार्ड बनाने व कार्ड में नाम जुड़वाने के आवेदन पर जल्द काम करने, प्राथमिक शिक्षा दुरुस्त करने, स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर बैठने की गारंटी व दवा सुनिश्चित करने, पंचायत भवन व सरकार आपके द्वार में लिए गये आवेदनों पर त्वरित करवाई करने, पंचायत सेवक, हल्का कर्मचारी को पंचायत भवनों में व तहसील भवनों में बैठने की गारंटी करने, भ्रष्टाचार और घूसखोरी पर रोक लगाने, जमीन की दाखिल खारिज व खाता प्लॉट रकवा ऑनलाइन सुधार संबंधी कार्यों में तेजी लाने, कैंप लगाकर लिए गये भूमि संबंधित आवेदनों पर त्वरित कार्य करने की गारेंटी करने की मांग की गयी। अंचल सचिव मुन्ना यादव ने आवेदन में लिखा है कि अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि धरना की अवधि में उपस्थित रहकर मांगों को पूरी करें।

## पंचतत्व सेवा संगठन का वार्षिकोत्सव कल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पंचतत्व सेवा संगठन कल 5 नवंबर को अपना पहला वर्षगाठ मनायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पाराडाइज रिसोर्ट में किया गया हैं। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के राज्यपाल डा संतोष कुमार गंगवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत जिले के सभी विधायक शामिल होंगे। संगठन के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पंचतत्व सेवा संगठन मुख्य रूप से आयुर्वेद से जुड़ी हुई है, जो आमलोगों के स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। पुराने समय में आयुर्वेद से ही सभी बीमारियों का इलाज होता था और लोग स्वस्थ्य रहते थे। एलोपैथ में बीमारियां जड़ से खत्म नही होती हैं और एलोपैथिक दवा का साइड इफेक्ट भी होता हैं। किसी भी बीमारी का स्थाई इलाज आयुर्वेद से ही संभव हैं। संस्था आयुर्वेद के नये केंद्र लगातार खोल रही हैं साथ ही अपनी योजनाओ द्वारा लोगों को लाभान्वित कर रही हैं। हर जिले में आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र खोले जा रहा हैं। जहां नि:शुल्क इलाज होता हैं।

## पालू पिपरी टोला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** काली पूजा समिति के तत्वावधान में पालू पिपरी टोला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। जबकि आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गूंज म्यूजिकल ग्रुप रांची के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुखिया पानो देवी बंधन गंझू गंगाधर महतो अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दुर्घटना में हुई मौत पर भारत माला परियोजना के जोनल मैनेजर ने दिया पांच लाख



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला चारू पथ कालीनाथ चौक के समीप महतो द्वार के पास रविवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक दुलमी के होहद निवासी सहजू महतो 32 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता बजरंग महतो, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी मौके पर पहुंचे और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और भारत माला प्रोजेक्ट के जोनल मैनेजर अमरेश कुमार से वार्ता की। वार्ता के दौरान पीड़ित परिवार को कंपनी में नौकरी और पांच लाख मुआवजा देने पर सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि सहजू महतो अपनी ग्लेमर मोटरसाइकिल संख्या जे एच -24सी -5875) से गोला से अपने गांव होहद लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान पर ढलाई का लिप्ट लदा ट्रेक्टर में निकले एंगल से संपर्क हो गया था। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। वार्ता में पंकज महतो, विशु रजवार, प्रशांत महतो, अरुण दांगी, सिकनी मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर महतो, गौरीशंकर महतो सहित कई मौजूद थे।

## सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नये महाप्रबंधक बने राजीव



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रजरप्पा क्षेत्र के नये महाप्रबंधक के रूप में राजीव सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। सिंह इससे पूर्व सीसीएल मुख्यालय, रांची में महाप्रबंधक (संचालन) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। माइनिंग क्षेत्र में उनका अनुभव बहुत अच्छा रहा था, जो लगभग 37 वर्षों का है। उन्होंने आइआइटी (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ माइंस), धनबाद से माइनिंग इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी और वर्ष 1988 में कोल इंडिया लिमिटेड में अपने कैरियर की शुरुआत की। अपने लंबे कैरियर के दौरान सिंह ने सीसीएल और एनसीएल दोनों में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर कार्य किया है। वे इससे पहले अरगड़ा क्षेत्र के महाप्रबंधक और महाप्रबंधक (सीएमसी) के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में कार्यभार संभालने के उपरांत राजीव सिंह ने कहा कि वे उत्पादन वृद्धि, खान सुरक्षा पर विशेष ध्यान, व पर्यावरण संरक्षण और कर्मचारियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम वर्क और आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों के माध्यम से रजरप्पा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा।

## मोंथा का खत्म हुआ असर, कोहरे के चादर में लिपटा शहर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चक्रवर्ती तूफान मोथा का असर खत्म होते ही जाड़े ने दस्तक दी है। सोमवार को जब लोगों की नींद खुली तो पूरा शहर कोहरे के चादर में लिपटा हुआ नजर आया। हाईवे से लेकर शहर की गालियों तक में घने कोहरे ने लोगों को चौक दिया। ऐसा कोहरा पिछले कई वर्षों में लोगों ने नहीं देखा था। विजिबिलिट इतनी कम थी की गाड़ियों को चलाने में भी भारी परेशानी हो रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर तो भारी वाहन किनारे खड़े होकर कोहरा छंटने का इंतजार करते नजर आये। स्कूल जाने वाली गाड़ियों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हर चौक चौराहे पर गर्म कपड़े पहने स्कूली छात्र गाड़ियों का इंतजार करते नजर आये। मौसम वैज्ञानिक शशिकांत चौबे के अनुसार सर्दियों का मौसम लोगों को इस बार काफी सताने वाला है। हिमालय पर जमीं बर्फ ने कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड दिया है। ऐसे में ला नीना का असर भी जोरदार रहेगा। बीते कई वर्षों से कहीं अधिक इस बार पहाड़ी और मैदानी इलाके में सर्दियों का प्रकोप रहेगा। इस बार उम्मीद की जा रही है की सर्दियों का मौसम लगभग चार महीने तक रह सकता है।

## सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कार्यो को लेकर डीसी ने की समीक्षा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शंकर प्रसाद के द्वारा डीसी को रामगढ़ जिले में केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गयी। इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 25620 लाभुकों को सिंतबर 2025 तक पेंशन प्रदान कर दिया गया है। राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के तहत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा डीसी को जानकारी दी गयी की सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआइवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना और मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना के तहत स्कूल 96464 लाभुकों को अक्टूबर तक का पेंशन उपलब्ध करा दिया गया है। बैठक के दौरान डीसी ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग को रामगढ़ जिला अंतर्गत ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने पर विशेष ध्यान देते हुए शिविर आयोजित कर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

## सलैया पंचायत के विभिन्न गांवों में एक हजार एकड़ में धान की फसल हुई बर्बाद

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हुए बारिश के कारण सलैया पंचायत के सभी गांवो में धान सड़ने की खबर आई है। बारिश के कारण धान की क्षति लगभग एक हजार एकड़ में होने की बात बतायी जा रही है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया मनोज पासवान ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए। मुखिया ने बताया कि सलैया पंचायत के अंतर्गत दस गांव हैं। सभी गांव में धान कटनी हो चुकी थी। लगातार पांच दिनों के बारिश में पूरा खेत पानी से लबालब भर गया। जिसके कारण खेत में लगे पांत पूरा तरह से डूब गया और धान के बाली में (झार) अंकुरण हो गया। इस संबंध में मुखिया ने चतरा उपायुक्त और राज्य सरकार से किसानों को फसल की मुआवजा दिलाने के लिए मांग किया है।

# घने कोहरे के बीच प्रभात फेरी के अंतिम दिन गुरवाणी से गूंजा शहर

**गुरु नानक जयंती आज**

**कर किरपा तेरे गुण गांवा, अमृत वेले बोल्या बबीहा...**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार जसकीरत सिंह सैनी, गुरजोत सिंह सैनी, जसकीरत सिंह सैनी, मन्नत सिंह, राजा सिंह, राजा कौर निशान साहेब लेकर अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक, मेन रोड होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। प्रभात फेरी में पांच निशान सब लेकर सिख बच्चे लाइट एंड साउंड के साथ आगे आगे चल रहे थे।

**प्रभात फेरी में शामिल साध**



### प्रभातफेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी में प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी, तेजेंद्र सिंह सोनी, जगजीत सिंह सोनी, मंजीत सिंह, विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, हरजीत सिंह छाबड़ा, कंवलजीत सिंह लांबा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, गुरजीत सिंह सलूजा, जगजीत सिंह सोनी, कमल जस्सल, विक्की छाबड़ा, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, जसविंदर सिंह छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, गुरजोत सिंह सैनी, जसकीरत भाटिया, रौनक छाबड़ा, बिट्टी छाबड़ा, यश छाबड़ा, मन्नत सिंह, बबलू छाबड़ा, सूमी जॉली, गुरबक्श कौर सैनी, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, सोनम कालरा, कुदरत छाबड़ा, बलविंदर कौर छाबड़ा, शरण कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा, बलविंदर कौर पवार, बबली सोनी, निक्की लांबा सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

**संगत का हुआ स्वागत :** प्रभात फेरी का स्वागत खालसा क्रिकेट क्लब के द्वारा किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह अरोड़ा और मनजीत सिंह ने विक्की छावड़ा और अनु छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभात फेरी की सेवा खालसा क्रिकेट की तरफ से चाय नाश्ते का प्रबंध गुरुद्वारा साहिब में किया गया। वही, स्व जसवंत सिंह छाबड़ा के परिवार वालों ने निशान साहब की सेवा की। इस दौरान साध संगत गुरुवाणी पेश किया। जिसमें, कर किरपा तेरे गुण गांवा अमृत वेले बोल्या बबीहा, ता दर सुनी पुकार, सब ते वड्डा सतगुरू नानक जिन कल राखी मेरी..जैसे शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

### आज निकलेगी शोभायात्रा

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर मंगलवार को भव्य यात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा बिजुलिया स्थित जौली निवास से 1:30 बजे निकाली जायेगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# कुजू में सांसद सीपी चौधरी का स्वागत

**कोल कारोबारियों की समस्याओं के समाधान हेतु खड़ा रहूंगा : सीपी चौधरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कुजू।** सीआइएल द्वारा लागू बैंक गारंटी व कोल सैंपलिंग नीति को वापस कराने में जोरदार पहल किये जाने पर कोल कारोबारियों ने सोमवार को कुजू में सांसद सीपी चौधरी का भव्य स्वागत किया। साथ ही, भव्य समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया। वहीं, मांडू विधायक निर्मल महतो का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि कोल इंडिया द्वारा समय-समय पर नए नीति लाकर कोयला कारोबारियों का शोषण किया जाता है। परंतु इस बार कोल इंडिया के नई नीति के विरुद्ध कुजू के कोयला कारोबारियों द्वारा तत्परता के साथ विरोध किया गया। जिसके कारण मजबूरन कोल इंडिया को यह नीति वापस लेनी पड़ी। कुजू के कोयला कारोबारियों ने जो तत्परता दिखाई है, उसकी आज पूरे कोल इंडिया में चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोयला कारोबारियों के साथ में हर समय उनके समस्याओं के निराकरण के लिए खड़ा हूं। अगर किसी प्रकार की समस्या होती है तो वह सीधे तौर मुझसे संपर्क कर सकते है। वहीं, विधायक निर्मल महतो ने कहा कि कुजू के कोयला कारोबारियों की एकजुटता और सांसद सीपी चौधरी के पहल से कोल इंडिया लागू किये गये नीति को वापस लिया है। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में विधायक मद से कम्युनिटी हाल और सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने की बात कही। इससे पूर्व, कोल कारोबारियों ने सांसद और विधायक को गाजे-बाजे के साथ जुलूस के साथ ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू ले जाया गया। इस अवसर पर काशीनाथ महतो, रामभजन लाल महतो, उपेंद्र सिंह, राजेश्वर गंझु, अशोक कुमार, धनंजय सिंह, राकेश मेहता, सुधान सिंह, विजय कुमार साहू, अशोक चौधरी, सुधेश्वर चौधरी, बालेश्वर शर्मा, मनोज जैन, अनिल सिंह, मनोज साव, कल्याण पांडेय, विनोद गर्ग, गुड्डू सिंह आदि शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बनगड्डा में रविवार को हुई एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। हादसे के बाद सोमवार को शहर बिजुलिया पुल के पास परिजनों ने शव को सड़क पर रख कर जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम रामगढ़ से पतरातू जा रहे छोटकी मोर्राम निवासी आनंद मुंडा 31 वर्ष और प्रदीप मुंडा 43 वर्ष की सड़क हादसे में मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार आनंद मुंडा और प्रदीप मुंडा एक तीन वर्षीय बच्चे को लेकर पतरातू जा रहे थे। उनकी बाइक की डिक्की में छठ का प्रसाद भी भरा पड़ा था। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बनगड्डा गांव के पास एक बाइक ने उनकी बाइक संख्या जेएच 24 एन 5487 को चकमा दिया। इससे उनकी बाइक पलटी और डिवाइडर से टकरा गयी। बाइक पर सवार आनंद और प्रदीप दूसरे लेन में फेंका गए और तीन वर्षीय बच्चा झाड़ी में फंस गया। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक बोलोरो जेएच 01 बीएक्स 9439 ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पुलिस ने तत्काल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी रमेश रविदास और रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने लोगों को समझाने की कोशिश की। अंचल अधिकारी ने बताया कि जिस इलाके में दुर्घटना होती है इस क्षेत्र से तत्काल 2 लाख रुपए का मुआवजा आपदा प्रबंधन से मिलना है। इसके लिए संबंधित अंचल कार्यालय से पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता सूची और बेनिफिशियर का बैंक खाता नंबर जरूरी होता है। आंदोलन कर रहे लोगों को सारी जानकारी देने के बाद जाम खत्म कराया गया।

## चतरा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प, आधा दर्जन घायल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** राजपुर थाना क्षेत्र के मनगडा गांव में जमीन विवाद ने एक बार फिर खूनी रूप ले लिया है। आपसी जमीन विवाद को लेकर आज सुबह दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक परिवार के कई सदस्य बुरी तरह घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, मनगडा गांव निवासी तुलसी यादव, उनकी पत्नी रेनू देवी, उनके पिता, पुत्र और पुत्री को बेरहमी से पीटा गया है। सदर अस्पताल में इलाजरत तुलसी यादव के पुत्र ने बताया कि आज सुबह करीब सात बजे उनके गांव के ही रामस्वरूप यादव, जोधी यादव, चांदो देवी (तीनों पिता स्व. केतु यादव), रंजन यादव, जमुना देवी, रीना देवी समेत अन्य लोगों ने अचानक उनके घर पर हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि जब तक वे कुछ समझ पाते, हमलावरों ने उन पर बेरहमी से हमला कर दिया, जिससे परिवार के सभी सदस्य घायल हो गए घायलों को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल तुलसी यादव को प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक, इस जानलेवा हमले के संबंध में स्थानीय थाना राजपुर में मामला दर्ज नहीं किया गया था। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस से जल्द से जल्द प्राथमिकी दर्ज कर हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भाजपा का प्रदर्शन

**राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट, स्वास्थ्य मंत्री को करे बर्खास्तः प्रवीण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सोमवार को रामगढ़ सिविल सर्जन कार्यालय के समीप चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित गरीब आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के दोषी पदाधिकारी सहित राज्य के स्वास्थ्य विभाग में आकंठ डूबे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने भ्रष्ट निकम्मे स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के गेट पर हेमंत सोरेन हाय हाय, इरफान अंसारी को बर्खास्त करो, संक्रमित बच्चों को इन्साफ दो के जोरदार नारों से विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

**सरकार गठन के बाद लगातार मर्माहत की खबरे आ रही हैः प्रवीण :** मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आये दिन मर्माहत करने की घटनाएं सरकारी अस्पतालों में घटित हो रही है। सबसे बुरा हाल तो स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के कार्यकाल में हो रहा है। पूरे झारखंड प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। जिस तरह से चाईबासा में संक्रमित खून चढ़ाने की घटना घटी है यह घोर लापरवाही है। इस घटना से सरकारी अस्पतालों में डर का माहौल बन चुका है। हम हेमंत सोरेन सरकार से मांग करते हैं कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को तुरन्त बर्खास्त किया जाये और पूरे प्रकरण की सिटिंग जज से अथवा सीबीआइ से ऊंच स्तरीय जांच की जाये और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले।



### कौन कौन थे उपस्थित

मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणनंजय कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला, सरदार अनमोल सिंह, कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, भीम सेन चौहान, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा देवी, मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, संजय शाह, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, बबलू साव, अशोक कुमार, नरेश साव, राजेश कुमार, वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, मनोज कुमार महतो, जगदीश शर्मा, जितेन्द्र साहू, संतोष कुमार साह, अर्जुन प्रसाद वर्मा, सुशांत पांडेय, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल, जय किशोर ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीसीएल की जमीन पर शराब का कारोबार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की कथित जमीन अवैध शराब के लिए संजीवनी बनी हुई हुई है। सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब की भट्ठियां संचालित है। गाहे-बगाहे उत्पाद विभाग की छापेमारी के बावजूद धंधा वर्षों से चल रहा है। सीसीएल क्षेत्र में कैसे गैर सीसीएल कर्मी हावी होकर अवैध शराब निर्माण कर रहे हैं यह प्रबंधन बेहतर बता सकती है। कोयला उत्पादन के लिए स्थानीय लोगों से अधिग्रहित की गयी जमीन पर नशे का गोरखधंधा समूचे सिस्टम पर सवाल खड़े कर रहा है। भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल टिपला साइडिंग में विगत कई वर्षों से होती छापेमारी के बावजूद आज भी बदस्तूर अवैध शराब की दर्जन भर भट्ठियां संचालित हैं। कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कारोबार पर आज तक अंकुश नहीं लग सका है। स्थानीय लोग बताते है कि कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होती है और कारोबारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं होती है। जिससे कारोबारी बेखौफ शराब का अवैध कारोबार करते आ रहे है। वहीं क्षेत्र के रैयत विस्थापित बताते हैं कि मदनाटांड़ में सीसीएल की जमीन पर शराब की कई अवैध भट्ठियां सीसीएल की जमीन पर संचालित है। मिली भगत से शराब कारोबारियों को प्रश्रय दिया जा रहा है। जमीन का उपयोग नहीं हो रहा है तो इसे रैयतों को वापस करना चाहिए। जिससे वे खेती बाड़ी कर अपनी जीविका चला सकें।

## 50 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**प्रतापपुर /चतरा (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। प्रतापपुर थाना अंतर्गत गजवा अस्थायी चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान 50 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जब्त की गयी है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई तब हुई जब BR02AN-0895 नंबर की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पीछे की सीट पर प्लास्टिक के दो बोरे में सामान ला रहे थे। चेकिंग देख, दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल घुमाकर कच्चे रास्ते की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और स्थानीय चौकीदार ने पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। बोरे की जांच करने पर, पुलिस ने पाया कि एक पीले रंग के बोरे में 6 पैकेट में 5-5 लीटर (कुल 30 लीटर) और दूसरे बोरे में 4 पैकेट में 5-5 लीटर (कुल 20 लीटर) अवैध देशी महुआ शराब थी, यानी कुल 50 लीटर अवैध शराब जब्त की गयी। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। इस छापेमारी दल में मजिस्ट्रेट श्रवण कुमार (कनीय अभियंता, प्रतापपुर ब्लॉक), सअनि जय कुमार सिंह, सअनि मांझी राम मुर्मु (उत्पाद विभाग, चतरा), पुलिस सशस्त्र बल और स्थानीय चौकीदार शामिल थे।

## लापता व्यक्ति का शव बरामद

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पिछले 10 दिनों से लापता प्रखंड क्षेत्र के कुब्बा गांव के एक व्यक्ति का शव सोमवार को एकतारा गांव के एक कुएं से बरामद किया गया। मृतक कुब्बा गांव के स्वर्गीय बद्दू भुइयां का 50 वर्षीय पुत्र दशरथ भुइयां है। जानकारी के अनुसार दीपावली के दो दिन बाद दशरथ भुइयां अपने घर से निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटने पर परिजन दशरथ भुइयां के खोजबीन में जुटे हुए थे। इसी दौरान सोमवार को कुब्बा गांव से सटे एकतारा गांव के एक कुआं में ग्रामीणों ने एक शव को देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रभात कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुआं से निकाला गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गौशाला परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजन

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** गौशाला परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब रामगढ़ को गौशाला के प्रति उनके निरंतर सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौशाला प्रबंधन समिति ने क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनर व्हील क्लब रामगढ़ सदैव समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहा है, और गौसेवा में उनका योगदान अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से गौशाला को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की गई, जिससे जो गौमाताऐं दूध नहीं देती है,उनके चारे, चिकित्सा एवं देखभाल में सहायता मिल सकेगी। क्लब सदस्याओं ने गौसेवा का संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे भविष्य में भी गौसंरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/सांतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल, नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार www.ireps.gov.in वेबसाइट में ई-निविदा के माध्यम से संबंधित योग्य ठेकेदारों से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रमांक; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य और बयाना राशि/बोली सुरक्षा** क्रमशः: (1); इलेक्ट-ओटी-25-26-एसपीपी2-31; सांतरागाछी: सांतरागाछी क्षेत्राधिकार (चरण 2) में सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना और निर्माण; ₹ 14,97,07,778.57; ₹ 8,98,500.00. (2); इलेक्ट-सीएचजी-25-26-आरवाई750-32; सांतरागाछी कोचिंग डिपो में रिसेप्शन यार्ड लाइन पर ईओजी कोचों के लिए 750वी आपूर्ति का प्रावधान; ₹ 3,29,97,015.72; ₹ 3,15,000.00. **निविदा बंद होने की तिथि:** 21.11.2025 को 11:00 बजे। संबंधित ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही www.ireps.gov.in वेबसाइट में इसके लिए आवेदन करें। इस निविदा के लिए कोई ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। कृपया विवरण के लिए दस्तावेज़ अनुभाग में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ को ध्यान से पढ़ें। निविदा सूचना, निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण www.ireps.gov.in में दिए गए हैं। (PR-794)

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, द. पू. रेलवे/ रांची-834003 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **ई-निविदा सूचना संख्या:** एम-41-ओबीएचएस-एलडी-आरएनसी-66; **कार्य का नाम:** कोचिंग डिपो, हटिया की प्राथमिक ट्रेनों में एसी कोचों में ऑन बोर्ड सफाई और स्वच्छता सेवा और लिनेन वितरण प्रदान करना, 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए; **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 62,11,22,903.64; **बयाना राशि:** ₹ 32,55,600.00; **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 25.11.2025 को 15.00 बजे; वेबसाइट का विवरण और जानकारी: www.ireps.gov.in (PR-793)

**AFFIDAVIT**

**As per Affidavit Ref. No.:15 Date:30.11.2025 I, BIREN PODDAR S/O LATE GOPESH PODDAR, Aged: 50 years, Occu: Agriculture, Vill-PO. Bandu, PS. Ichagarh. Seraikella-Kharswan District. (Aadhar No 885704050823),** do hereby solemnly affirm on oath and state as under.

I am the deponent herein as such I am well acquainted with the fact of this affidavit.

**I submit that I am presently residing at Vill+PO- Bandu, PS-Ichagarh, Seraikella-Kharswan District (Jharkhand).**

**That I am the Father of NITAY PODDAR S/O BIREN PODDAR Aged: 33 years (Date of Birth:17-07-1992), Occu: CAPF (SSB-Paramilitary) with UIN- 13141327, Reg:-130459316 Resident of Vill+PO- Bandu, PS- Ichagarh, Seraikella-Kharswan District. (Aadhar No.-528077351573).**

I here with giving Particular of Dependent Members of my Son

| Name of the Dependent's | Age | Relationship |
|---|---|---|
| BIREN PODDAR | 50 (01.01.1976) | Father |
| KALPI PODDAR | 46 (08.05.1980) | Mother |

And I require the Dependent Certificate for the purpose of Govt. Facility for Dependent's So 1 request to concern authority to consider the same and issue the Dependent Certificate for the same. I am also declaring that I am speaking truth and nothing is concealed in this regard. In case of my declaration provide false, I am held responsible appropriate legal action including criminal prosecution.

Therefore, it prayed to concern authority to acknowledge the same and issue the dependent Certificate above said reasons, hence this Affidavit.

# खामियों ने ली जान

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में मची भगदड़ से हुई मौतों के लिए व्यवस्था की खामी जिम्मेदार है। ऊपर से घटना के बाद जिस तरह से बयान दिये जा रहे हैं, वह पीड़ितों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है।

**जानकारी क्यों नहीं :** यह मंदिर कुछ महीने पहले ही खोला गया था और राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जिले के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। हालांकि इससे यह जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती कि एक धार्मिक स्थल पर क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग जुटते चले गये, और फिर भी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को भनक कैसे नहीं लगी।

**लापरवाही पड़ी भारी :** सरकार और मंदिर प्रबंधन की बातों से लग रहा है कि दोनों पक्ष घटना से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण ओड़िशा के जिस शख्स हरि मुकुंद पांडा ने कराया है, उनका कहना है कि सीढ़ियों की रेलिंग टूटने से हादसा हुआ। लेकिन, यही वजह तो काफी नहीं। भगदड़ मचने के बाद श्रद्धालुओं को बाहर जाने का रास्ता नहीं मिल पाया, वह व्यवस्थापकों की लापरवाही का नतीजा है।

**सरकारों को समझना होगा कि क्राउड मैनेजमेंट भारत जैसे देश की जरूरत है। मुआवजे की घोषणा करके मामले को हल्का किया जा सकता है, लेकिन जवाबदेही तय हो और लापरवाही पर सजा मिले।**

**पीड़ितों का मजाक :** मंदिर में आने-जाने का एक ही रास्ता था और जब भीड़ अनुमान से अधिक बढ़ती चली गयी, तब भी पुलिस-प्रशासन को सूचित नहीं किया गया। इस पर पांडा का कहना कि इस घटना के लिए कोई जिम्मेदार नहीं, यह एक्ट ऑफ गॉड है - बेहद शर्मनाक है। यह उन लोगों की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है, जिन्होंने अपनों को खोया।

**कई हादसे :** चिंता की बात यह है कि पिछले हादसों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है। केवल आंध्र में ही इस साल यह तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी में तिरुपति और अप्रैल में विशाखापत्तनम के सिम्हाचलम में भगदड़ से कई मौतें हुई थीं। पूरे देश में इस साल अभी तक भगदड़ की विभिन्न घटनाओं में 114 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

**कब सीखेंगे सबक :** तमिलनाडु के करूर में तमिल सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की रैली में हुआ हादसा हो या फिर श्रीकाकुलम की घटना - कुछ गलतियां बार-बार दोहराई जा रही हैं। हादसों के बाद सबक लेने के बजाय जिम्मेदार लोग और संस्थाएं बचने का रास्ता तलाशने लगते हैं। सरकारों को समझना होगा कि क्राउड मैनेजमेंट भारत जैसे देश की जरूरत है। मुआवजे की घोषणा करके मामले को हल्का किया जा सकता है, लेकिन जवाबदेही तय हो और लापरवाही पर सजा मिले।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीएसटी में यह तीव्र बढ़ोत्तरी पिछले सितंबर महीने में जीएसटी दरों में भारी कटौती के बावजूद संभव हुई है। यह घटनाक्रम इस बात को इंगित करता है कि इस बार त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की मांग जबरदस्त रही। यदि अक्टूबर 24 से लेकर अक्टूबर 25 तक जीएसटी की सालाना बढ़ोत्तरी को देखें तो सकल वसूली 9,65,138 करोड़ से 7.8 प्रतिशत बढ़कर 10,40,055 करोड़ हो गयी।**

# अक्टूबर, 2025 में जीएसटी राजस्व तेजी से बढ़ा

पीआइबी

अक्टूबर 2025 में वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी राजस्व की कुल वसूली बढ़कर 1,95,936 करोड़ हो गयी है, जो पिछले साल 2024 के अक्टूबर महीने में संग्रहित 1,87,346 करोड़ की तुलना में 4.6 प्रतिशत ज्यादा है। जीएसटी में यह तीव्र बढ़ोत्तरी पिछले सितंबर महीने में जीएसटी दरों में भारी कटौती के बावजूद संभव हुई है। यह घटनाक्रम इस बात को इंगित करता है कि इस बार त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की मांग जबरदस्त रही। यदि अक्टूबर 24 से लेकर अक्टूबर 25 तक जीएसटी की सालाना बढ़ोत्तरी को देखें तो सकल वसूली 9,65,138 करोड़ से 7.8 प्रतिशत बढ़कर 10,40,055 करोड़ हो गयी। यदि केवल घरेलू स्तर पर जीएसटी की वसूली की सकल मात्रा पर गौर करे तो यह पिछले अक्टूबर 2024 में यह राशि 1,42,251 करोड़ थी, वह अब 2 प्रतिशत बढ़कर अभी इस अक्टूबर 2025 में 1,45,052 करोड़ हो गयी है, जबकि आयात से प्राप्त जीएसटी राजस्व की वसूली में इस दौरान 12.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई जो नीचे दी गयी तालिका से स्पष्ट होता है।

**जीएसटी रिफंड में इस दौरान 39.6 प्रतिशत की मासिक बढ़ोत्तरी हुई है।**

जीएसटी रिफंड में इस दौरान 39.6 प्रतिशत की मासिक बढ़ोत्तरी हुई है, जिसमें घरेलू स्तर पर जीएसटी रिफंड की बढ़ोत्तरी दर 26. 5 प्रतिशत तथा आयात पर लगे जीएसटी की रिफंड दर में 55.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। घरेलू जीएसटी की रिफंड राशि अक्टूबर 2024 के 10,484 करोड़ के मुकाबले बढ़कर अक्टूबर 2025 में 13,260 करोड़ हो गयी तथा विदेशी आयात पर लगी जीएसटी की रिफंड राशि इस दौरान 8,808 करोड़ से बढ़ कर 13,675 करोड़ हो गयी। यदि शुद्ध जीएसटी वसूली की मात्रा देखें तो अक्टूबर 2025 में यह राशि 1,69,002 करोड़ है जिसमे पिछले साल के इसी अक्टूबर महीने में संग्रहित 1,68,054 करोड़ की राशि से 0. 6 प्रतिशत ज्यादा है। जबकि सालाना शुद्ध जीएसटी की वसूली इस दौरान 7.1 प्रतिशत ज्यादा बढ़ी है।




**अक्टूबर 2025 में जीएसटी राजस्व की हुई वसूली भारतीय अर्थव्यवस्था की ठोस प्रगति, त्योहारी सीजन में उपभोग के ऊंचे स्तर और कर प्रशासन की प्रभावी कार्यप्रणाली का द्योतक है। आयात आधारित जीएसटी वसूली में दर्ज बढ़ोत्तरी हमारी व्यापारिक सक्रियता तो वही घरेलू स्तर पर जीएसटी वसूली में दर्ज बढ़ोत्तरी हमारी निरंतर आर्थिक प्रगति को इंगित करती हैं।**

### जीएसटी संग्रहण, अक्टूबर 2025 : एक नजर

| हिस्सा | राशि (करोड़ रुपये में ) |
|---|---|
| केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी ) | 36,547 |
| राज्य जीएसटी (एसजीएसटी ) | 45,134 |
| संयुक्त जीएसटी (आइजीएसटी ) | 1,06,443 |
| चुंगी | 7,812 |
| सकल जीएसटी वसूली | 1,95,936 |

**वर्ष 2025 -26 में मजबूत और निरंतर प्रदर्शन :** भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रही निरंतर बढ़ोत्तरी भारत के घरेलू उपभोग और मांग की मजबूती को प्रदर्शित करने के साथ साथ जीएसटी रिजीम के बढ़ रहे कर दायरे का भी परिचायक है।

**राज्यवार प्रदर्शन :** खुशी की बात ये रही की देश के उद्योग और सेवा प्रधान देश अनेक राज्यों में जीएसटी वसूली में अक्टूबर 2024 की तुलना हुई बढ़ोत्तरी बेहद उल्लेखनीय थी। तालिका 3 में ये देख सकते है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात , तमिलनाडु और हरियाणा इन सभी ने देश के सकल जीएसटी राजस्व वसूली में 40 प्रतिशत का योगदान दिया जो इनके देश में उपभोग और उत्पादन के प्रमुख केंद्र होने का परिचायक है।

गौरतलब है कि बाद में निर्धारित जीएसटी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश के जीएसटी राजस्व के एसजीएसटी और आईजीएसटी दोनों मदों में शामिल है।

**निष्कर्ष :** अक्टूबर 2025 में जीएसटी राजस्व की हुई वसूली भारतीय अर्थव्यवस्था की ठोस प्रगति, त्योहारी सीजन में उपभोग के ऊँचे स्तर और कर प्रशासन की प्रभावी कार्यप्रणाली का द्योतक है। आयात आधारित जीएसटी वसूली में दर्ज बढ़ोत्तरी हमारी व्यापारिक सक्रियता तो वही घरेलू स्तर पर जीएसटी वसूली में दर्ज बढ़ोत्तरी हमारी निरंतर आर्थिक प्रगति को इंगित करती हैं। कुल मिलाकर जीएसटी की ऊंची वसूली की मात्रा हमारे बढ़ते उपभोग स्तर, करों का बढ़ता दायरा और उत्तम राजकोषीय स्थिति को दर्शा रहा है जो चालू वित्त वर्ष 2025 -26 के समापन तक जारी रहने की तरफ इशारा कर रही है।

## कोल्हान की खबरें

### नंदपुर में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** मनोहरपुर प्रखंड के नंदपुर फुटबॉल मैदान में स्वर्गीय हरिश चंद्र गोप मेमोरियल तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि बोदे खलखो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल पर किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और स्व. हरिश चंद्र गोप को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन मैच में केबीसी 11 ने 7 एक्सडीकेटी को हराकर जीत दर्ज की। श्री खलखो ने कहा युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल के प्रति समर्पित रहना चाहिए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जायेगा।इस अवसर पर आयोजको में किशोर कुमार खलखो, कृष्ण चंद्र सुरीन, भोला दास, पवन महतो सहित कई सदस्य सक्रिय रहे।

### बाल मेले के संचालन के लिए बनेंगी समितियां



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी 14 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाले बाल मेला 2025 की तैयारी को लेकर विधायक सरयू राय के कार्यालय में बैठक हुई। सोमवार को बैठक की अध्यक्षता स्वयं सरयू राय ने की और आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बाल मेला के संयोजक सुधीर सिंह ने बताया मेला बोधि मैदान, गरम नाला में आयोजित होगा। इसके संचालन के लिए मार्गदर्शक, स्वागत और संचालन समितियां गठित की जायेंगी। शहर के सभी स्कूलों से संपर्क कर बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मेले में वीर बालकों की प्रदर्शनी, दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद व चित्रकला प्रदर्शन, वस्त्र और भोजन के स्टॉल लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। बच्चों के लिए जादू शो, हैंड शो और छऊ नृत्य का भी आयोजन होगा। बैठक में अशोक गोयल, मंजू सिंह, राजीव कुमार, सुखदेव सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### सरजामदा में महिला के साथ छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के सरजामदा में अकेली महिला के घर में घुसकर छेड़खानी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना 31 अक्टूबर की शाम 6:30 बजे की है।महिला घर पर अकेली थी, तभी सरजामदा के रहने वाला विकास मछुआ घर में घुसा और महिला के साथ छेड़खानी की। महिला के द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दी।मामला दो नवंबर को परसुडीह थाने पहुंचा। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी के घर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# सीतारामडेरा में कारोबारी के घर फायरिंग मामले में दो शूटर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के चर्चित फायरिंग कांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को पुलिस ने काशीडीह निवासी राज सिंह कश्यप उर्फ कोदू और केबल टाउन निवासी राजेश गिरि उर्फ दांतू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों का संबंध कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह से बताया जा रहा है। एसएसपी पियूष पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पाण्डेय घाट के पास विशेष टीम की मदद से दोनों को धर दबोचा। तलाशी में उनके पास से अवैध हथियार, जिंदा गोलियां और एक सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी बरामद की गयी। पूछताछ में



दोनों ने व्यवसायी हरेराम सिंह के घर हुई फायरिंग में शामिल होने की बात स्वीकार की। एसएसपी ने बताया दोनों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराएं शामिल हैं। इससे पहले इस कांड में आकाश सिंह, रवि महानंद उर्फ गोपला और दशरथ शुक्ला को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। विशेष अभियान में पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, तकनीकी शाखा और टाइगर मोबाइल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जायेगी।

## घोड़ाबांधा में ओला सर्विस सेंटर के बाहर लगी आग, कई गाड़ियां खाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के घोड़ाबांधा में रविवार देर रात लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ओला सर्विस सेंटर के बाहर खड़ी कई गाड़ियां देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गयी और जलकर खाक हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 11 बजे एक वाहन से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग ने पास खड़ी अन्य गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक राहत-बचाव कार्य चलता रहा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया जिस जगह पर वाहन खड़े



किए जाते हैं, वह वन विभाग की जमीन है और सर्विस सेंटर संचालक ने इसे अवैध रूप से पार्किंग एरिया बना रखा है। उन्होंने कहा शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आगजनी स्थल के पास ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ था, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी। लोगों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने अवैध पार्किंग हटाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## चाइबासा में पद्माबाइ रूंगटा अंतर जिला गणित प्रतियोगिता 9 को होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ चाईबासा के द्वारा आगामी 9 नवम्बर (रविवार) को 33वीं पद्माबाई रूंगटा अंतर-जिला गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए दो परीक्षा केंद्र मांगीलाल रूंगटा प्लस टू उच्च विद्यालय और मारवाड़ी हिंदी मध्य विद्यालय चयन किया गया। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पहला सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कक्षा 7 और 10 के विद्यार्थियों के लिए और दूसरा सत्र दोपहर 1:30 बजे से 3:30 बजे तक कक्षा 8 और 9 के विद्यार्थियों के लिए होगा। एडमिट कार्ड सीधे परीक्षा केंद्र पर ही वितरण किये जाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है। पूरे जिले



में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। चक्रधरपुर क्षेत्र में अमन गुप्ता, सौरभ मूंधड़ा, पलक चावला और सौरव गुप्ता,झींकपानी में राजेश गोयल और विनय दोदराजका, सदर क्षेत्र में अमित पोद्दार और सौरव नेवटिया, टोंटो में केशव दोदराजका, तांतनगर, मंझारी व कुमारडुंगी क्षेत्रों में अक्षय गुप्ता इस अभियान में जुटे हुए हैं। पीएम श्री स्कूलों में सुमित रक्षित, कन्हैया पांडे और निशांत चौबे, और नोमुण्डी में अभिषेक कुमार ने भी प्रचार कार्य में सक्रिय भूमिका निभायी।

### बेटियों ने रचा इतिहास, देश हुआ गौरवांवित : सुधीर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर समाजवादी चिंतक सह वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा भारत की बेटियों ने एक बार फिर साबित किया वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं।श्री पप्पू ने टीम को बधाई देते हुए कहा इस जीत ने देश की नई पीढ़ी को प्रेरणा और ऊर्जा दी है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया वे अपनी बेटियों को ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर अवश्य दें।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भव्य रूप से मनायेगी भाजपा




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी। सोमवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष रमेश बास्के की अध्यक्षता में हुई, जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया आगामी 7 नवंबर को एक विशेष कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही पद्मश्री सम्मानित जनजातीय व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जायेगा और बिरसा मुंडा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की जायेगी। 15 नवंबर को हाता चौक में जयंती समारोह और 30 नवंबर को सुंदरनगर में जनजाति स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित होगा। बैठक में चौक-चौराहों के नामकरण और प्रतिमा स्थलों पर दीपोत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर राम सिंह मुंडा, कुसुम पूर्ति, संजय मुंडा, विनोद ओमंग, गुलशन टुडू, सुशील हेस्सा, गणेश मुंडा, प्रेम भूमिज, अभय गौंड सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका थाना क्षेत्र के गीतिलता मुख्य सड़क पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार एक बड़े वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे और पोटका पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पहचान कासु बास्के, निवासी भूरसाडीह (गीतिलता) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी टक्कर लगते ही बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की।

### सड़क सुरक्षा को लेकर सरायकेला-खरसावां में परिवहन विभाग का अभियान जारी

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वाहन चालकों को



हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, साथ ही यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया की जा रही है।जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की वे संयमित गति से वाहन चलाएं, नशे की अवस्था में ड्राइविंग से बचें, मोबाइल फोन का उपयोग न करें और पैदल यात्रियों को प्राथमिकता दें।अभियान का उद्देश्य जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। परिवहन विभाग की यह पहल सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात संस्कृति स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## एसपी ने किया कांडी थाना का निरीक्षण



कांडी (आजाद सिपाही)। एसपी अमन कुमार ने सोमवार को कांडी थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों की स्थिति, मालखाना के रखरखाव और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने थाना में दर्ज पुराने और नए मामलों के अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली और लंबित फाइलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की समस्या थाने में आने पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ सुनी जाए। पुराने अपराधियों पर सतत निगरानी रखने एवं क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय गश्ती बढ़ाने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार, कांडी थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम, एसआई रविशंकर मिश्रा, आशीर्वाद महतो, विनय माझी, मनोज राम, अरविंद सिंह, अरुण पासवान, रौशन राम, जुली दुडू आदि उपस्थित थे।

### मोंथा तूफान से हुई फसलों की क्षति की भरपाई को लेकर प्रशासन सजग

# फसलों की क्षति की सूचना तय समय के भीतर दें किसानः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। डीसी सह जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार की ओर से जारी निर्देशों के आलोक में जानकारी दी कि हाल ही में आए मोंथा चक्रवाती तूफान के चलते हुई भारी बारिश से जिले के कई प्रखंडों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में डीसी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों की हुई क्षति की सूचना निर्धारित समय सीमा के भीतर अवश्य दें, ताकि उन्हें बीमा योजना एवं आपदा प्रबंधन सहायता का लाभ समय पर मिल सके।

### प्रशासनिक दिशा-निर्देश

डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कर्मचारी एवं पंचायत सेवकों को भेजकर फसल क्षति का शीघ्र आकलन कराएं, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत केवल फसल कटाई के बाद 14 दिनों के भीतर हुई क्षति ही बीमा दावे के लिए पात्र मानी जाएगी। किसानों को सलाह है कि 72 घंटे के भीतर सूचना देना न भूलें।

### फसल क्षति की सूचना देने की तय की गयी समय सीमा

फसल या उपज को नुकसान होने पर किसान को 72 घंटे (तीन दिन) के भीतर सूचना देना अनिवार्य है। यह समय सीमा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाइ) के नियमों के अनुसार तय की गई है।



सूचना दें, ताकि सरकार की ओर से निर्धारित बीमा राशि एवं आपदा सहायता शीघ्रता से उपलब्ध कराई जा सके।

### किसानों से अपील

डीसी कहा कि जिले के सभी किसानों से अनुरोध है कि वे समय पर फसल क्षति की

### फसल क्षति की सूचना देने के तरीके

**टोल-फ्री नंबर के माध्यम से:** किसान सीधे टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर अपनी फसल हानि की सूचना दर्ज करा सकते हैं।

**व्हाट्सएप के माध्यम से:** किसान 7065514447 पर व्हाट्सएप संदेश भेजकर आवश्यक जानकारी एवं फोटो साझा कर सकते हैं।

**कार्यालय के माध्यम से:** किसान अपने प्रखंड के सहकारिता कार्यालय या जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर भी सूचना दे सकते हैं।

### बीमा रहित किसानों के लिए विशेष प्रावधान

जिन किसानों ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा नहीं कराया है, वे अपने खेत का जियो-टैग फोटोग्राफ, फसल का विवरण एवं रकबा (क्षेत्रफल) दर्ज करते हुए आवेदन संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय में जमा करें। ऐसे किसानों को आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## झामुमो सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो चुकी है : ठाकुर प्रसाद महतो



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गढ़वा सदर अस्पताल परिसर में झारखंड सरकार के खिलाफ सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। विगत दिनों चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ा देने के विरोध में निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दिन धरना दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई एवं व्यवस्था में सुधार की मांग की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में कमीशनखोरी का कारोबार धुलेआम चल रहा है। सरकारी अस्पताल में लूट के कारोबार के कारण जनता त्राहिमाम कर रही है। वहीं, भाजपा नेता विनय चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में लूट की पूरी छूट है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के कार्यकाल में अस्पताल की हालत बेहद गंभीर है, जो झामुमो सरकार जनता के लिए घातक है। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि झामुमो सरकार में माफिया राज चल रहा है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। वहीं, राजकुमार मधेशिया ने कहा कि थैलेसीमिया पिड़ित बच्चों के जीवन के साथ खेलने वाले को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस दौरान रामाशीष तिवारी, धनंजय गोंड, लक्ष्मीकांत पाण्डेय और टिंकू गुप्ता आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन रूपू महतो ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, अभिषेक कश्यप, ओंकार तिवारी, नवीन जायसवाल, जयंत पाण्डेय, पार्वती सिंह, रामसरीख चंद्रा, नसरुद्दीन अंसारी, मनीष गुप्ता और परीक्षित तिवारी आदि मौजूद थे।

## सीएसपी संचालक पर फर्जी राशि निकासी का आरोप, न्याय के लिए थाने पहुंची महिला

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी नागेंद्र पासवान की पत्नी संगीता देवी ने रोहित ऑन लाइन सेंटर के संचालक रोहित कुमार कुशवाहा पर फर्जी तरीके से राशि निकालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में संगीता देवी ने सोमवार को थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुए सीएसपी संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी संगीता ने बताया कि उसकी सास की तबियत खराब होने पर प्रज्ञा केंद्र पहुंची और सीएसपी संचालक रोहित कुमार को दो हजार रुपए निकासी के



लिए कहा। लेकिन सीएसपी संचालक ने उसके खाते से तीन हजार रुपए की निकासी कर ली। इससे पहले भी सीएसपी संचालक पर फर्जी निकासी का आरोप कई बार लग चुका है। आरोप है कि उसने ई केवाईसी अपडेट कराने पहुंचे कई लोगों के खाते से राशि की निकासी कर ली है। विख्यात पंचायत भवन में भी सीएसपी संचालक रोहित कुमार सेंटर चलता है और अपने निजी दुकान से भी सीएसपी संचालित करता है। भुक्तभोगी महिला ने बताया कि पैसा निकासी के संबंध में जब बैंक गयी तो पता चला कि उसके खाते से 3000 रुपये की निकासी की गयी है, लेकिन सीएसपी संचालक ने उसे महज दो हजार रुपये ही दिया है। जब उसके सीएसपी संचालक के पास पहुंच कर पूछा तो उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में पैक्स समितियों के साथ होगा संवाद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बुधवार क्षेत्र में कार्यरत पैक्स समितियों के अध्यक्षों एवं सचिवों को आमंत्रित किया गया है। स्थानीय स्तर पर कृषि सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता लाने उद्देश्य से यह संवाद होगा।

## मोकामा हत्याकांड का विरोध, आनंत सिंह का पुतला फूंका



सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा बाजार में सोमवार को ओबीसी समाज के लोगों ने बिहार के मोकामा में हुए दुलारचंद यादव हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान एनडीए विधायक प्रत्याशी आनंत सिंह का पुतला दहन किया गया। विरोध का नेतृत्व ओबीसी समाज के प्रमुख समाजसेवी डॉ हरिदास प्रसाद यादव ने किया। उन्होंने कहा कि दुलारचंद यादव की निर्मम हत्या से पूरा ओबीसी समाज स्तब्ध है। यह हत्या सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पिछड़े वर्ग की आवाज को दबाने का प्रयास है। मौके पर चंद्रमण यादव, मानिकचन यादव, खुरन यादव, विजय यादव, उदय प्रसाद यादव, वीरेंद्र यादव आदि थे।

## कंचनपुर में लंबित 114 पेंशनधारियों का ऑनलाइन सत्यापन सुनिश्चित करें जनप्रतिनिधिः पंचायत सचिव

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत में अभी भी 114 पेंशनधारियों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य लंबित है। इस बावत पंचायत सचिव किरण कुमारी ने लंबित सत्यापन वाले पेंशनधारियों को पंचायत सहायकों से मिलकर अविलंब ऑनलाइन सत्यापन कराने का आग्रह किया है। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि कंचनपुर पंचायत के 114 पेंशनधारियों की सूची जिला से पंचायत में तीसरी बार (लौटाया) गया है। इस बार जिनका भी सत्यापन नहीं हो पाएगा, उनका नाम पेंशन सूची से हट जाएगा। उन्होंने पंचायत के जनप्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले पेंशनधारियों को सूची के अनुसार ऑनलाइन सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि यह आदेश गढ़वा जिला कार्यालय से प्राप्त है।

# आरके पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसइ से सीनियर सेकेंडरी स्तर की मान्यता

### अब विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों में होगी पढ़ाई


आजाद सिपाही संवाददाता

मंझिआंव। उचरी के आरके पब्लिक स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की संबद्धता प्राप्त हुई है। यह संबद्धता आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रभावी होगी, जिसके तहत विद्यालय में विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडे और संचालन प्रधानाचार्य केआर झा ने किया। अपने संबोधन में अलखनाथ पांडेय ने विद्यालय की स्थापना और उसकी विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा



कि आरके पब्लिक स्कूल की स्थापना वर्ष 2015 में की गई थी और इसे 2017 में सीबीएसई से माध्यमिक स्तर की संबद्धता प्राप्त हुई थी। अब, विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी स्तर तक अपग्रेड किए जाने से यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए किसी अन्य शहर में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि यह संबद्धता केवल विद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इससे ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र के छात्र अब आधुनिक और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अपने घर के पास ही प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने विद्यालय की आधुनिक प्रयोगशालाओं, सुसज्जित पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, खेल का विशाल मैदान और स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण की चर्चा करते हुए कहा कि आरके पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उनमें नैतिकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। अंत में छात्रों एवं स्टाफ के बीच मिठाई बांटी गयी और सभी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एसबीआर सहायता चिकित्सा सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ, अब गांव में ही मिलेगी इलाज की सुविधा



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रारो गांव के पोस्ट ऑफिस के समीप सोमवार को एसबीआर सहायता चिकित्सा सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य मोहन पासवान, मुखिया सुनीता देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष यादव, डॉ प्रवेज आलम, डॉ मनीष आनंद, डॉ अभिषेक कुमार और डॉ किशन ओझा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान केंद्र के प्रोप्राइटर रामाशीष विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर जिप सदस्य मोहन पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस चिकित्सा केंद्र के खुलने से लोगों को इलाज में काफी सहूलियत मिलेगी। अब ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे जगह नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, प्रोप्राइटर रामाशीष विश्वकर्मा ने बताया कि केंद्र खोलने का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में इंग्लिश, आयुर्वेदिक और वेटरनरी सभी प्रकार की दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगी। बताया कि केंद्र में ओपीडी सेवा भी उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता, डॉ इसरार अहमद, चितरंजन कुमार, अंकित यादव, विकास यादव, श्रवण विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।


कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष सं0–(जिला भू–अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

**NH-75 (Section-III) कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196. 870 (शंखा) तक 4 लेन पथ निर्माण परियोजना अन्तर्गत नोटिस**

मुआवजा राशि का प्रकार :– जमीन / मकान / संरचना का मुआवजा।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि अर्जन वाद में आपको हितबद्ध व्यक्ति समझा गया है। परन्तु आपके द्वारा आजतक अधिग्रहित भूमि से संबंधित दस्तावेज एवं वैद्य रैयती प्रमाण पत्र यथा (बंध पत्र, शपथ पत्र, निबंधित केवाला, अद्यतन लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बंटवारा / आपसी सहमति, पासपोर्ट आकार का दो फोटोग्राफ, भू–धारण प्रमाण पत्र एवं वंशावली अंचल द्वारा निर्गत) दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः आपको अंतिम रूप से स्मारित किया जा रहा है कि आप अपना मुआवजा भुगतान लेने हेतु अधिग्रहित भूमि से संबंधित उपरोक्त वैध दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में 15 दिनों के अन्दर जमा करें। मुआवजा भुगतान हेतु दावा पत्र निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह समझा जाएगा की आपको मुआवजा प्राप्त करने में कोई अभिरूचि नहीं है। अन्यथा मुआवजा की राशि L.A. कोर्ट में संदर्भित कर दी जाएगी।

अधिग्रहीत भूमि का विवरण।

| अंचल का नाम | भू–अर्जन वाद सं० | ग्राम का नाम | एवार्ड सं० | खाता नं० | प्लॉट नं० | रकबा | रैयत / एवार्डी एवं पिता / पति का नाम | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नावाबाजार | 03/2021-22 | ब्रहमोरिया कला | 1 | 77 | 136 | 0.2600 | अजीत पाण्डेय, पिता ज्वाला पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, पिता अवधकिशोर पाण्डेय, निरंजन पाण्डेय, पिता मुन्नी पाण्डेय | 10,33,344.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | ब्रहमोरिया कला | 2 | 43 | 5 | 0.0054 | मनेश राम, पिता चंद्रीका राम एवं अन्य | 21,461.76 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 5 | 1 | 251/5P | 0.7800 | 1. सचितानन्द पाण्डेय, 2. हिरानन्द पाण्डेय, 3. उदयनाथ पाण्डेय, पिता विन्देश्वरी पाण्डेय, 4. शान्ति कुंवर, पति स्व0 मधुसुदन पाण्डेय एवं अन्य | 56,51,100.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 6 | 1 | 253/2P | 0.1471 | सचितानन्द पाण्डेय, हिरा पाण्डेय, उदयनाथ पाण्डेय, पिता विन्देश्वरी पाण्डेय, रामनिवास पाण्डेय, पिता मधुसुदन पाण्डेय, विनोद तिवारी, पिता स्व0 राम खेलावन तिवारी, बिनोद तिवारी, रामखेलावन तिवारी एवं अन्य | 5,84,634.24 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 7 | 1 | 260/1P | 1.1900 | सचितानन्द पाण्डेय, हिरा पाण्डेय, उदयनाथ पाण्डेय, पिता विन्देश्वरी पाण्डेय, रामनिवास पाण्डेय, पिता मधुसुदन पाण्डेय एवं अन्य | 47,29,536.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 9 | 1 | 246/2P | 0.0250 | अज्ञात | 1,81,125.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 10 | 1 | 251/3P | 0.0050 | अज्ञात | 19,872.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 12 | 1 | 251/6P | 0.2250 | अज्ञात | 8,94,240.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 13 | 1 | 253/1P | 0.1525 | अज्ञात | 6,06,096.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 14 | 1 | 283 | 0.0120 | अज्ञात | 47,692.80 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 15 | 1 | 259 | 0.0480 | अज्ञात | 1,90,771.20 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | चेचरिया | 16 | 1 | 260/2P | 0.2100 | अज्ञात | 8,34,624.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | लादी | 3 | 2 | 63 | 0.0300 | 1. कृष्णानन्द पाण्डेय, पिता स्व0 राजेश्वर पाण्डेय 2. शालीग्राम पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, पिता गणेश पाण्डेय एवं अन्य | 1,19,232.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | लादी | | 2 | 62 | 0.5550 | कृष्णानन्द पाण्डेय, पिता स्व0 राजेश्वर पाण्डेय, शालीग्राम पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, पिता गणेश पाण्डेय एवं अन्य | 22,05,792.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | लादी | | 2 | 37 | 0.0420 | कृष्णानन्द पाण्डेय, पिता स्व0 राजेश्वर पाण्डेय, शालीग्राम पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, पिता गणेश पाण्डेय एवं अन्य | 1,66,924.80 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | लादी | | 2 | 32 | 0.0930 | कृष्णानन्द पाण्डेय, पिता स्व0 राजेश्वर पाण्डेय, शालीग्राम पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, पिता गणेश पाण्डेय एवं अन्य | 3,69,619.20 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | रबदा | 3 | 1 | 11/2P | 0.0250 | **श्याम किशोर पाण्डेय, पिता अलियार पाण्डेय** | 99,360.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 1 | 297 | 357/1 | 0.1017 | अर्जुन पाण्डेय वगैरह पिता स्व0 सरयू पाण्डेय व अन्य | 4,19,004.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 2 | 138 | 140 | 0.0355 | अजय कु० पाण्डेय वो संतोष कु० पाण्डेय, पिता स्व० रामसरेख पाण्डेय | 1,46,260.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 15 | 28 | 347/ 2274 | 0.0746 | गिरवर पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 रामजन्म पाण्डेय वगै0 अरविन्द पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 यमुना पाण्डेय वगैरह | 3,07,352.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 28 | 168 | 0.0253 | गिरवर पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 रामजन्म पाण्डेय वगै0 अरविन्द पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 यमुना पाण्डेय वगैरह | 1,04,236.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 28 | 215 | 0.0706 | तदैव | 2,90,872.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 28 | 217 | 0.0484 | तदैव | 1,99,408.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 28 | 2012 | 0.2478 | गिरवर पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 रामजन्म पाण्डेय वगै0 अरविन्द पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 यमुना पाण्डेय वगैरह | 10,20,936.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 16 | 70 | 174 | 0.0072 | 1. गिरजा पाण्डेय वगै0 पिता रामजन्म पाण्डेय वगैरह 2. अरविद पाण्डेय वगै0 पिता यमुना पाण्डेय वगैरह 3. राकेश रजन पाण्डेय पिता अगस्त पाण्डेय वगैरह | 29,664.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 17 | 70 | 175 | 0.0186 | 1. गिरजा पाण्डेय वगै0 पिता रामजन्म पाण्डेय वगैरह 2. अरविद पाण्डेय वगै0 पिता यमुना पाण्डेय वगैरह | 76,632.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 18 | 65 | 187 | 0.0200 | 1. चनारिक महतो पिता छेदी महतो 2. विजय कुमार पाण्डेय पिता गोखुल पाण्डेय | 82,400.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 24 | 273 | 138/1 | 0.0100 | देवमति कुंवर पति स्वः दिनेश्वर पाण्डेय | 41,200.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 138 | 147 | 0.0911 | तदैव | 3,75,332.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 138 | 183 | 0.0702 | देवमति कुंवर पति स्वः दिनेश्वर पाण्डेय | 2,89,224.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 138 | 1504/1 | 0.2538 | तदैव | 10,45,656.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 17 | 1505/1 | 0.0100 | देवमति कुंवर पति स्वः दिनेश्वर पाण्डेय | 41,200.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | | 317 | 1555 | 0.0146 | देवमति कुंवर पति स्वः दिनेश्वर पाण्डेय | 60,152.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 26 | 153 | 172 | 0.0246 | दिपुल पाल, पिता कपिलदेव पाल | 1,01,352.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 31 | 282 | 119 | 0.0156 | नागेन्द्र पाण्डेय पिता राजकिशोर पाण्डेय अशोक पाण्डेय पिता पारसनाथ पाण्डेय | 64,272.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 33 | 103 | 186 | 0.0901 | 1. नंदलाल पाण्डेय पिता गोखूल पाण्डेय,वगैरह 2. रघु पाण्डेय पिता केदार पाण्डेय | 3,71,212.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 40 | 297 | 357/6 | 0.0177 | बुधन भुईयां, पिता स्व० रूपचंद भुईयां | 72,924.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 46 | 12 | 1499 | 0.0192 | 1. ब्रजकिशोर पाण्डेय पिता स्व रजन पाण्डेय वगैरह 2. अरूण कु0 पाण्डेय पिता लल्लु पाण्डेय 3. प्रदीप पाण्डेय अमरदीप पाण्डेय पिता स्व अवध किशोर पाण्डेय | 79,104.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 53 | 17 | 1505/2 | 0.0110 | रविन्द्र पाण्डेय वगैरह, सत्येन्द्र पाण्डेय वगैरह, नागेश्वर पाण्डेय वगैरह, ओमप्रकाश पाण्डेय वगैरह | 45,320.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 56 | 182 | 2051/2 | 0.1100 | रविशन चौहान, पिता स्व० मोहन नोनीया | 4,53,200.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 58 | 228 | 1547/1 | 0.1125 | रामचंद्र महतो पिता स्व चुटुर महतो वगैरह, गोविद कु0 कुशवाहा, अजय कुमार कुशवाहा पिता रामचंद्र महतो | 4,63,500.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 59 | 228 | 1577 | 0.2983 | रेणू देवी पति अशोक कुमार महतो, सुरेश महतो पिता स्व जटाधारी महतो, राजेश्वर महतो पिता स्व रामधनी महतो वगैरह, श्याम बिहारी महतो वो धर्मेन्द्र महतो, सुरेश महतो वगैरह, पिता जटाधारी महतो | 12,28,996.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 60 | 228 | 1587 | 0.0037 | राजेश्वर महतो, पिता स्व० रामधनी महतो | 15,244.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 61 | 222 | 1592 | 0.5385 | रामेश्वर महतो वगैरह, पिता विदेशी महतो, श्याम बिहारी महतो वगैरह, पिता सुखाड़ी महतो | 22,18,620.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 62 | 103 | 176/1 | 0.1006 | 1.राकेश रंजन पाण्डेय वै० 2.रघुनन्दन पाण्डेय वै० 3.नन्दलाल पाण्डेय वै० 4. तपेश्वर पाल वै० | 4,14,472.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 63 | 17 | 1503/4 | 0.4709 | लक्ष्मी देवी, पति सुमेर पाण्डेय, चिंता देवी, उषा देवी, आशा देवी, सरिता देवी, रिना देवी, संगीता पाण्डेय, पिता सुदर्शन पाण्डेय वो असर्फी पाण्डेय वगैरह, पिता भगवत पाण्डेय वगैरह | 19,40,108.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 67 | 297 | 357/3 | 0.0775 | शासकिय विद्यालय | 3,19,300.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 77 | 138 | 1504/2 | 0.0217 | सतेन्द्र पाण्डेय वगै०, पिता कोमलदेव पाण्डेय, कुसुम कुंवर, पति राधेश्वर पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय वगैरह, नागेश्वर पाण्डेय वगैरह, ओमप्रकाश पाण्डेय वगैरह, आनंद पाण्डेय वगैरह, आलोक पाण्डेय, पिता मंदीप पाण्डेय | 89,404.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 78 | 138 | 1504/3 | 0.0533 | सतेन्द्र पाण्डेय वगैरह, रविन्द्र पाण्डेय वगैरह, नागेश्वर पाण्डेय वगैरह, ओम प्रकाश पाण्डेय वगैरह, आनन्द पाण्डेय वो आलोक पाण्डेय, पिता मंदीप पाण्डेय | 2,19,596.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 80 | 228 | 1580 | 1.0476 | सुरेश महतो पिता स्व जटाधारी महतो, राजेश्वर महतो पिता स्व रामधनी महतो वगैरह रामेश्वर महतो वो कामेश्वर महतो, श्यामबिहारी महतो वो धर्मेन्द्र महतो, सुरेश महतो वो सुग्रीम महतो वो उग्रीम महतो, राजेश्वर महतो | 43,16,112.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 81 | 228 | 1590 | 0.0032 | सुरेश महतो, पिता स्व० जटाधारी महतो, राजेश्वर महतो, पिता स्व० रामधनी महतो वगैरह | 13,184.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 82 | 228 | 1588 | 1.4719 | सुरेश महतो, पिता स्व० जटाधारी महतो, रामेश्वर महतो वो कामेश्वर महतो, श्यामबिहारी महतो वो धर्मेन्द्र महतो, रामचन्द्र मेहता वो मनोज वो रामलखन महतो वो अर्जुन महतो वगैरह | 60,64,228.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 83 | 65 | 336/2 | 0.1750 | सुनील पाण्डेय, पिता स्व० विद्या पाण्डेय वगैरह | 7,21,000.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 86 | 178 | 2014 | 0.1402 | श्री नुनीया वो लाल नुनीया, पिता मौजी नोनिया, राजकुमार नुनीया वगैरह, पिता स्व० सुदेश्वर नुनीया वगैरह | 5,77,624.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 87 | 297 | 357/4 | 0.0330 | अज्ञात | 1,35,960.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 88 | 297 | 357/5 | 0.0230 | अज्ञात | 94,760.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 94 | 153 | 167 | 0.0173 | अज्ञात | 71,276.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 100 | 165 | 2053 | 0.2616 | अज्ञात | 10,77,792.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | राजहारा | 103 | 228 | 1547/2 | 0.6804 | अज्ञात | 28,03,248.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 2 | 170 | 1595 | 0.0000 | अनील कुमार पाण्डेय पिता स्व0 कृतिमान पाण्डेय | 2,70,630.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 3 | 221 | 1549 | 0.0000 | अनील कुमार पाण्डेय पिता स्व0 कृतिमान पाण्डेय | 7,70,600.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 7 | 12 | 1491 | 0.0000 | अरूण महतो पिता कामेश्वर महतो | 4,09,264.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 9 | 244 | 1548 | 0.0000 | बैद्यनाथ पाण्डेय वगै0 पिता स्व0 त्रिवेणी पाण्डेय | 13,79,766.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 14 | 1 | 158 | 0.0000 | बसंत राम पिता स्व0 सुधन राम | 3,13,014.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 18 | 76 | 1130 | 0.0000 | ज्ञानचंद्र राम पिता स्व0 बिगन राम | 32,86,212.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 20 | 1 | 158 | 0.0000 | ज्ञानचंद राम पिता स्व0 बिगन राम | 3,56,592.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 21 | 12 | 1481 | 0.0000 | ज्ञानचंद राम पिता स्व0 बिगन राम | 11,13,976.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 22 | 168 | 1069 | 0.0000 | ईश्वरी महतो पिता स्व0 जटहा महतो | 16,72,852.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 25 | 171 | 343 | 0.0000 | जयनाथ मांझी वगै0 पिता स्व0 सुन्दर मांझी वो युगल मांझी वगै0 पिता नन्हकु मांझी | 3,07,764.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 26 | 1 | 158 | 0.0000 | मजीरा देवी पति स्व0 बुधन मोची | 25,17,772.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 33 | 1 | 158 | 0.0000 | PHD | 5,97,982.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 37 | 77 | 1113 | 0.0000 | प्रतिमा देवी पति स्व0 दिनेश चन्द्रवंशी | 3,43,622.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 38 | 173 | 342 | 0.0000 | पुनम देवी पति सीद्धनाथ पासवान | 5,95,948.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 39 | 12 | 1491 | 0.0000 | राजेन्द्र मोची पिता स्व0 जोखन राम | 36,13,968.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 43 | 171 | 343 | 0.0000 | रामलगन मांझी पिता स्व0 बुधन मांझी | 32,06,402.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 48 | 11 | 52 | 0.0000 | रिंकी देवी पति संतोष राम | 7,96,742.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 53 | 1 | 158 | 0.0000 | संतोष राम पिता मुनेश्वर राम | 25,55,778.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 55 | 69 | 172,173 | 0.0000 | सत्यनारायण पासवान पिता स्व0 जुमन पासवान | 4,89,498.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 56 | 54 | 1498,1499 | 0.0000 | सावित्री कुंवर पति स्व0 प्रभात पाण्डेय | 50,05,550.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 57 | 27 | 44 | 0.0000 | सिताराम मांझी पिता स्व0 बारूद मांझी | 11,41,220.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 59 | 54 | 1498, 1499 | 0.0000 | सुमंत पाण्डेय पिता स्व0 रितन पाण्डेय | 78,77,772.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 61 | 151 | 1492 | 0.0000 | सुनीता देवी पति चन्द्रदेव महतो | 2,33,102.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 63 | 12 | 1491 | 0.0000 | तारो देवी पति कमेश महतो | 7,96,010.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 66 | 77 | 1114 | 0.0000 | उपेन्द्र राम पिता स्व0 टहल चमार | 2,92,406.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 67 | 42 | 1131 | 0.0000 | विकास कुमार पिता स्व0 गुलाबचन्द राम | 24,54,024.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 69 | 42 | 1131 | 0.0000 | विशुनदेव राम वगै0 पिता स्व0 मोती राम | 26,98,864.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 73 | 181 | 1070 | 0.0000 | छठन राम पिता रघुनाथ राम | 1,43,091.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 74 | 41 | 157 | 0.0000 | चनारिक राम पिता स्व0 जतन राम | 21,602.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 75 | 181 | 1070 | 0.0000 | गोरखनाथ मोची पिता स्व0 चुटुर मोची | 3,66,413.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 78 | 181 | 1070 | 0.0000 | जितेन्द्र राम पिता स्व0 रघुनाथ राम | 4,24,770.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 82 | 41 | 157 | 0.0000 | मुनेश्वर राम पिता स्व0 रिझन राम | 3,33,344.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 84 | 41 | 157 | 0.0000 | राजदेव राम पिता स्व0 रिझन राम | 2,33,785.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 85 | 181 | 1070 | 0.0000 | राजदेव राम पिता स्व0 भंगी राम | 24,630.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 88 | 181 | 1070 | 0.0000 | सुग्रीव मेहता वो विकास मेहता पिता ईश्वरी महतो | 1,70,661.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 89 | 41 | 157 | 0.0000 | सुर्यदेव राम पिता स्व0 फगुनी राम | 1,46,476.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 90 | 86 | 1523 | 0.0000 | विश्वनाथ पाण्डेय पिता स्व0 रामयाद पाण्डेय | 1,42,045.00 |
| नावाबाजार | 03/2021-22 | बसना | 91 | 181 | 1070 | 0.0000 | छठन राम पिता रघुनाथ राम | 1,43,091.00 |

ह०
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,पलामू

PR 365170 (District)25-26*D

# लोहरदगा में पोक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में किराए के मकान रह कर पढ़ाई करने वाली नाबालिग आदिवासी युवती से बलपूर्वक दुष्कर्म करने के आरोप में दो नाबालिग युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुमला स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया है। इस संदर्भ में पीड़िता नाबालिग द्वारा सदर थाना कांड संख्या 196/2025 में पोक्सो एक्ट के तहत नामजत मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी शहरी क्षेत्र के समुदाय विशेष के युवक है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा शहरी क्षेत्र में एक किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा के दौरान उसकी परीक्षा केंद्र सेन्हा प्रखंड स्थित एक विद्यालय में पड़ा। परीक्षा कक्षा में उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई। परीक्षा की बातचीत के दौरान दोनों में मित्रता बढ़ गयी। आरोपी युवक अपने एक दूसरे साथी के साथ मिलकर पीड़िता को बगरू घूमने ले गया। बगरू में झाड़ियों के बीच ले जाकर उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया। फिर उसे उसका घर छोड़ दिया। 29 अक्टूबर को फिर दोनों आरोपी दोस्तों ने पीड़िता को बीएस कॉलेज गेट बुलाया वहां से आरोपी अपने नानी घर पीड़िता को ले गये। आरोपी युवकों ने फिर पीड़िता से बलपूर्वक दुष्कर्म किया। बताया कि, इस दौरान पीड़िता के परिजनों ने सदर थाना में पीड़िता के गायब होने को लेकर सनहा करा दिया। पुलिस का दबाव महसूस कर आरोपियों ने रात में है ही सदर थाना के बाहर लाकर छोड़कर फरार हो गये। इस दौरान पीड़िता के मोबाइल का सिम आरोपियों ने निकाल लिया। पीड़िता को कुछ बताने पर गंभीर धमकियां आरोपियों ने दिया।

## लोहरदगा में जुआ अड्डों पर पुलिस की छापामारी

# एक लाख नगद के साथ दस गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अवैध जुआ अड्डों व जुआरियों के खिलाफ गत मध्य रात्रि पुलिस की स्पेशल टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। दो जुआ अड्डों से पुलिस ने 10 जुआरी को गिरफ्तार किया है जबकि लगभग एक लाख ग्यारह हजार नगद, दस बाइक और चार ताश के बंडल पुलिस ने मौके से जब्त किया है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 199/2025 दर्ज कर सभी जुआरियों को थाना स्तर पर फाइन और जमानत देकर रहा कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी सादिक अनवर रिजवी को गुप्त सूचना मिली कि सदर थाना क्षेत्र के कुटमू में कुछ युवक रोजाना एक जगह एकत्र होकर अवैध रूप से जुआ खेलते हैं। जिससे इलाके का माहौल बिगड़ रहा है और युवा अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते एसपी ने विशेष टीम गठित कर फौरी कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कुटमू स्थित जुआ अड्डे पर छापेमारी किया। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद जुआरी हड़कंप मच गया। लोग भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर कर गिरफ्त में ले लिया। इस दौरान चार युवकों को मौके से रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो गड्डी ताश, 5350 नगद और पांच मोटरसाइकिल जब्त किया। छापेमारी अभियान का अगुवाई सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने किया। पुलिस टीम में सब पुलिस निरीक्षक शरीक खान, सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, चालक मुकेश कुमार समेत अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी कर सभी जुआरियों दबोच लिया। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र के खकपरता में भी अवैध जुआ अड्डे पर छापेमारी की गयी। इस छापेमारी में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। आठ मोटरसाइकिल के साथ 1 लाख 8 हजार रुपये नगद तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### नशा कारोबार और जुआ अड्डा बर्दाश्त नहीं : एसपी



पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि, अवैध नशा कारोबार और जुआ अड्डों पर पुलिस की कड़ी निगरानी है। कथित नशा कारोबार और जुआ अड्डे के खिलाफ पुलिस ने विशेष टीम का गठन की है। इसके तहत रविवार रात्रि में छापेमारी की गयी। एसपी ने कहा कि अवैध जुआ और नशे का व्यापार समाज और परिवार दोनों के लिए अभिशाप है। इससे अपराध को पनपता है। कहा कि, लोहरदगा में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एसपी ने जिलेवासियों से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध नशा कारोबार या जुआ जैसी गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना सीधे पुलिस दें। एसपी ने कहा सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी। एसपी ने कहा लोहरदगा को अवैध नशापान और जुए के चंगुल से पूरी तरह मुक्त करना पुलिस की प्राथमिकता है। कहा कि, जो लोग समाज को बिगाड़ने में लगे हैं, वे जेल जाने के लिए तैयार रहें। पुलिस की पहुंच अब उनके दरवाजे तक होगी।

## लोहरदगा आर्य समाज दल महासम्मेलन में हुए सम्मिलित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन लोहरदगा के आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने भागीदारी दी। यह सम्मेलन 30, 31, 1, 2 नवंबर में स्वर्ण जयंती पार्क रोहिणी, नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में आर्यों को देश की आजादी में योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दिये। सम्मेलन में देश के राजनेता, योग गुरु स्वामी रामदेव, राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं देश के अनेक विद्वान उपस्थित हुए। सम्मेलन में 40 देश के लोग भागीदारी दिये। लोहरदगा से आर्य समाज के प्रधान नीरज आर्य के नेतृत्व में दीपक कर्मकार, शीतल, विकास साहू, संगीता साहू, रोहित साहू, आर्य सम्मेलन में लोहरदगा के डॉ अशोक आचार्य ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।

## जुआ के बढ़ते प्रचलन पर महिलाओं में नाराजगी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा बगीचा, कचमची आदि गावों में इन दिनों जुआ खेल का प्रचलन बढ़ गया है। इससे कम उम्र के बच्चे में भी जुआ के आदि होते जा रहे है। भीठा में जुआ खेल के बढ़ते प्रचलन से स्थानीय ग्रामीणों महिला में प्रखंड प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि गांव में कई गांव से जुआरी जुआ खेलने पहुंचते है। यही नहीं कई बाजारों में हबा डबा भी खेलाया जा रहा है। जिसमें कई जुआरी दबंग प्रवृति के भी होते है। क्षेत्र में जुआ का प्रचलन बढ़ने से अपराध बढ़ने की संभावना है। थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार ने कहा कि क्षेत्र में जुआ पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस प्रशासन सजग है। लगातार क्षेत्र के जुआ अड्डों पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, परंतु जुआ अड्डा पहुंचने से पहले ही जुआरियों को पुलिस की आने की भनक लग जाती है। इससे जुआरी भागने में सफल हो जाते है। जुआ पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस अपना कार्रवाई जारी रखेगी।

## मुखिया संघ ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का बहिष्कार करने के लिया निर्णय



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद भवन सभागार में सोमवार को मुख्य संघ की बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया के द्वारा प्रत्येक वर्ष होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गयी। बैठक के दौरान सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला लिया। इस संबंध में महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत गढ़बुढ़नी पंचायत की मुखिया रेनू तिग्गा ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए सरकार द्वारा किसी भी तरह का फंड नहीं दिया जाता है। हम सभी पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणों से चंदा इकट्ठा कर कार्यक्रम कराते हैं। ग्रामीणों के चंदा से होने वाले कार्यक्रम में ग्रामीणों को यह विश्वास होता है कि अधिकारी जब स्वयं पंचायत आ रहे हैं तो उनका कार्य भी जरूर होगा लेकिन इस विशेष शिविर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर भी कार्य नहीं किया जाता है। जिसका सीधा असर हम सभी जनप्रतिनिधियों के प्रतिष्ठा पर पड़ता है। इसलिए इस वर्ष होने वाले सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का हम सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने बहिष्कार करने का फैसला लिया है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों की मांग है कि जल्द से जल्द पंचायत के विकास के लिए दिया जाने 15वें की फंड एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए सरकार की ओर से सुविधा उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान महुआडांड़ पंचायत मुखिया प्रमिला कुजूर, रोशनी कुजूर, रीता खलखो, रेणुका टोप्पो, उषा खलखो, रेनू तिग्गा, रेखा नगेसिया, अमृता देवी, प्रदीप बडाईक, रोजालिया टोप्पो, रामबिशुन नगेसिया आदि समेत अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से टेंपो सवार नाबालिग और अधेड़ सहित पांच घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात नाबालिक लड़का तथा अधेड़ को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। उक्त सड़क दुर्घटना लोहरदगा गुमला एन एच 143 ए मुख्य पथ पर देर शाम सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा साहू मुहल्ला मोड़ में अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से हुआ। घायलों की पहचान बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चापा टोली निवासी जलेश्वर खेरवार के 17 वर्षीय पुत्र करमचंद खेरवार,नूर खान के 22 वर्षीय पुत्र आरिफ खान, इस्लाम अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र आरिफ अंसारी, स्वर्गीय भौरा मिंया के 50 वर्षीय पुत्र इस्लाम मियां तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु निवासी हबीब अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र अताउल्ला अंसारी के रूप में हुई।

# खबर का असर : लातेहार सीएस ने चंदवा चकला हेल्थ सेंटर की एएनएम को हटाया

मुकेश कुमार सिंह

### प्रसव पीड़ा से कराहती रही महिला, हेल्थ सेंटर था बंद



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के चकला पंचायत स्थित चकला ग्राम में मौजूद हेल्थ सेंटर बंद होने के कारण सिमरसोत की रहने वाली सोनिया देवी पति बबलू गंझु प्रसव कराने आयी थी। केंद्र में आने के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला बंद था। यह वाक्य गत शनिवार 1 नवंबर को 3 बजे सुबह प्रसव कराने आयी थी इस दौरान सोनिया देवी प्रसव पीड़ा से परेशान होने के कारण नगर हेल्थ सेंटर में परिजनों के साथ गई एक बार नगर हेल्थ सेंटर में भी सोनिया देवी को लौटा दिया था लगभग 5 घंटे के बाद विधायक प्रतिनिधि के संज्ञान में आने के बाद प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी के पल पर नगर हेल्थ सेंटर में ही सोनिया देवी का प्रसव कराया गया। इस खबर को आजाद सिपाही ने प्राथमिकता से छाप कर लातेहार सिविल सर्जन और राज्य सरकार को स्वास्थ्य लेक्कर व्यवस्था को दिखाने का कार्य किया यह खबर लातेहार के कानों में गयी उसके बाद तत्काल प्रभाव से लातेहार की नगर हेल्थ सेंटर में पदस्थापित एएनएम रंजू कुमारी को हेल्थ सेंटर से हटा दिया और नयी एएनएम रवि लक्ष्मी कुमारी को पद स्थापित किया है। इससे चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत के कई ग्रामीण राहत की सांस लिए हैं और बता रहे हैं की स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही का कोई जगह नहीं है। सरकार जनता के लिए सेवा में बहस करती है सेवा में आ जाने के बाद हेल्थकर्मी लापरवाही बरत रहे हैं जिससे जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो बर्दाश्त करने योग या नहीं है। ऐसा पुर्नावृति अगर आगे होगी तो जनता जन आंदोलन करेगी।

## बैठक में ऐतिहासिक शिव मंदिर का कायाकल्प करने का लिया गया निर्णय



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा आस्था का केंद्र रहे शिव मंदिर बुध बाजार में अब भव्य परिवर्तन की तैयारी शुरू हो चुकी है। करीब सात दशक पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर का कायाकल्प करने का निर्णय रविवार की रात हुई बैठक में लिया गया। बैठक में न सिर्फ मंदिर के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव पारित हुआ, बल्कि दुर्गा मंदिर की स्थापना और धर्मशाला निर्माण को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंदिर के बगल में बना विशाल हाल, जो अधूरा पड़ा है, अब पुनर्निर्माण के बाद दुर्गा मंदिर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर परिसर में एक भव्य धर्मशाला के निर्माण का निर्णय लिया गया है, ताकि गरीब और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधा मिल सके। धर्मशाला का निर्माण क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए भी उपयोगी रहेगा। अध्यक्ष राजकुमार साहू ने कहा कि शिव मंदिर बुध बाजार का इतिहास सात दशकों से लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक रहा है। अब इसे आधुनिक और भव्य रूप देने का समय आ गया है। आने वाले एक वर्ष के भीतर मंदिर का रूप इतना सुंदर और भव्य होगा कि लोग गर्व से इसे चंदवा की पहचान कहेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण केवल ईंट-पत्थरों का कार्य नहीं, बल्कि यह जन-जन की भावनाओं और विश्वास का संगम है। सभी के सहयोग से यह मंदिर न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र अग्रवाल ने की, जिसमें सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया।

## लोक हेल्थ यूनिट भवन निर्माण में संवेदक पर गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से लोक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह भवन एकीकृत रूप से बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज प्रखंड के लगभग दो लाख ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है। हालांकि इस निर्माण कार्य में अनियमितता के आरोप लगाया गया है। पंचायत के मुखिया राजीव भगत ने बताया कि भवन निर्माण कार्य जैसे-तैसे ढलाई स्तर तक पूरा कर दिया गया है, लेकिन स्थल पर अब तक किसी प्रकार का निर्माण संबंधी बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में तीन नंबर ईंट, मिट्टी युक्त बालू, घटिया गुणवत्ता की सीमेंट व कमजोर सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही कार्य स्थल पर तकनीकी पदाधिकारियों की निगरानी का अभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मुखिया भगत ने आगे कहा कि भवन निर्माण में विभागीय मिलीभगत से मनमानी की जा रही है। गुणवत्ता से समझौता कर नियमों को ताक पर रखकर भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि यह लोक हेल्थ यूनिट भवन तीनों प्रखंडों बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के लोगों के लिए बनाया जा रहा है। निर्माण की निगरानी संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है। वहीं, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संवेदक मंटू कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। सभी सामग्रियां मानक के अनुरूप हैं और कार्य संतोषजनक ढंग से प्रगति पर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में वास्तव में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, तो भविष्य में भवन की मजबूती और स्थायित्व पर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक हों किसान : जितेंद्र महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कृषि उत्पादन बाजार समिति की अगुवाई में सोमवार को कृषि प्रशिक्षण एवं व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन सभागार भवन में जिला कृषि पदाधिकारी लोहरदगा श्रीमती कालेन मिंज होरो की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य रूप से सभा को संबोधित करते कृषि उत्पादन बाजार समिति के निवर्तमान उपाध्यक्ष जितेंद्र महतो,सचिव उत्तम कुमार, लेखा विकाश कुमार एवं दुर्गा कुमार,बाजार समिति से जुड़े 14 एफपीओ के किसान प्रतिनिधि, व्यापारिकगण सहित सैकड़ों लाभुक किसान मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते निवर्तमान उपाध्यक्ष जितेंद्र महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लायी गयी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना व्यापार पोर्टल से जुड़कर किसान फसल को अच्छे दामों में बेचकर अपनी लगात के साथ उचित लाभ लें सकते हैं। किसानों को सीधे व्यापार करने एवं मंडी में स्थान देने की योजना बनायी गयी है। दूसरे राज्य के बड़े व्यवसायी से किसानों के उत्पाद सीधे पहुंचेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसान फिलहाल (मोथा) चक्रवात से हुई फसल का नुकसान को पोर्टल पर निबंध कराकर तत्काल क्षतिपूर्ति लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विगत कुछ माह पूर्व अति ओलावृष्टि के कारण फसल में हुए क्षति की मुआवजा राशि का जल्द भुगतान भी होगा। बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने कहा बाजार समिति लोहरदगा में लगभग 1100 किसानों का ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जिले के सभी कृषक बाजार समिति में पहुंच कर राष्ट्रीय बाजार पोर्टल में रजिस्टर्ड आवश्यक करें। केंद्र सरकार की योजना का सीधे-सीधे लाभ प्राप्त करें। इस मौके पर नित्यानंद महतो, मुरारी महतो, विवेक कुमार, राजेश मिश्रा, चमरू राम, इंद्र कुमार, अशोक कुमार प्रजापति, अशोक कुमार, राहुल कुमार, निशा उरांव, फूल कुमारी, उरांव रीना हीरो, प्रियंका तिर्की, विमल साहू समेत अन्य किसान मौजूद थे।

## अबुआ आवास के नाम पर टेंडर कार्यों के लिए हो रही है बालू की बिक्री

**गारु (आजाद सिपाही)।** महुआडाड़ अनुमंडल के पंचायत स्तरीय अक्सी बालू घाट से अवैध रूप से बालू की बिक्री अक्सी बालू घाट समिति कर द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पंचायत स्तरीय (केटेगरी 1) बालू केवल अबुआ आवास, जनमण आवास, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय और निजी कार्यों हेतु ही कर सकते हैं। लेकिन घाट संचालक नियम को ताक में रखकर बालू अबुआ आवास, जनमण आवास के नाम पर पथ निर्माण विभाग, अन्य टेंडर वर्को के लिए बेचा जा रहा है। ग्रामीण अक्सी बालू घाट समिति के इस कार्य से आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे प्रखंड में बालू की वैसे ही कमी है लेकिन बालू का दूसरे प्रखंडों में बिक्री व्यवसायिकरण के लिए किया जा रहा है। ग्रामीणो ने इस बात से नाराज होकर उपायुक्त लातेहार को पत्राचार किया है। इस मामले में अंचलाधिकारी संतोष बैठा कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## कैमो में एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र शुरू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के चांपी मेन रोड स्थित कैमो महुआटोली में एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र का भव्य उद्घाटन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल ट्रेजरी मैनेजर रितेश कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद तनवीर आलम तथा झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी उपस्थित थे। तीनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त करने के लिए शहरों या दूरस्थ शाखाओं में जाने की जरूरत नहीं होगी। एयरटेल पेमेंट्स बैंक सेवा केंद्र के माध्यम से कैश जमा, निकासी, बैलेंस चेक, मनी ट्रांसफर, मोबाइल रिचार्ज, बिजली बिल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं अब गांव में ही उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान जोनल ट्रेजरी मैनेजर रितेश कुमार ने कहा कि डिजिटल इंडिया के इस दौर में ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना समय की आवश्यकता है। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद तनवीर आलम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में ऐसे सेवा केंद्रों की भूमिका अहम है। इससे न केवल बैंकिंग सेवाएँ सुलभ होंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने कहा कि कैमो क्षेत्र के लोगों को अब अपने गांव में ही सभी बैंकिंग व डिजिटल सेवाओं की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें काफी सहूलियत होगी। उद्घाटन समारोह के दौरान सरफुद्दीन अंसारी, शाकिर अंसारी, अफजल अंसारी, जमील, इरशाद आलम, इरफान, अफरोज, अशोक उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# संक्रमित खून चढ़ाने के विरोध में भाजपा का धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित गरीब आदिवासी बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाये जाने के मामले को लेकर सोमवार को भाजपा ने राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में सिविल सर्जन कार्यालय के समीप धरना दिया गया। इस दौरान राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर कड़ी आपत्ति जतायी गयी। धरना के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त डॉ ताराचंद के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषी पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई, पूरे प्रकरण की सीबीआइ या सिटिंग जज से जांच, तथा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गयी। नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। डॉक्टर, दवा, बेड और एंबुलेंस की कमी के बीच गरीब मरीज इलाज नहीं बल्कि मौत पाने को मजबूर हैं। चाईबासा की घटना राज्य सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम है, जिससे मरीजों का भरोसा सरकारी अस्पतालों से उठ गया है। धरना को मनीर उरांव, बालकृष्णा सिंह, पशुपति नाथ पारस, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, पवन तिग्गा, प्रमोद कुमार साहू, राजेंद्र महतो, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान, रामकुमार खेरवार, सचिन सिंघानिया, अशोक साहू सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## लातेहार भाजपाइयों ने की सीबीआइ जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने महामहिम राज्यपाल झारखंड को एक पत्र भेजकर चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित गरीब आदिवासी बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस मामले में दोषी पदाधिकारियों सहित राज्य के स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सख़्त कार्रवाई की मांग की है। पंकज सिंह ने कहा कि झारखंड की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। राज्य के सरकारी अस्पतालों में आये दिन हृदय विदारक घटनाएं हो रही हैं। डॉक्टर, दवाइयों, बेड और एंबुलेंस की कमी से जूझ रही गरीब जनता अब सरकारी अस्पतालों में मौत परोसे जाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि चाईबासा सदर अस्पताल की यह घटना स्वास्थ्य विभाग की अक्षम्य लापरवाही का प्रमाण है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने राज्यपाल से दोषी अधिकारियों और भ्रष्ट स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। साथ ही इस पूरे प्रकरण की जांच किसी सीटिंग जज अथवा सीबीआइ से कराये जाने की अनुशंसा की है।

## शांतिनिकेतन स्कूल में लगा नेत्र परीक्षण शिविर



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में सोमवार को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नेत्र चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस शिविर में फाउंडेशन ऑफ इंडिया के एकल आरोग्य ऑन व्हिल्स के चलंत चिकित्सा वाहन के चिकित्सक डॉक्टर रंजन कुमार साहू और विपिन बिहारी सिंह के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के आंखों की जांच की गयी। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों की आंखों की पूर्ण जांच और परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को आंखों की देखभाल और स्वस्थ आदतों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर विद्यालय प्रबंधन सदैव ही तत्पर रहता है। समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर बच्चों के स्वास्थ्य की जाती है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। शिविर में कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिन बच्चों की आंखों में समस्या पायी गयी, उन्हें उचित परामर्श और उपचार की सलाह दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य शांतनु डे सहित अन्य शिक्षकों ने सक्रियता दिखाया।

# कारू राउत हत्याकांड: आठ गिरफ्तार आरोपियों में चार नाबालिग भी शामिल

## कट्टा, दो जिंदा कारतूस और बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** शहर के करनीबाद सखुआ जंगल में एक नवंबर की रात कारू राउत की गोली मार कर हत्या मामले में कुंडा पुलिस ने आठ लड़कों को पकड़ा ह, जिनमें चार नाबालिग हैं। पुलिस ने इनके पास कट्टा, गोली और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सखुआ जंगल में सारे आरोपी जुटकर बर्थ सेलिब्रेट कर रहे थे। इसी दौरान राकेश कुमार के साथ आरोपियों ने मारपीट की। कारू राउत वहां झगड़ा सुलझाने गये, इसी दौरान आरोपियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी को एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम में शामिल कुंडा थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी कर कांड में शामिल चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कांड में शामिल चार विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया।

कांड में शामिल पल्सर मोटरसाइकिल और कांड में गिरफ्तार अपराधकर्मी प्रशांत झा के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर एक देशी कट्टा एवं दो राउंड जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रशांत झा, दिव्यांश झा, शिवम मिश्रा और चंदन शर्मा शामिल हैं।

# चाईबासा में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के विरोध में बीजेपी का देवघर में धरना, स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग

> सचिन रवानी ने कहा, 'हम राज्यपाल के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंप रहे हैं। यदि स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत नहीं हटाया गया तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक विशाल आंदोलन करेगी।'

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** चाईबासा में बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाये जाने की घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला ने सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने किया। भाजपा ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। धरना स्थल पर भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि चाईबासा की घटना बेहद दर्दनाक और शर्मनाक है। छोटे-छोटे बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाना मानवता के खिलाफ अपराध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, अस्पतालों में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होती, मरीजों को खटिया, रिक्शा और गोद में ले जाया जाता है, वहीं कई मरीजों को फर्श पर लिटाना पड़ता है क्योंकि बेड की व्यवस्था नहीं है। रवानी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को जनता की चिंता नहीं है और वे स्वास्थ्य विभाग को सही तरह से संचालित करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम राज्यपाल के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंप रहे हैं। यदि स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत नहीं हटाया गया तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक विशाल आंदोलन करेगी।'

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता: जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, संजीव जजवाड़े, नवल अधीर, चंद्र भैया राय, कन्हैया झा, रवि तिवारी, सचिन सुल्तानिया, चंद्रशेखर खवाड़े, विजया सिंह, धनंजय तिवारी, धनंजय खवाड़े, बलराम पोद्दार, सोना धारी झा, आशीष दुबे, सौरभ पाठक, शेखर सुमन जूनियर, बाबूलाल मरांडी, संजय गुप्ता, सुलोचना देवी, कुसुम सिंह, अलका सोनी, संध्या कुमारी, अमित कुमार, उमाशंकर प्रजापति, विश्वनाथ रामानी, अशोक गोण, बबलू पासवान, गौरी शंकर शर्मा, पवन पांडे, प्रमोद राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गयी, तो विरोध और अधिक तेज किया जायेगा।

## एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेमनाथ हुए सेवानिवृत, अरविंद कुमार सिंह बने प्रभारी प्राचार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला के प्राचार्य प्रो प्रेमनाथ के सेवानिवृत होने के बाद सोमवार को शासी निकाय के आदेशानुसार वरीयता के आधार पर प्रो अरविंद कुमार सिंह को शासी निकाय की सचिव सुशीला मिश्रा ने प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया। नियुक्ति के उपरांत प्रो अरविंद कुमार सिंह ने शासी निकाय के अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, सचिव सुशीला मिश्रा सहित सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पठन पाठन सहित विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। उनके शपथग्रहण के मौके पर सचिव सुशीला मिश्रा, प्रो प्रेमनाथ, संजय सिंह, कृष्ण सिंह, राकेश रंजन सिंह, धनंजय सिंह, ममता सिंह, अंशुल सिन्हा, आकाश, कंचन, गौरव सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## 160 पीस छबीली देशी शराब के साथ एक व्यक्ति धराया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ जपला पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर गठित दल ने उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से 3347 बरकाकाना-पटना-पलामू एक्सप्रेस में ऑपरेशन सतर्क के तहत अपराध नियंत्रण, शराब तस्करी आदि के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान साधारण डिब्बा संख्या 256399 के शौचालय के पास जुट की दो बोरी में वजनी समान के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पाया गया। बोरा खोल कर दिखने में आना कानी करने लगा। संदिग्ध को कब्जे में ले लिया गया। ट्रेन को जपला रेलवे स्टेशन पहुंचने पर दोनों बोरा उतारा गया। संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर सूचना उसके घर दी गयी। दोनों बोरे में दो दो कार्टून मिले, प्रत्येक कार्टून में 40 - 40 कुल 160 बोतल छबीली देशी शराब बरामद की गयी है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए पलामू के उत्पाद अधीक्षक को अग्रसारित कर दिया गया। अभियान में उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, आरक्षी कमलेश सिंह यादव, शैलेंद्र मिश्रा, दिनेश चौधरी, जेपी प्रसाद आदि शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित हुए महेंद्रनाथ शर्मा, उपायुक्त ने दिया प्रमाणपत्र



**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** अलग झारखंड राज्य के निर्माण में आंदोलन को व्यापक रूप देने वाले महेंद्रनाथ शर्मा को आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किया गया है। महेंद्रनाथ शर्मा मूलतः उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत लुंबा सतबहिनी पंचायत के रहने वाले है। श्री शर्मा झामुमो के एकीकृत बिश्रामपुर प्रखंड के अध्यक्ष व पलामू जिला सचिव भी रह चुके है। अलग राज्य की मांग को लेकर हो रहे आंदोलनों को श्री शर्मा ने पलामू में धार प्रदान करते हुये महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। हेमंत सरकार द्वारा गठित आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग ने महेंद्रनाथ शर्मा को कंडिका - 2 के नवीं प्रवधान के तहत झारखंड आंदोलनकारियों के प्रथम श्रेणी में शामिल किया है। जिसके बाद पलामू उपयुक्त समिरा एस ने श्री शर्मा को झारखंड आंदोलनकारी का प्रमाणपत्र दिया है।

# गेट-ग्रिल मिस्त्री जसीमुद्दीन अंसारी हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी अब्दुल रमजान गिरफ्तार

> चार फीट जमीन विवाद में रची गयी थी हत्या की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू ।** थाना क्षेत्र के सतगांवा गांव में हुए गेट-ग्रिल मिस्त्री जस्मुद्दीन अंसारी उर्फ नवाब हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सोमवार को पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया।

ज्ञात हो कि 27 अक्टूबर को गेट-ग्रिल मिस्त्री जस्मुद्दीन अंसारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में 28 अक्टूबर को हरिहरगंज थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने 2 नवंबर को हरिहरगंज बाजार से हत्या के मुख्य आरोपी अब्दुल रमजान (26 वर्ष, पिता रईस खान, ग्राम गुरहा, थाना तरहसी, जिला पलामू) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने दो साथियों मो. सैफउल्लाह (निवासी औरंगाबाद, बिहार) और इरफान अंसारी (हरिहरगंज, सतगावां निवासी) के साथ मिलकर जस्मुद्दीन की हत्या की थी।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार (कटार/दाबी), मृतक के खून से सना कपड़े का टुकड़ा तथा अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अब्दुल रमजान ही हत्या की पूरी साजिश का सूत्रधार था।

छापेमारी दल में छत्तरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई संतोष कुमार, अविनाश कुमार शामिल थे।

**चार फीट जमीन विवाद बना हत्या का कारण**

एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हत्या के पीछे चार फीट जमीन के रास्ते को लेकर विवाद हत्या का कारण बना। मृतक के पड़ोसी इरफान अंसारी ने रास्ते के विवाद को लेकर जस्मुद्दीन की हत्या कराने की साजिश रची थी। इसके लिए उसने अपराधियों से 1.50लाख रुपये में सौदा तय किया, जिसमें 50 हजार रुपये अग्रिम दिये गये थे। फिलहाल, इरफान अंसारी और मो. सैफउल्लाह फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

## भारतीय महिला विश्व क्रिकेट टीम की जीत पर मंत्री हफीजुल हसन ने दी बधाई और शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** भारतीय महिला विश्व क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत की ऐतिहासिक जीत पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने भारतीय महिला टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। टीम की यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और जज्बे से यह सिद्ध किया है कि देश की महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनके संघर्ष और समर्पण ने आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम किया है। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि यह जीत 'नारी शक्ति' का प्रतीक है और खेल के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारतीय महिला खिलाड़ी और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी और देश का मान बढ़ायेंगी। उन्होंने साथ ही पूरे कोचिंग स्टाफ और सहयोगी दल को भी बधाई दी और कहा कि इस जीत में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## नगद और जेवरात सहित साढ़े छह लाख की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर अनुमंडल के पथरोल थाना क्षेत्र के कसैया गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद जैनुल अंसारी के घर से चोरों ने नगदी और जेवरात समेत करीब साढ़े छह लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। परिवार के सदस्यों ने बताया कि रात में सभी लोग घर के अंदर सोए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने पिछवाड़े के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और बक्शा में रखे नगदी 4 लाख और 2.50 लाख के जेवरात समेत 6.50 लाख रुपये लेकर फरार हो गये। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और बक्शा खुली मिली। मोहम्मद जैनुल ने बताया। घटना की सूचना तुरंत पथरोल थाना प्रभारी दीलीप बिलुंग पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया है तथा आसपास के क्षेत्रों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। इस चोरी की घटना से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र ही चोरी का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

## लायंस क्लब का हर कदम समाज कल्याण की दिशा में समर्पित : प्रेम

आजाद सिपाही संवाददाता

> लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की प्रेरणादायक बैठक सम्पन्न – समाजसेवा के नये संकल्पों के साथ बढ़े कदम

**मधुपुर।** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक बैठक स्थानीय होटल के सभागार में क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सौहार्दपूर्ण और ऊर्जावान माहौल में हुआ, जिसमें महिला व पुरुष सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बैठक की शुरूआत लायन विजय आनंद लछीरामका द्वारा लायंस प्रतिज्ञा एवं स्वागत भाषण से हुई। अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है। उन्होंने मधुपुर को अधिक स्वस्थ, शिक्षित व स्वावलंबी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा हुई। अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से शहर व आसपास के क्षेत्रों में वॉटर चिलर मशीनें लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। आगामी महीनों में नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण अभियान और जागरूकता रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठ सदस्य लायन सुरेश मिश्रा ने कहा कि लायंस क्लब मानवीय सेवा का प्रतीक है। उपाध्यक्ष लायन सुमंत गुटगुटिया ने सभी को मधुपुर को आदर्श नगर बनाने का संकल्प दिलाया। सर्विस चेयरपर्सन लायन महेश बाथवाल ने पिछले प्रोजेक्ट्स की समीक्षा प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा ने वित्तीय पारदर्शिता पर बल दिया। नये सदस्य के रूप में श्रीमती राधिका टिबड़ेवाल ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

अंत में अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि क्लब का हर कदम समाज कल्याण की दिशा में समर्पित है। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

> डीसी ने पीसी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की
>
> सरकारी कार्य अवधि के दौरान चिकित्सक अगर कहीं और कार्य करते हुए पायें गये तो होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने प्रखंडवार सेक्स रेशियो की जानकारी ली व इसे कैसे बढ़ाया जाये इसको लेकर पदाधिकारियों संग योजना बनायी गयी साथ ही उन्होंने रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली।इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही।

**क्लीनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने के समय अवधि का स्पष्ट जानकारी से संबंधित सूचना लगाने के निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि कई बार अल्ट्रासाउंड समय से नहीं होने के शिकायतें आती है। चिकित्सकों द्वारा तय समय अवधि में अपने निर्धारित स्थल को छोड़ कहीं और सेवा देने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। ऐसे में आमजनों के समय की बर्बादी हो जाती है। ऐसे में उपायुक्त ने सभी क्लीनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने के समय अवधि का स्पष्ट जानकारी से संबंधित सूचना लगाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सूचना ऐसी स्थान पर रहे जहां आमजनों को आसानी से नजर आ जाये। इसके अलावे डीसी ने कहा कि सरकारी कार्य अवधि के दौरान चिकित्सक अगर कहीं और कार्य करते हुए पाये जाते हैं तो उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी, साथ ही पीसीपीएनडीटी कमेटी यह सुनिश्चित करेगी की अल्ट्रासोनोग्राफर्स का टाइमिंग ओवरलैप ना करें।

बैठक में रिन्यूअल, नया लाइसेंस, नये चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन, नये मशीन की स्थापना से संबंधित आवेदनों पर हुई चर्चा

बैठक में उपायुक्त के समक्ष रिन्यूअल, नया लाइसेंस, नये चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन, नये मशीन की स्थापना से संबंधित विभिन्न आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी, उपायुक्त द्वारा ऐसों डॉक्टरों के विरुद्ध शोकॉज करने के निर्देश दिये।

**सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लिंग भ्रूण जांच अपराध है और बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ संबंधी जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से कहा कि अभी केंद्रों पर लिंग भ्रूण जांच अपराध है से संबंधित सूचना लगा रहे, यह सुनिश्चित करने की बात कही। इसके अलावे सभी केंद्रों पर बेटी-बचाओ,बेटी पढ़ाओ संबंधी जागरूकता पोस्टर लगवाने पर भी बल दिया। इसके अलावे अगर सीएस को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के जरिये भी व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करवाने पर बल दिया। वहीं कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिक्षण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल समेत जिला सलाहकार समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

## देवघर में 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

आजाद सिपाही संवाददाता

> प्री-लिटिगेशन और लंबित मामलों का होगा निपटारा

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी है कि देवघर व्यवहार न्यायालय परिसर एवं अनुमंडल व्यवहार न्यायालय मधुपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। इसके लिए 13 अक्टूबर 2025 से संबंधित समझौता बैठकों का दौर जारी है। इस लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन व न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन प्रकार के मामलों का निपटारा किया जायेगा, उनमें मुख्य रूप से सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण वसूली संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा दावे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद और भू-अर्जन से संबंधित मामले शामिल हैं। इसके अलावा बिजली-पानी बिल विवाद (असुलहनीय मामलों को छोड़कर), सेवा से संबंधित भुगतान व सेवानिवृत्ति लाभ, राजस्व विवाद (जिला न्यायालय में लंबित), तथा अन्य दीवानी मामले जैसे मालगुजारी, सुखाधिकार, इंजंक्शन सूट और विशिष्ट पालन आदि भी इसमें शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य सभी सुलह योग्य मामलों का भी निष्पादन किया जायेगा। प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों का शीघ्र एवं किफायती समाधान संभव होता है। इसलिए जिन पक्षकारों के मामले उपरोक्त श्रेणियों में आते हैं, वे समय रहते लोक अदालत का लाभ उठायें। इच्छुक पक्षकार अपने प्री-लिटिगेशन अथवा लंबित मामले का पूरा ब्योरा, पता और आवश्यक विवरण के साथ आवेदन संबंधित न्यायालय या विभाग के माध्यम से दे सकते हैं। आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार देवघर के सचिव कार्यालय अथवा अनुमंडल विधिक सेवा समिति मधुपुर के कार्यालय में भी जमा किया जा सकता है।

### संपर्क हेतु फोन नंबर

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर:** 06432-352718, **अनुमंडल विधिक सेवा समिति, मधुपुर:** 8825142983 प्राधिकार ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे अपने विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का अवसर अवश्य अपनायें।

## खाद्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण पर जोर, चैनपुर में आयोजित हुई पीडीएस डीलरों की कार्यशाला




चैनपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जन वितरण प्रणाली की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को चैनपुर अनुमंडल सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी पीडीएस डीलरों और संबंधित पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, डुमरी बीडीओ उमेश स्वासी और सीओ दिनेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपने संबोधन में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी और डीलरों को पीडीएस के कुशल संचालन के लिए कई सख्त और अनिवार्य निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस दुकानें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर दो बजे तक अनिवार्य रूप से खुली रहनी चाहिए। दुकान के बाहर स्पष्ट रूप से दीवाल लेखन (वाल पेंटिंग) किया जाए, जिसमें सभी कार्ड धारियों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदर्शित हो। दुकान पर विभाग का टोल फ्री नंबर बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए, ताकि लाभुक आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। कार्यशाला में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वन नेशन वन राशन कार्ड योजना पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि इस योजना के तहत सभी राशन कार्ड लाभुकों को यह स्वतंत्रता प्राप्त है कि वे न केवल झारखंड में, बल्कि भारत के किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में स्थित किसी भी डीलर के पास से अपना राशन ले सकते हैं। इस पहल से प्रवासी मजदूरों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यशाला जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर जिला आपूर्ति प्रधान लिपिक मुनींद्र बडाईक, शुभम मिंज, शैलेश कुमार, मुक्तेश्वर राम, मनीश कुमार, झारखंड राज्य खाद निगम से सोनू वर्मा, अनुज टेटे के साथ तीनो प्रखंड के कम्प्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे।

## बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना



गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था और चाईबासा में मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सदर अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने की। इस दौरान वक्ताओं ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पदत्याग की मांग की। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा कि यह धरना राज्य की निकम्मी सरकार के खिलाफ भाजपा का विरोध है। वहीं, निर्मल गोयल ने कहा कि गुमला अस्पताल में मामूली समस्या पर भी मरीजों को रांची रेफर किया जा रहा है। भाजयुमो अध्यक्ष संदीप कुमार ने मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। वहीं, अन्य वक्ताओं ने ब्लड बैंकों को सुचारू करने और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग की। मौके पर भाजपा के कई नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हड्डी और मस्तिष्क रोग के विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 8 नवंबर को गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। राज्य के प्रसिद्ध नस, हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार आठ नवंबर को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि समय पर पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## ननबैंकिंग कंपनियों में फंसे जमाकर्ताओं के भुगतान की मांग को लेकर हुई बैठक



पालकोट (आजाद सिपाही)। सहारा इंडिया, एपीलाइन, वेलफेयर और पल्स सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में फंसे जमाकर्ताओं के भुगतान की मांग को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले पालकोट में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इस्माइल नागेसिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की लापरवाही से अब तक जमाकर्ताओं को भुगतान नहीं मिला है। जब तक जमाकर्ता एकजुट होकर आंदोलन नहीं करेंगे, तब तक उनका पैसा वापस नहीं मिलेगा। उन्होंने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए बड़े आंदोलन की तैयारी का आह्वान किया। इस दौरान अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए नौ सदस्यीय टीम का गठन किया गया और 16 नवंबर को प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## भारत की जनगणना 2027 को लेकर तीन दिवसीय प्री-टेस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड सभागार में सोमवार को अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। जिसमें तीन दिवसीय प्री-टेस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से समझें और फील्ड कार्य में सटीकता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से जुड़े तकनीकी विषयों, मोबाइल ऐप आधारित डाटा संकलन प्रक्रिया तथा फील्ड सर्वेक्षण की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन

घाघरा (आजाद सिपाही)। शिक्षा विभाग की ओर से चल रही तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का सोमवार को समापन हुआ। यह प्रदर्शनी प्लस 2 उच्च विद्यालय घाघरा परिसर में आयोजित की गई थी। इस दौरान क्षेत्र के कुल 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कई विज्ञान मॉडल देखा। बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने जानकारी दी कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों, मॉडलों और नवीन तकनीकों के बारे में सीखने का अवसर मिला। कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है और वे नवाचार की दिशा में प्रेरित होते हैं।

# फील्ड विजिट पर रहने वाले कर्मचारी अपने वरीय को भेजेंगे लाइव लोकेशन

## बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के रोके जायेंगे वेतन

**- डीसी का सराहनीय फैसला: ऑफिस से गायब कई अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** फील्ड विजिट पर रहने वाले कर्मियों को फिल्ड पर जाने के पहले उसकी सूचना एवं फिल्ड पर पहुंचने के बाद अपना लाइव लोकेशन अपने वरीय अधिकारी-पदाधिकारियों को देना होगा। यह आदेश डीसी प्रेरणा दीक्षित ने दी। वें सोमवार को समाहरणालय भवन स्थित कार्यालयों के औचक निरीक्षण कर रही थीं।



समाहरणालय भवन स्थित कार्यालयों कानिरीक्षण कर ती डीसी प्रेरणा दीक्षित।

### अनुशासन, समय पालन, कार्य के प्रति समर्पण ही सुचारू प्रशासनिक व्यवस्था की पहचान : डीसी

डीसी ने समाहरणालय भवन के प्रत्येक कार्यालय कर्मियों के कार्यकलापों एवं कर्मियों की कार्यशैली का अवलोकन किया। कहा कि कार्यालयीन अनुशासन, समयपालन एवं कार्य के प्रति समर्पण ही सुचारू प्रशासनिक व्यवस्था की पहचान है, जिसे सभी को बनाए रखना चाहिए।

इस निरीक्षण के क्रम में डीसी ने खुद प्रत्येक कार्यालय में जाकर वहां कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की एवं उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

### आम जनों ने डीसी के इस कदम को सराहा

उधर, आम जनों ने डीसी के इस कदम की सराहना की। उधर,

### अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने का दिया निर्देश

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित एवं कार्यालयीन कार्य में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का भी निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और कार्यालय की मर्यादा एवं नियमों का सख्ती से पालन करें। कहा कि लापरवाही या अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के वेतन रोकने का भी निर्देश दिया गया।

# बसों की हड़ताल चौथे दिन समाप्त दोनों बस पड़ाव से चलेंगी बसें

## प्रशासन की शर्त : पहले दोनों बस पड़ाव से शुरू करें बसों का परिचालन, तब होगी सुधार पर वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बस ऑनर एसोसिएशन की ओर से अपनी मांगों को लेकर विगत चार दिनों से लगातार जारी आंदोलन (चक्का जाम) को सोमवार को सकारात्मक वार्ता के बाद समाप्त करने की घोषणा की गयी। मंगलवार से ललित उरांव बस पड़ाव और दूंदुरिया स्थित पुराना बस डिपो (दोनों स्थानों) से बसों का परिचालन शुरू हो जायेगा।



### विधायक और सांसद से भी की गयी चर्चा

एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर वह अब भी अडिग हैं। उनकी वार्ता विधायक और संसद से भी हो रही है। लेकिन शाम छह बजे तक एसोसिएशन किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रहा था।

### दिन भर चली वार्ता और अटकलों का सिलसिला

सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से कई दौर की वार्ता हुई। इस दिन दोपहर 12 बजे एसोसिएशन और डीटीओ एवं एसडीओ के बीच करीब दो घंटे तक वार्ता चली लेकिन बात नहीं बनी। नौबत यहां तक पहुंच गयी कि एसोसिएशन के पदाधिकारी नाराज होकर समाहरणालय से लौट आए। इसके बाद शाम छह बजे तक की स्थिति यह थी कि शायद बसों की हड़ताल अगले दिन भी बरकार रहे।

### शाम सात बजे के बाद बनी सहमति

बताया गया कि शाम सात बजे एक बार फिर एसडीओ के साथ वार्ता हुई। एसडीओ ने यह शर्त रखी की पहले बसों का परिचालन सुचारू करें। ललित उरांव बस पड़ाव से बसें चलना शुरू करें, और डीसी के आदेश अनुसार दूंदुरिया स्थित पुराना बस डिपो से लोहरदगा रूट की बसों का परिचालन शुरू की जाए। इसके बाद इस संबंध में सुधार और सुझाव से संबंधित वार्ता की जाएगी। उनकी इसी वार्ता पर अमल करते हुए बस ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने चक्का जाम खत्म करने की घोषणा कर दी।

## नदी से व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ईचा जरिया नदी से सोमवार को 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया। उसकी पहचान धरमु उरांव के रूप में हुई है। वह घाघरा के इचा हाटाटोली का रहने वाला था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। इस बाबत मृतक की पत्नी जीरा देवी ने बताया कि उसके पति रविवार की शाम छह बजे घर से एक अन्य व्यक्ति को उसके घर इचा पहुंचाने की बात कहकर साथ में निकले थे। उसके बाद घर नहीं लौटे। चिंता होने पर खोजबीन की गई। इस बीच ग्रामीणों ने जरिया नदी में एक व्यक्ति का शव होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर शव की पहचान धरमु के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टं रिपोर्ट आने के बाद स्थिति कुछ स्पष्ट हो सकेगी।

## पुग्गू हवाई अड्डा के पास चला वाहन जांच अभियान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** साप्ताहिक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को पुग्गू हवाई अड्डा के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल और अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज ने किया। इस दौरान तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, नशे में ड्राइविंग से बचने आदि की अपील की गयी।

# यीशु के 2025वें जयंती वर्ष पर चैनपुर पल्ली पहुंची जुबली क्रूस आशा की तीर्थ यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता


**चैनपुर।** प्रभु यीशु की 2025वीं जयंती वर्ष पर सोमवार की दोपहर एक बजे जुबली क्रूस आशा तीर्थ यात्रा चैनपुर के पाली पहुंचा, जिसका भव्य स्वागत किया गया। यह जुबली क्रूस जमार्ना पारिस से लेकर धर्मवलंबी चैनपुर सीमा शंख नदी तक पहुंची, जहां जुबली क्रूस के आगमन के स्वागत में पहले से पहुंचे चैनपुर पल्ली के धमार्लंबियों ने फादर पवन लकड़ा की अगुवाई में स्वागत किया। इसके बाद जुबली क्रूस के साथ आशा की तीर्थ यात्रा चर्च की ओर प्रस्थान कर गया। इस बीच बारवे हाई स्कूल के पास फादर राजेंद्र तिर्की, फादर सीरिल फादर जुवेल धर्मबहने एवं बच्चों ने जुबली क्रूस की पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं आरती कर आशीष और कृपा पाया। फादर पवन ने बताया कि प्रभु यीशु की जयंती वर्ष पर जुबली क्रूस की यात्रा आशा के तीर्थ यात्रा के साथ 26 अक्टूबर को महागिरजाघर से निकली थी, जो कई पल्लियों से होते हुए सोमवार को चैनपुर पल्ली पहुंची है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

## गुमला सुंडी समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सुड़ी समाज की आवश्यक बैठक सोमवार को समाज के अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य दो परिवारों के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवाद का निपटारा करना था। साथ में समाज के कुछ आवश्यक विषय पर चर्चा भी चर्चा की गयी। आवेदक बसिया प्रखंड के सरूडा ग्राम निवासी रामलाल साहू पुत्री शांति देवी और लड़का पक्ष गुमला के ग्राम अरमई निवासी संजय साहू पुत्र विष्णु साहू के बीच का विवाद था। दोनों का विवाह 15 वर्ष पहले हो चुका है। उनके दो पुत्र (एक 11 वर्ष और दूसरा 8 वर्ष) हैं। लेकिन आपस की घरेलू विवाद के कारण कुछ दिनों से अलग-अलग रह रहे थे। सुड़ी समाज में उपस्थित सभी पदाधिकारी के संयुक्त प्रयास से दोनों परिवार पुनः साथ जीवन जीने के लिए सहमत हो गया और भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं होगे का वचन दिया। इसके बाद समाज के धर्मशाला के किराया के बारे में भी चर्चा की गयी। इसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि पूरा धर्मशाला पांच रूम, हॉल और किचन समाज के लिए 21 हजार, अन्य के लिए 31 हजार, हॉल के लिए 10 हजार, सिंगल रूम एक हजार, कॉमन रूम तीन रुपया लिया जाएगा। इसके अलावे शादी विवाह पर जमानत राशि 2500 रुपये वसूल की जाएगी। इसके अलावा कई अन्य जरूरी निर्णय भी लिये गये। इस मौके पर बद्री कुमार गुलशन, तपस कुमार लाल, महावीर प्रसाद साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू, मोहन साहू, शिवप्रसाद साहू, रविंद्र नाथ साहू, सूरज कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, कैलाश प्रसाद, संदीप प्रसाद, मनोज प्रसाद, संजय कुमार, प्रमोद साहू, बसंत साहू, खुशबू कुमारी, मुकेश कुमार साहू, अमर कुमार, वरुण कुमार, सुधीर कुमार, राजेंद्र प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद और अनिल प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

## मिशन बदलाव मजदूरों के हक- अधिकार के लिए आंदोलनरत है : सय्यदा खातून



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव की जिला सचिव सय्यदा खातून ने श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच मजदूरों की समस्याओं और उनके अधिकारों पर चर्चा हुई। श्रम अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मजदूरों से संबंधित सभी मामलों को तुरंत संज्ञान में लेकर सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें लाभ मिल सके। कहा कि जिन श्रमिक कार्ड धारकों को लाभ नहीं मिला है, वे ऑनलाइन आवेदन कर हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करें। साथ ही मजदूरों को श्रम कार्ड बनवाने एवं पलायन से पहले पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की। वहीं, सय्यदा खातून ने बताया कि मिशन बदलाव लगातार मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। गायब हो रहे मजदूरों के मामलों पर भी टीम की ओर से श्रम मंत्रालय को पत्राचार किया जा रहा है।

## मासिक गुरु गोष्ठी में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, दिये गये निर्देश

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बीपीओ अनुपम कुमार की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिसमें कहा गया कि जो विद्यालय ई कल्याण पोर्टल के माध्यम से दो दिनों के भीतर पंजीकरण नहीं करेंगें, वैसे विद्यालय के शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि कक्षा एक से 12 तक के सभी परीक्षाफल और पोषक की रिपोर्ट भी ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करने होंगें। इसके साथ ही सी ब्लू एसएन बच्चों की उपस्थिति रिपोर्ट दो-तीन दिनों के अंदर जमा करने को कहा गया।


झारखण्ड सरकार

कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)

कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग

(राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के लाभ हेतु आम –सूचना)

Ph No : 06546 – 291453 Email – dho.hazaribag@gmail.com

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या – 49 दिनांक 15.10.2024 एवं निदेशक राज्य बागवानी मिशन, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 112 दिनांक 31.10.2025 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक / स्वयं सहायता समूह / कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति / सखी मण्डल जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है, वे अपना आवेदन स्थानीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर दिनांक 17.11.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग में जमा कर सकते है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0 / इकाई / संख्या में)

| क्रम सं0 | Component | Unit | भौतिक लक्ष्य जिला – हजारीबाग | भौतिक लक्ष्य जिला – रामगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Strawberry (without drip Integration) | ha | 4 | 4 |
| 02 | Dragoan Fruit (without drip Integration) | ha | 4 | 4 |
| 03 | Banana ( By Suckers) - without Integration | ha. | 4 | 4 |
| 04 | Banana (By Tissue Culture) - without Integration | ha | 4 | 4 |
| 05 | Papaya - without Integration | ha | 6 | 6 |
| 06 | Mango | ha. | 4 | 4 |
| 07 | Guava | ha. | 4 | 4 |
| 08 | Litchi | ha. | 4 | 4 |
| 09 | Lime | ha. | 4 | 4 |
| 10 | Aonla | ha. | 2 | 2 |
| 11 | Bael | ha | 2 | 2 |
| 12 | Jack fruit | ha | 4 | 4 |
| 13 | Vegetable Hybrid | ha. | 35 | 35 |
| 14 | Onion and Garlic in open pollinated | ha. | 4 | 4 |
| 15 | Cut Flowers ( Rose, Gerbera, Tuberose, Gladiolus etc.) | ha. | 5 | 5 |
| 16 | Bulbulous and Rizomatic Flowers (Gladiolus, Lily, Dasy, etc.) | ha. | 5 | 5 |
| 17 | Losse Flowers ( Chrysanthemum, Jasmine, Marie gold etc.) | ha. | 5 | 5 |
| 18 | Rhizomatic and bulbous Spices | ha. | 15 | 15 |
| 19 | Low Cost / Small Scale mushroom production Unit | Nos. | 2 | 2 |
| 20 | Rejuvenation replacement of senile plantation including canopy management | ha. | 4 | 4 |
| 21 | Poly houe / Hybrid / Returnable Structures | Sqm. | 2000 | 2000 |
| 22 | Shade Net/Agro Textile Net House | Sqm. | 4000 | 2500 |
| 23 | Anti Bird/ Anti Hail Nets | Sqm | 11000 | 10000 |
| 24 | Cost of planting material of high value vegetable grown in poly house/ shadenet house | Sqm | 4000 | 2500 |
| 25 | Cost of planting material & Cultination of carnation & Gerbera under poly house& shadenet house | Sqm | 1000 | 1000 |
| 26 | Cost of planting material & Cultination of rose and lilum under poly house/ shadenet house | Sqm | 1000 | 1000 |
| 27 | Plastic Mulching / Jute / Agro Textile any other biodegradable Material | Ha. | 45 | 45 |
| 28 | Hydroponics & Aeroponics | Sqm. | 1000 | 1000 |
| 29 | Promotion of INM/IPM | ha. | 200 | 200 |
| 30 | Organic Farming Vermi compost units/organic input production HDPE Vermibed | nos. | 200 | 200 |
| 31 | Training of farmers within the state | nos. | 200 | 200 |
| 32 | Training of farmers Outside the state | nos. | 80 | 80 |
| 33 | Pusa Zero energy Cool Chamber (100Kg.) | nos. | 200 | 200 |
| 34 | Solar Crop Dryer (With 24 Hrs Backup)- General Areas | nos. | 12 | 10 |
| 35 | Static/Mobile venting cart / platform with cool chamber | nos. | 2 | 2 |

1. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
2. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अल्पसंख्यक / महिला / दिव्यांग / लधु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
3. जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबागा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकताा है।
4. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
5. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र / कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग–सह–रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग / रामगढ़

PR 365126 Agriculture(25-26)#D

## पिठाक्यारी में घर से युवती का मोबाइल चोरी

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। बीते कुछ दिनों से निरसा अनुमंडल क्षेत्र में चोर उचक्कों एवं अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है प्रशासन को खुलेआम चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे है और प्रशासन भी कहीं न कहीं मामलों का उदभेदन करने में विफल साबित हो रहा है। ताजा मामला निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिठाक्यारी का है जहां निरसा प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास के घर से मोबाइल फोन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रखंड प्रमुख ने इस संबंध में निरसा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मिली जानकारी अनुसार, घटना 2 नवंबर के दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब प्रखंड प्रमुख अपने घर पर कार्य में व्यस्त थीं। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन घर के मुख्य द्वार के अंदर बिछी चौकी से अचानक गायब हो गया। इस बीच एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आयी है, जिसमें एक युवक को प्रखंड प्रमुख के घर में घुसते और कुछ सेकेंड बाद बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है।

# मुखिया पति फायरिंग मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा/ कतरास।** बाघमारा पुलिस ने अपनी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति शंकर बेलदार पर हुए फायरिंग कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस वारदात के मास्टरमाइंड विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशू को पुलिस ने बोकारो से गिरफ्तार कर लिया है।

**25 अगस्त को हुई थी जानलेवा फायरिंग, दो गोलियां लगी थीं मुखिया पति को :** ज्ञात हो कि 25 अगस्त को शंकर बेलदार पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया था, जिसमें उन्हें दो गोलियां लगीं थीं और वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के बाद से पुलिस लगातार अपराधियों की तलाश में लगी हुई थी।



**कई आपराधिक मामलों में लिप्त है विशू चक्रवर्ती**
प्रेस वार्ता में एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि विश्वजीत चक्रवर्ती पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

**एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम की दबिश कार्रवाई :** एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो में छापेमारी कर आरोपी विशू को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। आमजन ने बाघमारा पुलिस की तत्परता और दक्षता की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। पुलिस की इस सफलता ने न केवल अपराधियों के मनोबल को तोड़ा है, बल्कि कानून व्यवस्था पर आमजन के भरोसे को भी नई मजबूती दी है।

## बीएसएल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बोकारो निवास के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद थे। बीएसएल एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल नौ अधिकारियों को एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में बीएसएल के ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक, प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक, चंदन कुमार, सहायक महाप्रबंधक, राकेश कुमार बेलपुरी, सहायक महाप्रबंधक, सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक (एचआरसीएफ), राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक (एसएमएस एवं सीसीएस), आभा कुमारी, वरीय प्रबंधक (टेक्निकल सेल), आयुष केडिया, उप प्रबंधक (एफएंडए) एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के प्रदीप कुमार जायसवाल, प्रबंधक (केआईओएम) शामिल हैं।

## राजगंज में आधे दाम पर किसानों को मिलेगा गेहूं, बीज वितरण केंद्र का उद्घाटन



राजगंज (आजाद सिपाही)। सोमवार को किसानों के हित में झारखंड सरकार की फसल विस्तार योजना के तहत आधे दाम पर उत्तम किस्म के गेहूं बीज वितरण केंद्र का उद्घाटन सोमवार को राजगंज के प्रमुख बीज थोक विक्रेता हरा हरियाली बीज भंडार में किया गया। उद्घाटन के अवसर पर माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो और जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि झारखंड सरकार की इस योजना के तहत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज आधे मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले यह सुविधा केवल विभिन्न पैक्स के माध्यम से दी जाती थी, जिससे सीमित क्षेत्र के किसान ही लाभ उठा पाते थे। लेकिन इस बार धनबाद जिले के पांच अधिकृत थोक बीज विक्रेताओं को भी वितरण केंद्र बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विधायक मथुरा महतो ने कहा कि किसानों को आधी कीमत पर उत्तम किस्म का बीज उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है, लेकिन इसकी प्रक्रिया को और सरल बनाया जाना चाहिए ताकि अधिक किसान इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि इस योजना के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान इन केंद्रों पर पहुंचकर बीज प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो, प्रमोद चौरसिया, मुखिया वंदना देवी, मनोज कुमार महतो, बाबूलाल महतो, भोला महतो, पंचायत प्रतिनिधि उर्मिला साव, गोविंद महतो, शनिचर टुडू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुसलमानों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे झारखंड बनने के 25 वर्षों बाद भी हल नहीं हुए : एस अली




धनबाद (आजाद सिपाही)। मुस्लिम समुदाय के न्याय, अधिकार, मदरसा डिग्री एवं उर्दू से जुड़े मामलों को लेकर तोपचांची प्रखंड के भुईयां चितरो में मुस्लिम फ्रंट धनबाद द्वारा महाबैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता अजमूल अंसारी और संचालन अजमत अंसारी ने किया। मुख्या अतिथि आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को संयुक्त बिहार में प्राप्त अधिकारों को झारखंड में छीना जा रहा है। आलिम–फाजिल डिग्री की मान्यता शिक्षा विभाग समाप्त करने पर तुला है। जबकि रांची विश्विद्यालय से आलिम –फाजिल की परीक्षा आयोजित कराने का मामला वर्ष 2017 से सरकार के पास लंबित है, सहायक आचार्य बहाली में शामिल आलिम डिग्री वालों का रिजल्ट पेंडिंग कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को झारखंड का 26 साल हो जायेगा लेकिन अलग राज्य आंदोलन में शामिल झारखंडी मुस्लिम को संवैधानिक अधिकार नही मिला। राज्य सरकार 15 नवंबर तक मसलों को हल करें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा। मुफ्ती अब्दुल हय, मौलान अकरम कासमी, मौलान फजलूल कदीर ने कहा कि मुस्लमानों के समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नही हुई अब समाज को संगठित होकर लोकतांत्रिक आंदोलन करना होगा। महाबैठक में मौलान मोबिन रिजवी, मो कफील उर रहमान, मौलान उसीउल्लाह, मौलाना अमजद, मौलाना खुर्शीद नदवी, मुफ्ती सैफुल्लाह कासमी, मौलाना कासमी जमाली, मौलान फजलूल कदीर, डां सैफुल्लाह खालिद, प्रो इसराइल, अधिवक्ता ऐनुल हक, रूस्तम अंसारी, मो पीर बख्श, गुलाम फुस्तफा, मो इरफान अंसारी, अमीन अकेला, आमया संगठन के जियाउद्दीन अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, मो मोहसिन हव्वारी, एहसास जमील, जुनैद आलम, मुमताज अंसारी, कुरैस अंसारी सहित अन्य ने संबोधित किया।

## नकली पिस्तौल से भय दिखाने वाले युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के मंडरो बाजार में एक अजीबो-गरीब घटना सामने आयी है। यहां तीन युवक एक होटल में खाना खाकर बिना पैसे दिये भाग निकले। जब होटल संचालक उन्हें खोजते हुए मंडरो बाजार पहुंचे, तो उनमें से एक युवक ने नकली पिस्टल दिखाकर डराने की कोशिश की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए उस युवक को पकड़ लिया और तुरंत हीरोडीह थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी महेश चंद्र दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि युवक के पास जो हथियार था, वह असली नहीं बल्कि प्लास्टिक की एयर गन थी। फिलहाल पुलिस ने युवक से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके दो अन्य फरार साथियों की तलाश की जा रही है ।

# गुरु नानक देव की जयंती पर निरसा में निकाली प्रभातफेरी, शबद-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 556वीं जयंती के अवसर पर निरसा समूह संगत द्वारा सिख समाज की ओर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी, पूरे निरसा की चौक चौराहा 'वाहे गुरु' के जयघोष और शबद-कीर्तन से गूंज उठी इस अवसर पर हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सिख संगतें निरसा गुरुद्वारा में एकत्र हुईं और हाथों में निशान साहिब लिए प्रभात फेरी की शुरूआत की, प्रभात फेरी निरसा के गुरुद्वारा से निरसा कांटा तक गया उसके बाद वापस गुरुद्वारा पहुंचा, समूह संगत गुरुद्वारा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और गुरु नानक देव के उपदेशों को याद किया, पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का कीर्तन किया, सतनाम वाहे गुरु का उच्चारण करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। निरसा गुरुद्वारा परिसर में



पहुंचने के बाद अखंड पाठ साहिब का आरंभ हुआ और संगतों ने गुरु वाणी का रसपान किया, श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव के संदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। आपको बता दें कि प्रकाश पर्व हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है और इस बार 5 नंबर को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाएगा, क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का अवतरण हुआ था प्रकाश पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गुरु के विचारों, समानता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्य सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रभात फेरी का उद्देश्य समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देना है। गुरु नानक देव ने अपने जीवन में जात-पात, भेदभाव और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठायी थी, उन्होंने 'निरंकार ईश्वर एक है' का संदेश दिया और 'नाम जपो, कीर्तन करो, वंड छको' के सिद्धांत को जीवन का आधार बताया। निरसा में सिख समाज की यह प्रभात फेरी केवल श्रद्धा का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज में समरसता और सद्भाव का जीवंत उदाहरण बन गयी।

## अक्टूबर में एसएनएमएमसीएच पहुंचे 2878 मरीज आधे से ज्यादा पालतू कुत्ते के काटने के शिकार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) केंद्र में इन दिनों मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब खतरा सिर्फ सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों से नहीं, बल्कि घर के पालतू कुत्तों से भी बढ़ रहा है। अक्टूबर माह के आंकड़ों पर नजर डालें तो पूरे माह में 2878 लोग कुत्ते के काटने के बाद इंजेक्शन लेने एआरवी केंद्र पहुंचे। इनमें से 1628 मरीजों को उनके अपने ही पालतू कुत्तों ने काटा, जबकि 1250 मरीज आवारा कुत्तों के हमले का शिकार बने। यह आंकड़ा पालतू जानवरों के प्रति बढ़ती लापरवाही की ओर इशारा करता है। रोजाना 100 मरीज पहुंच रहे एआरवी सेंटर एआरवी विभाग के कर्मियों के अनुसार अस्पताल में औसतन रोज 80 से 100 लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लेने पहुंच रहे हैं। इनमें आधे से ज्यादा मरीज पालतू कुत्ते के काटने से जख्मी हुए थे। बताया कि कई लोग यह सोचकर इंजेक्शन नहीं लगवाते हैं कि कुत्ता घर का है, लेकिन यही सोच जानलेवा साबित हो सकती है। रैबीज संक्रमण में एक बार बीमारी बढ़ गयी, तो कोई इलाज संभव नहीं रहता। नियमित टीकाकरण व प्रशिक्षण के बिना आक्रमक हो रहे पालतू कुत्ते विशेषज्ञ बताते हैं कि अब शहरी परिवारों में पालतू कुत्ते पालने का चलन तो बढ़ गया है, लेकिन कुत्तों का नियमित टीकाकरण और प्रशिक्षण नहीं होने के से वे चिड़चिड़े और आक्रामक हो जाते है। कई बार बच्चे खेलते समय या खाना खाते वक्त उन्हें परेशान कर देते हैं, जिससे वे उन्हें काट लेते हैं। अक्तूबर में एसएनएमएमसीएच में दर्ज अधिकांश मामलों में कुत्तों ने अपने ही मालिकों या परिवार के सदस्यों को काटा है।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
CORRIGENDUM - 3
Name of Work: Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand
Ref PR No.: 363006
Tender ID: 2025_UDD_105261_1
NIT No.: JUIDCO/NIT/EMP/OnM/SL/2025-665
Corrigendum – 3 for the tender "Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand" has been published on the Government of Jharkhand's e-procurement website.
All bidders are requested to review it before submitting their bids.
Sd/-
(B K Roy)
Project Director (Technical)
PR 365190 Urban Development (25-26)D


## बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन




बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल में विगत 27 अक्टूबर से सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम पर मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह 3 नवंबर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा के साथ अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) तथा एसीवीओ ज्ञानेश झा, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अन्य वरीय अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा सतर्कता सप्ताह के दौरान आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा ने सभी को सतर्कता शपथ दिलायी तथा सतर्कता जागरूकता के सफल आयोजन के लिए सतर्कता विभाग की सराहना की और कहा कि सभी स्टेक होल्डर्स और जन सामान्य को सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के अभियान से जोड़कर ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना और राष्ट्र की समृद्धि को साकार किया जा सकता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जिप अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूर्वी टुंडी/ धनबाद।** जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने सोमवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गढ़रघुनाथपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएं और खामियां सामने आयी। निरीक्षण के समय पाया गया कि केंद्र में एचआईवी जांच किट उपलब्ध नहीं थी, जिससे आवश्यक जांच कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं, कई स्वास्थ्य कर्मी जिनका तबादला पहले ही हो चुका है, वे अब भी आदेशों की अवहेलना करते हुए कार्यरत पाये गये। श्रीमती सिंह ने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल




सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे, जिन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में शीघ्र सुधार की मांग की।

## बांसजोड़ा में युवक ने लगायी फांसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र की बांसजोड़ा बस्ती निवासी दिहाड़ी मजदूर पप्पू रवानी (36) ने रविवार तड़के अपने घर में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तो लोयाबाद पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। बताया जाता है कि पप्पू मजदूरी करता था और उसकी एक बेटी भी है। उसकी पत्नी बेटी को लेकर मायके गयी थी। पप्पू घर में अकेले था. रविवार की सुबह काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला, तो परिवार वालों ने उसकी खोज खबर ली। पता चला कि घर के अंदर उसने फांसी लगा ली है। आत्महत्या से पहले उसने घर की दीवार पर कुछ लिखा भी था।


झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।
भर्त्ती कैम्प, दिनांक – 07.11.2025
सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 07.11.2025 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग में 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S.N | Name of the Establishment | Name of Vacancies (post) | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age in Years | Pay/Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AB India Super Services Saraikela Kharsawan Adityapur Jharkhand | Hotel Industries Staff | 50 | Matric / Inter | Fresher | 18 - 29 | 6000 - 15000 | Jharkhand/orissa/west Bangal |
| | | Cutting Machine Operator | 10 | ITI | No | 20 - 45 | 14000 | Jamshedpur |
| | | Data Entry Operator | 25 | 10 + 2 | No | 18 - 45 | 8000 | Hazaribagh |
| | | Computer Operator | 25 | 10 + 2 + 3 | Fresher | 18 - 45 | 10000 | Hazaribagh |
| | | Tellecaller | 10 | 10 + 2 | Fresher | 18 - 45 | 6000 | Hazaribagh |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI / Diploma | Fresher | 18 - 23 | 11000 | Jamshedpur |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | Fresher | 18 - 45 | 10000 | Hazaribagh |
| | | Field Executive | 10 | Matric | Fresher | 18 - 45 | 10000 | Hazaribagh |
| | | Project Trainer | 2 | MBA / B. Tech | 6 months | 20 - 40 | 12000 | Hazaribagh |
| | | Helper | 30 | Non Matric | 6 months | 18 - 45 | 12000 | orisha |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduate | Fresher | 23 - 45 | 12000 | Jharkhand / orissa |
| | | Tele Sales Executive | 10 | 10 + 2 | 6 months | 20 - 35 | 10000 | Hazaribagh |
| | | Running Scott Staff | 25 | Matric | | 18 - 45 | 12000 | Orisha |
| | | Sale Executive | 10 | Inter | Fresher | 18 - 45 | 12000 | Hazaribagh |
| | | Panchayat Cordinator | 25 | Graduate | 1 Year | 20 - 45 | 13500 | Hazaribagh |
| | | Field Surveyor | 15 | 10 + 2 | 1 Year | 20- 30 | 10000 | Jamshedpur |
| | | IT Executive | 1 | B tech – cs / it | Fresher | 20 - 30 | 15000 | Jamshedpur |
| | | Office Administrator | 1 | MBA | Field Exp | 18 - 50 | 15000 | Jamshedpur |
| | | AC Coach Attendar | 20 | 10 + 2 | Fresher | 19 - 45 | 12000 | PAN India |
| | | Field Supervisor | 5 | Graduate | | 20 - 45 | 15000 | Jamshedpur |
| | | HR Recrutter | 5 | MBA | | | 10000 | Jamshedpur |
| 2 | Freedom Employability Academy | Teacher | 20 | Graduation | Fresher | 18-45 | 14500 | Chatra |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला/भर्त्ती में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों, अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।
PR 365165 Labour Employment and Traning(25-26)D


# जूडो प्रतियोगिता के लिए एमजीएम स्कूल के 14 विद्यार्थी चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बेहतर प्रदर्शन के आधार पर एमजीएम हायर सेकंड्री स्कूल बोकारो के 14 विद्यार्थी राष्ट्रीय स्कूल गेम्स एसजीएफआई जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। झारखंड शिक्षा विभाग की ओर से गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में विगत 12 अक्टूबर को आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय ओपन जूडो चयन प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल के इन 14 विद्यार्थियों ने अपने वर्ग में पहला स्थान हासिल किया था। जिसके बाद बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्कूल गेम्स एसजीएफआइ जूडो प्रतियोगिता



के लिए किया गया। स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि अंडर 14 आयु बालिका वर्ग में अंशु कुमार, सत्यम केसरी, अमन कुमार, अंडर 14 बालिका वर्ग में स्पर्श राज जनवरी में श्री गंगा नगर राजस्थान में होने वाले राष्ट्रीय एसजीएफआई जूडो प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। अंडर 17 बालक वर्ग में राजवीर सिंह, सिद्धार्थ कुमार, मयंक सोनी व अंडर 17 बालिका वर्ग में सुरभि कुमारी व प्रियदर्शनी सिंह नवंबर में इंफाल, मणिपुर में होने वाले राष्ट्रीय एसजीएफआई जूडो प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरेंगे। अंडर 19 बालक वर्ग में ऋतुराज, जयंत कुमार, आयुष कुमार एवं अंडर 19 बालिका वर्ग में आयुषी सिंह और आस्था पांडेय जनवरी में दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय एसजीएफआइ जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए बेहतर सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराया गया है। प्रशिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी नियमित रुप से खेलकूद का प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एसजीएफआइ जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, प्रशिक्षक राजीव सिंह, मीनाक्षी कुमारी, मोहसिन, सौरभ, वंदना कुमारी आदि उपस्थित थे।

# 'भारत के हम परिंदे, आसमां है हद हमारी'

## भारत की विश्वविजय कुरुक्षेत्र के सूत्र 'युध्यस्व...' की जीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** आज परमानंद के लम्हों की अनुभूति और इसकी व्याख्या करने के लिए अखिल ब्रह्मांड के शब्दकोष भी कम पड़ रहे हैं। दरअसल, सरजमीं-ए-हिंद की शान में अल्लामा इकबाल ने एक सदी से भी अधिक पहले लिखा था- सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा... आज भारत की पराक्रमी बेटियों ने इसे चरितार्थ कर दिखाया। चैंपियन बेटियों के साथ पूरा देश झूम रहा है। महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के साथ-साथ आज हर-मन की आस पूरी हुई है।

**जीवन में जीत के संकल्प को सिद्ध कर दिखाने वाली विभूतियां :** इस ऐतिहासिक अवसर पर मुबारकबाद देना चाहिए जीवन में जीत के संकल्प को सिद्ध कर दिखाने वाली उन विभूतियों को, टीम इंडिया में शामिल हर एक शख्स को, जिन्होंने न केवल अपने कौशल से अमिट छाप छोड़ी है, बल्कि इन्होंने अपनी जन्मभूमि को भी गौरवान्वित किया है।

**मां भारती के भाल पर बेटियों ने 52 साल के बाद विश्व विजय का विजय तिलक किया :** 52 साल बाद 52 रनों की जीत ने इस खेल की दुनिया में भगवान का दर्जा पा चुके सचिन तेंदुलकर के कथनों को भी चरितार्थ किया है। ह्य22 गज के रंगमंचह्न पर महज 16 साल की आयु में पदार्पण करने वाले सचिन ने 24 साल तक पूरी दुनिया में भारत का परचम लहराया। 2-3 नवंबर की दरम्यानी रात महाराष्ट्र के नवी मुंबई में दीप्ति शर्मा ने जैसे ही दक्षिण अफ्रीका की 10वें बल्लेबाज को आउट किया, एक पल के लिए ऐसा एहसास हुआ मानो मां भारती के भाल पर बेटियों ने 52 साल के बाद विश्व विजय का विजय तिलक किया हो... इस अद्वितीय क्षण के साक्षी खुद सचिन भी बने।

**सपनों का पीछा करो, वे सच होते हैं :** दरअसल, आज पूरा विश्व भारत की बेटियों के कौशल का सराहना कर रहा है। क्रिकेट की पिच को नमन करते हुए जब मास्टर ब्लास्टर सचिन ने पेशेवर क्रिकेट को अलविदा कहा था, तो उन्होंने युवाओं को संदेश दिया था, अपने सपनों का पीछा करो, वे सच होते ही हैं। ये भी क्या गजब संयोग है कि 2013 में सचिन की रिटायरमेंट का महीना भी नवंबर ही था।

**पराक्रमी चैंपियन... और कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण का संदेश**

इस मौके पर कहना गलत नहीं होगा कि कुरुक्षेत्र में अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता सुनाते हुए श्रीकृष्ण ने जो संदेश दिया, जाने-अनजाने तमाम पराक्रमी चैंपियन उसे भी चरितार्थ करते हैं। गीता के तीसरे अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैः

मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा।

निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः।।

हर लड़ाई जीतने का फौलादी इरादा...

इस श्लोक में माधव निराशा को छोड़ कर युद्ध करने, यानी कर्म में रत रहने और परिणाम की परवाह न करने का संदेश दे रहे हैं। विश्वकप 2025 में टीम इंडिया के सफर को देखने पर ऐसा ही एहसास होता है कि भारत की बेटियों ने अपने संकल्प को सिद्ध करने के लिए हर लड़ाई जीतने का फौलादी इरादा कमजोर नहीं पड़ने दिया। शायद यही कारण है कि हार की हैट्रिक के बाद भी भारत ने शानदार वापसी की और पांच दशकों के बाद अभूतपूर्व विजयश्री के साथ मां-भारती की झोली भर दी।




**काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं**

आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियां भी याद आ रही हैं। टीम इंडिया ने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिखाया है कि जब संकल्प नया इतिहास बनाने का हो, तो नव अंकुर उगते ही हैं। शायद हार के मायूस क्षणों में अपने जज्बे को बनाये रखने के लिए भारतीय टीम ने वाजपेयी की उन पंक्तियों का भी सहारा लिया होगा, जहां वे किसी भी हाल में हार न मनाने का संकल्प लेते हैं। अपनी कविता गीत नया गाता हूं में वाजपेयी लिखते हैः

टूटे हुए तारों से फूटे वासंती स्वर

पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर

झरे सब पीले पात, कोयल की कुहुक रात

प्राची में अरुणिमा की रेख देख पाता हूं

गीत नया गाता हूं

टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी

अंतर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी

हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा

काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूं

गीत नया गाता हूं

**हम वही, जिसने समंदर की लहर पर बांध साधा**

जब कप्तान हरमनप्रीत विश्व विजेता टीम की तरफ से वर्ल्डकप ट्रॉफी लेने मंच पर पहुंचीं, तो ऐसा लगा, जैसे एशिया के परिंदे पूरी दुनिया के सामने इस बात का जयघोष कर रहे हों कि ह्यहमारी हद आसमां है...ह्न। इस दीप्तिमान क्षण में डॉ कुमार विश्वास की पंक्तियां भी याद आ रही हैं, जहां उन्होंने भारत के संकल्प को जिजीविषा को रेखांकित करते हुए लिखा हैः

**एशिया के हम परिंदे, आसमां है हद हमारी**

जानते हैं चांद सूरज, जिद हमारी जद हमारी

हम वही, जिसने समंदर की लहर पर बांध साधा

हम वही, जिनके लिए दिन रात की उपजी न बाधा

**शेरनियों की ऐतिहासिक विजय गाथा**

आज पूरा देश कप्तान हरमनप्रीत की अगुआई वाली टीम में शामिल शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत, ऋचा घोष और श्रीचरणी जैसी कई अन्य शेरनियों की ऐतिहासिक विजयगाथा सुनने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को सुना भी रहा हैः एशिया की पहली विश्व विजेता टीम भारत ने देश के भाल पर वर्ल्ड चैंपियन का तमगा सजाया है... भावनाओं के आवेग में अंत में बस इतनाः नारी तू नारायणी, इस जग का आधार।

## अद्भुत, अविस्मरणीय, अद्वितीय... भारत की बेटियां

लंबे अरसे बाद, शायद 10 बरस बाद कोई मैच पूरा देखा, देर रात तक। जी हां। महिला विश्व कप फाइनल। शानदार खेल, बेहतरीन जीत। महिला क्रिकेट इससे पहले कभी नहीं देखा था। तब भी नहीं, जब संध्या अग्रवाल और डायना एडुल्जी या अंजुम चोपड़ा खेलती थीं। महिला क्रिकेट क्या, पुरुष क्रिकेट में भी कभी उतनी रुचि नहीं ली। झूलन गोस्वामी और मिताली राज महिला क्रिकेट का पर्याय बनी। ज्यादा फिर भी नहीं देखा। दिवाली पर इंदौर में भारत और इंग्लैंड का मुकाबला हुआ। बाद में खबरों में पढ़ा कि इंग्लैंड की खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी हुई। तब थोड़ा अचरज हुआ। जानकारी ली, तो पता चला कि उस मैच में भारत हार गया था। फिर सेमीफाइनल का वो शानदार मैच। वही अपने आप में फाइनल से कम नहीं था। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम। 338 का विशाल स्कोर। मगर हमारी लड़कियों ने चमत्कार कर दिया। मुंबई की लड़की जेमिमा रॉड्रिग्ज, जो कल तक बहुतों के लिए अनजान थी, हर घर में पहचानी जाने लगी। उसकी मिट्टी सनी टी-शर्ट और अनायास बहते आंसू महिला शक्ति का नया प्रतीक बन गये। इन लड़कियों ने क्रिकेट में थोड़ी उत्सुकता जगायी।

स्मृति मंधाना, जेमिमा और हरमनप्रीत के मजबूत कंधों पर सवार टीम जब फाइनल में पहुंची, तो उम्मीदें आसमान पर थीं। जेमिमा के सेमीफाइनल वाले आंसू तो मुंबई के आसमान ने पहले ही बहा दिये। मैच दो घंटे देरी से शुरू हुआ। हम टॉस हारे, पर उम्मीद पूरी थी। नवी मुंबई का डीवाइ पाटिल स्टेडियम भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के हुजूम के कारण नीले समंदर की तरह नजर आ रहा था। अफ्रीकी लड़कियों ने हमें पहले बैटिंग करने को कहा।

शुरुआत बढ़िया रही। स्मृति और शेफाली की जोड़ी कमाल है। पर जब टूटी, तो फिर आगे वो बड़े स्कोर की उम्मीद भी टूटी। 300 पार नहीं जा पाये। 298 पर पारी थम गयी। पर हां, आखिरी ओवरों में ऋचा घोष की ताबड़तोड़ पारी ने वो रन दिये, जो जीत के लिए निर्णायक साबित हुए। पूरी पारी नहीं देख सका। फिर शुरू हुई दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग। लगा कि क्या पता, हमारी बेटियां रोक पायेंगी या नहीं। पर दीप्ति शर्मा हो, शेफाली वर्मा हो या श्री चरणी, शानदार गेंदबाजी की। अमनजोत ने क्या शानदार फील्डिंग की। हरमनप्रीत की कप्तानी, स्मृति मंधाना का अनुभव और दर्शकों का उत्साह, सब ने मिल कर ऐसा उजाला किया कि दुनिया की आंखें चौंधियां गयीं। मध्य रात्रि को नया सूरज निकला। इस अद्भुत मैच ने महिला क्रिकेट के नये अध्याय की शुरूआत की है। लंबा सफर तय कर यह लक्ष्य हासिल हुआ है। यह पीढ़ियों की मेहनत है। बहुत बधाई। शुभकामना।

### जबलपुर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक

# हर घर तक पहुंचेगा संघ का संदेश

- कल से तीन सप्ताह का गृह संपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जबलपुर।** जबलपुर में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक सफलता पूर्वक संपन्न हुई। देशभर के सभी प्रांतों से आए प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया। इसमें संघ के विविध कार्यों, संगठन की विस्तार योजना, राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं सामाजिक समरसता के विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

**श्रद्धांजलि अर्पण :** बैठक में देशभर की 207 दिवंगत विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इनमें झारखंड प्रांत के चार विशिष्ट व्यक्तित्व शामिल रहेः- 1. दिशोम गुरु नाम से विख्यात स्व. शिबू सोरेन (पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड) 2. स्व. चंद्रशेखर दुबेजी (ददई दुबे), 3. स्व. राजेश (बऊआजी, धनबाद), 4. स्व. सुधीर अग्रवाल (लोहरदगा)। इन महान विभूतियों के राष्ट्र, समाज एवं जनसेवा के प्रति योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया।

**विजयादशमी उत्सव 2025- व्यापक जनभागीदारी :** इस वर्ष देशभर में 62,555 स्थानों पर विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए। झारखंड प्रांत में 1783 स्थानों पर कुल 1879 विजयादशमी उत्सव सम्पन्न हुए, जिनमें 74,347 लोगों की उपस्थिति रही। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के 1,264 मंडलों में से 948 मंडलों में कार्यक्रम हुए। आस-पास के मंडलों के सम्मिलन से कुल 1,016 मंडलों का प्रतिनिधित्व 317 स्थानों पर हुआ। 31,678 स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे तथा 390 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए। यह कार्यक्रम झारखंड के सभी जिलों और अंचलों में आयोजित हुए, जिससे संघ के कार्य का व्यापक प्रसार एवं समाज की गहरी सहभागिता परिलक्षित हुई।



**धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा-150वीं जयंती वर्ष पर विशेष विवेचन :** बैठक में सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले जी ने अपने वक्तव्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडाजी की 150वीं जयंती पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के नायक नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की आत्मा के प्रतीक हैं - जिन्होंने स्वराज, स्वाभिमान, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए अल्पायु में ही अद्वितीय संघर्ष किया। अबुआ दिसुम, अबुआ राज (अपना देश, अपना राज) का उनका उद्घोष आज भी जन-जागरण का प्रेरक संदेश है। उन्होंने अंधविश्वास, अन्याय और पाखंड के विरुद्ध जनचेतना जगाई और समाज को एकता, आत्मनिर्भरता एवं धर्मनिष्ठा का मार्ग दिखाया। सरकार्यवाहजी ने कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन से आज के समाज को आत्मगौरव, एकात्मता और संगठन की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके विचार और कार्य पथ हमें स्वत्व बोध तथा स्वाभिमान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।

15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे देश में मनायी जाती है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत में अनेक कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संघ शताब्दी वर्ष (2025-26) को ध्यान में रखते हुए आगामी महीनों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में 5 नवंबर 2025 से तीन सप्ताह तक चलने वाला गृह संपर्क अभियान प्रारंभ होगा।

















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**